RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 347
फरीदाबाद, शनिवार, 29 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



कर्म और भाग्य की गतिशीलता

पेज - 11

**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 57,200 | ▼ 77 | |
| निफ्टी | 17,101 | ▼ 8.2 | |
| सोना | 47,777 | ▼ 423 | /10 gm |
| चांदी | 61,652 | ▼ 1105 | /kg |

**मौसम** फरीदाबाद

अधिकतम 19.00°C
न्यूनतम 07.00°C

## क्विक न्यूज

### गया में दुर्घटनाग्रस्त हुआ आर्मी का एयरक्राफ्ट

**गया।** आर्मी का एक माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट शुक्रवार सुबह बोध गया में क्रैश हो गया। वह सबदलह बिगहा गांव के खेत में गिरा, जिससे एयरक्राफ्ट का एक पहिया क्षतिग्रस्त हो गया। इसके क्रैश होने की वजह तकनीकी खराबी बताई जा रही है। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने न केवल इसमें सवार दो जवानों को सुरक्षित निकाला बल्कि मिलकर कंधे लगाए और एयरक्राफ्ट को सड़क तक पहुंचा दिया। इससे पहले एयरक्राफ्ट गिरते ही बड़ी संख्या में वहां पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही आर्मी के जवान मौके पर पहुंच गए। एक घंटे के भीतर ही एयरक्राफ्ट के सभी पार्ट को खोलकर ले गए।

### शाह शनिवार को मुजफ्फरनगर सहारनपुर में करेंगे प्रचार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कैराना और मथुरा के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब शनिवार को मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में घर-घर जाकर भाजपा के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे और प्रभावी मतदाता संवाद के कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। भाजपा की ओर से आधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी के मुताबिक शाह शनिवार को मुजफ्फरनगर के सदर विस क्षेत्र में करीब सवा 11 बजे प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और उसके बाद स्थानीय हनुमान चौक में घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

### किशोरों के लिए स्पुतनिक-एम टीका लाने की कोशिश

**हैदराबाद।** डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने शुक्रवार को कहा कि वह 12 से 18 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 रोधी रूसी टीका स्पुतनिक-एम लाने के सिलसिले में भारतीय औषधि नियामक के साथ बातचीत कर रही है। कंपनी की तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद संवाददाता सम्मेलन में डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रूस के एकल खुराक वाले कोविड-19 टीके स्पुतनिक लाइट के तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल डेटा नियामक को सौंप दिए हैं और मंजूरी मिलने का इंतजार है।

### जम्मू कश्मीर में उम्मीद बनकर उभरी अपनी पार्टी : बुखारी

**जम्मू।** अपनी पार्टी के अध्यक्ष सैयद अल्ताफ बुखारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी जम्मू कश्मीर मे ऐसे समय में एक उम्मीद के रूप में उभरी है, जब लोगों में अलगाव और इस बात की भावना है कि उनके सरोकारों का किसी ने प्रतिनिधित्व नहीं किया। बुखारी ने एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने विभाजनकारी राजनीति को समाप्त करने और दो क्षेत्रों-कश्मीर और जम्मू के लोगों को एकजुट करने की नीति के साथ लोगों को निराशा की स्थिति से बाहर निकालने की कोशिश की है।

### मोइत्रा की मौत में सीबीआई ने सात को गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद राजनीतिक हिंसा के मामलों की जांच कर रही सीबीआई ने कूचबिहार जिले के सीतलकुची इलाके में भाजपा कार्यकर्ता माणिक मोइत्रा की मौत के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कूचबिहार के एक गांव के रहने वाले हैं। बताया कि इन लोगों को कूचबिहार जिले की एक अदालत के समक्ष पेश कर 11 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### छात्र संघ ने किया रेल भवन के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस और वाम समर्थित अखिल भारतीय छात्र संघ (आइसा) ने रेलवे भर्ती परीक्षा में कथित तौर पर हुई अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ शुक्रवार को यहां रेल भवन के बाहर प्रदर्शन किया।

सिद्धू की एनआरआई बहन रोते हुए बोलीं

# पिता की मौत के बाद मां को लावारिस छोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### पंजाब के सीएम पद की दावेदारी पेश करने वाले सिद्धू पारिवारिक विवाद में घिरे

**पंजाब** का सीएम बनने की दौड़ में लगे कांग्रेस प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू पारिवारिक विवाद में घिर गए हैं। सिद्धू की एनआरआई बहन सुमन तूर ने आरोप लगाया है कि सिद्धू ने पिता भगवंत सिद्धू की मौत के बाद मां निर्मल भगवंत और बड़ी बहन को घर से निकाल दिया। इसके बाद मीडिया में बयान देकर झूठ बोला कि मेरे माता-पिता न्यायिक तौर पर अलग हुए। सिद्धू उस वक्त अपनी उम्र दो साल बता रहे हैं, लेकिन वह सब भी झूठ है।

अमेरिका से चंडीगढ़ पहुंची सिद्धू की बहन सुमन तूर ने कहा कि वह इस मुद्दे पर नवजोत सिद्धू से मिलने के लिए उनके अमृतसर स्थित घर पर गई थीं, लेकिन उन्होंने गेट नहीं खोला। यहां तक कि उन्हें वॉट्सऐप पर ब्लॉक कर रखा है। हालांकि इस मामले में अभी तक सिद्धू या उनके पक्ष से कोई प्रतिक्रिया



नहीं आई है।

सिद्धू की बहन ने एक फोटो जारी करते हुए कहा कि सिद्धू दावा करते हैं कि दो साल की उम्र में उनके माता-पिता कानूनी तौर पर अलग हो गए थे, लेकिन जारी किए गए फोटो में सिद्धू दो साल के नहीं लग रहे। सिद्धू की बड़ी बहन सुमन तूर ने कहा कि शैरी (नवजोत सिद्धू का निकनेम) बहुत क्रूअल है। उन्होंने कहा कि 1986 में जब पिता भगवंत सिद्धू की भोग सेरेमनी हुई तो उसके तुरंत बाद सिद्धू ने मां के साथ उन्हें घर से निकाल दिया। सुमन ने कहा कि उनकी मां ने अपनी छवि बचाने के लिए दिल्ली के चक्कर काटे और अंत में दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उनकी लावारिस की तरह मौत हो गई। सुमन तूर ने कहा कि सिद्धू ने यह सब प्रॉपर्टी के लिए किया।

सुमन तूर ने कहा कि वह 1990 में अमेरिका चले गए थे। सिद्धू ने मां निर्मल महाजन उर्फ निर्मल भगवंत के साथ नाइंसाफी की। उन्होंने कहा कि सिद्धू ने एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में यह बात कही थी। वह उसे ढूंढ रही थी। अब उन्हें वह आर्टिकल मिला तो उन्होंने पहले सिद्धू से मिलने की बात कही। वह सिद्धू को कहना चाहती थीं कि सार्वजनिक तौर पर मां के बारे में कही बातों की माफी मांगे, लेकिन उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया।

उधर, इस बारे में नवजोत सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू ने कहा कि वह सुमन तूर को नहीं जानती। नवजोत सिद्धू के पिता के दो विवाह हुए थे। पहले विवाह से उनकी दो बेटियां थीं, लेकिन मैं उन्हें नहीं जानती।


# ज्योति अरोड़ा और एडवोकेट पंकज मेहता बने सूचना आयुक्त

### सीएम मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में दिलाई शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को ज्योति अरोड़ा और पंकज मेहता को राज्य सूचना आयुक्त के रूप में पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई। हरियाणा निवास पर आयोजित समारोह में दोनों नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों ने हिंदी में शपथ ली।

इस समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा, श्रम एवं



रोजगार मंत्री अनूप धानक मौजूद रहे। इनके साथ-साथ मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, एसीएस अमित झा, एसीएस आनंद मोहन शरण, राजा शेखर, प्रधान सचिव जी.अनुपमा, पंकज अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और शपथ लेने वाले सूचना आयुक्तों के पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे।

अब नियोकोव वैरिएंट से दहशत का माहौल बना रहा चीन, वुहान के वैज्ञानिकों का बड़ा दावा


# नए संक्रमण से हर तीन में से एक मरीज की मौत होगी

### द. अफ्रीका में मिला है नया वैरिएंट नियोकोव

**एजेंसी।** नई दिल्ली/वुहान

**ओमिक्रॉन** के बाद अब कोरोना के नए वैरिएंट नियोकोव ने दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। वुहान के वैज्ञानिकों ने इसे लेकर बड़ा दावा किया है। इनका कहना है कि यह वैरिएंट दक्षिण अफ्रीका में मिला है। इसकी संक्रमण और मृत्यु दर दोनों बहुत ज्यादा है। इसके हर तीन मरीजों में से एक की जान जा सकती है। बता दें कि वुहान वहीं शहर है, जहां से 2020 में कोरोना महामारी फैली थी।

रूस की एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह वैरिएंट नया नहीं है।



यह कोरोना वैरिएंट मर्स कोव वायरस से जुड़ा है। सबसे पहले 2012 और 2015 में पश्चिम एशियाई देशों में इसके मरीज मिले थे। दक्षिण अफ्रीका में अभी यह नियोकोव वैरिएंट चमगादड़ के अंदर देखा गया है। पहले पशुओं में देखा गया था।

एक विदेशी वेबसाइट पर प्रकाशित शोध के मुताबिक, नियोकोव और उसका सहयोगी वायरस पीडीएफ-2180-सीओवी इंसानों को संक्रमित कर सकता है। वुहान यूनिवर्सिटी और चाइना अकादमी ऑफ साइंसेज के शोधकर्ताओं के मुताबिक इस नए कोरोना वायरस में इंसानों की कोशिकाओं को संक्रमित करने के लिए केवल एक म्यूटेशन की जरूरत है। उधर, रूस के वायरोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने कहा कि फिलहाल इस वैरिएंट के इंसानों में फैलने की क्षमता कम है। हमें इसकी क्षमता और जोखिम को लेकर जांच करनी चाहिए।

डब्ल्यूएचओ समय-समय पर समीक्षा कर वैरिएंट्स को इंटरेस्ट और कंसर्न की कैटेगरी से जोड़ता-घटाता रहता है। किसी वैरिएंट की कैटेगरी बदलने से पहले टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप उसका डिटेल्ड एनालिसिस करता है। ग्रुप की सिफारिशों के बाद ही वैरिएंट की कैटेगरी को बदलने का फैसला लिया जाता है।

### सब-स्ट्रेन बीए.2 से उड़ी नींद

**उधर,** ओमिक्रॅन के सब-स्ट्रेन (बीए.2) ने भी दुनिया की नींद उड़ा रखी है। ओमिक्रॉन के सब-वैरिएंट से इसलिए भी ज्यादा खतरा है, क्योंकि आरटी-पीसीआर टेस्ट भी इसे पकड़ नहीं पा रहा है। अब तक ये नया सब-वैरिएंट भारत समेत 40 देशों में दस्तक दे चुका है और माना जा रहा है कि ये वैरिएंट बहुत तेजी से दुनिया के बाकी देशों में भी फैल सकता है। म्यूटेशंस यानी वायरस की मूल जीनोमिक संरचना में होने वाले बदलाव। यह बदलाव ही वायरस को नया स्वरूप देते हैं, जिसे वैरिएंट कहते हैं।


भय्यू महाराज सुसाइड केस में फैसला आया

# संत का बेडरूम शेयर करने वाली शिष्या समेत तीन को छह वर्ष कैद

### शिष्या पलक, सेवादार विनायक और शरद को सुनाई गई सजा

**एजेंसी।** इंदौर

**मध्यप्रदेश** के बहुचर्चित भय्यू महाराज सुसाइड केस में तीन साल बाद फैसला आ गया है। इंदौर जिला कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र सोनी ने शिष्या पलक, मुख्य सेवादार विनायक, ड्राइवर शरद को दोषी ठहराया है। तीनों को छह-छह साल कैद की सजा सुनाई है। पहले ये तीनों 1105 दिन जेल में रह चुके हैं। यानी आधी सजा पहले ही काट चुके हैं। इसलिए उन्हें सिर्फ तीन साल और जेल में रहना होगा। फैसले में दर्ज बयानों में खुलासा हुआ है कि शिष्या पलक की एंट्री भय्यू महाराज की जिंदगी में बहुत पहले हो गई थी। तब पहली पत्नी भी जिंदा थी। उनकी (पत्नी की) मौत के बाद सबसे पहला शक महाराज की बहन को हुआ था, लेकिन महाराज यह



कहकर रह गए कि मैं फंस गया हूं, निकलना चाहता हूं। यह भी खुलासा हुआ कि पलक महाराज का बाथरूम, बेडरूम तक शेयर करती थी।

सेवादार विनायक की जमानत को लेकर आरोपी के वकील सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा चुके हैं। इधर, बेटी कुहू ने फैसले पर कुछ भी कहने से अभी इनकार किया है। सुप्रीम कोर्ट में विनायक की जमानत के लिए आरोपी के वकील धर्मेंद्र गुर्जर ने एक आवेदन पेश किया गया था, जहां सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को छह महीने में खत्म करने की बात कही थी, लेकिन कोरोना के कारण सर्वोच्च न्यायालय ने फिर से छह महीने का समय दिया था। इस मामले में 32 गवाह कोर्ट के समक्ष पेश किए गए।

### विश्वासपात्र था आरोपी विनायक

**जांच** के दौरान तत्कालीन पुलिस अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने कहा था कि महाराज के पास से पुलिस को एक डायरी मिली थी, जिसमें महाराज ने लिखा था कि जीवन से परेशान हूं, इसलिए जीवन छोड़ रहा हूं। इस डायरी में उन्होंने आरोपी विनायक को विश्वासपात्र बताया था। आत्महत्या वाली घटना के छह महीने बाद पुलिस ने विनायक, शरद और पलक को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया था। घटना के छह महीने तक किसी पर भी कोई आरोप नहीं लगा था। पूरे मामले में भय्यू महाराज की दूसरी पत्नी आयुषी ने कोर्ट के समक्ष पेश होने के लिए कई बार अलग-अलग दलीलें पेश की थीं। आरोपी पक्ष द्वारा सबसे लंबा क्रॉस एग्जामिनेशन आयुषी का किया गया था। एक बार तो आयुषी कोर्ट में बयान देते वक्त रो भी पड़ी थी।

भय्यू महाराज की दूसरी पत्नी आयुषी, बेटी कुहू और बहन समेत डॉ. पवन राठी के बयान को अहम माना गया।

## गुरुग्राम में खुला भारत का सबसे बड़ा ईवी चार्जिंग स्टेशन

**गुरुग्राम।** चार पहिया वाहनों के लिए 100 चार्जिंग पॉइंट की क्षमता वाला भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन शुक्रवार को गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खोला गया। पहले, भारत का सबसे बड़ा ईवी चार्जिंग स्टेशन नवी मुंबई में स्थित था, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 16 एसी और 4 डीसी चार्जिंग पोर्ट थे।

गुरुग्राम में बने इस नए ईवी चार्जिंग स्टेशन को टेक-पायलटिंग कंपनी अलेक्ट्रिफाई प्राइवेट लिमिटेड ने विकसित किया है। कंपनी ने कहा, यह चार्जिंग स्टेशन ऊर्जा मंत्रालय द्वारा दो सप्ताह पहले रखे गए प्रमाणन अनुपालन और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए तकनीकी निरीक्षण के बाद 96 चार्जर के साथ शुरू किया गया है।

# आईएमटी खरखौदा के प्लाटों की नीलामी में हंगामे की जांच कराएगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) के प्रबंध निदेशक विकास गुप्ता ने कहा है कि आईएमटी खरखौदा में औद्योगिक प्लॉटों की ई-नीलामी के मामले में विघ्न डालने वाले लोगों को दंडित किया जाएगा। इस प्रकरण की जांच के लिए इंडस्ट्रीज के चीफ को-ओर्डिनेटर एवं एस्टेट के एचओडी सुनील शर्मा को निर्देश दिए गए हैं।

गुप्ता ने बताया कि हरियाणा में निवेश की बढ़ती मांग को पूरा करने और औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के

### ई-नीलामी 27 जनवरी को पारदर्शी माध्यम से शुरू की गई थी

लिए एचएसआईआईडीसी ने 450 वर्गमीटर श्रेणी में आईएमटी खरखौदा के औद्योगिक प्लॉटों की ई-नीलामी 27 जनवरी 2022 को पारदर्शी माध्यम से शुरू की थी परंतु कुछ असामाजिक तत्वों ने गलत आशय से अनुचित ढंग से उच्च बोलियां लगा कर ई-नीलामी प्रणाली की प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया, जिससे बड़ी संख्या में निवेश करने के इच्छुक लोग बोली प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित रह गए।

## श्वेता ने भगवान पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए मांगी माफी



**मुंबई।** टेलीविजन की जानी-मानी अदाकारा श्वेता तिवारी इन दिनों भगवान को लेकर दिए अपने विवादित बयान के बाद से सुर्खियों में हैं।

दरअसल अपनी एक वेब सीरीज के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने भोपाल में हुए एक कार्यक्रम में भगवान को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके बाद से ही वह सोशल मीडिया पर लोगों की आलोचनाओं का शिकार हो रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए सभी से माफी मांगी है। मामले में अपना पक्ष रखते हुए अभिनेत्री ने कहा कि उनके इस बयान को गलत संदर्भ में लिया जा रहा है।

# हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के नतीजे घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तरफ से पिछले महीने को संचालित कराई गई अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-1, 2 व 3 का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया है, जिसके अनुसार लेवल 1 (पीआरटी) के 13.70 प्रतिशत, लेवल-2 (टीजीटी) के 04.30 प्रतिशत एवं लेवल-3 (पीजीटी) के 14.52 प्रतिशत अभ्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

बोर्ड की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, एचटीईटी लेवल-1, 2 व 3 की परीक्षाओं का आयोजन 18 दिसंबर व 19 दिसंबर 2021 को किया गया था। एचटीईटी रिजल्ट के साथ ही तीनों लेवल की परीक्षा के आंसर की भी जारी कर दिए गए हैं।

बोर्ड मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बोर्ड अध्यक्ष प्रो. डॉ. जगबीर सिंह ने बताया कि कुल 187951 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें 58391 पुरुष, 129559 महिलाएं और 01 ट्रांसजेंडर शामिल थे। उन्होंने बताया कि लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा में कुल 39708 अभ्यार्थियों में से 5440 उत्तीर्ण हुए, जिनमें 2147 पुरुष और 3293 महिलाएं शामिल रहे।

## अनंत नागेश्वरन बने नए मुख्य आर्थिक सलाहकार

**नई दिल्ली।** आगामी एक फरवरी को पेश होने वाले आम बजट से पहले केंद्र सरकार ने नए मुख्य आर्थिक सलाहकार के नाम का ऐलान कर दिया है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक वी.अनंत नागेश्वरन मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाए गए हैं।

उन्होंने कार्यभार संभाल भी लिया है। आपको बता दें कि आम बजट से पहले 31 जनवरी को आर्थिक सर्वे सदन के पटल पर रखा जाएगा। इस आर्थिक सर्वे की पेशकश से लेकर व्याख्या करने तक में मुख्य आर्थिक सलाहकार की बड़ी भूमिका होती है। यह वित्त मंत्रालय का एक वार्षिक दस्तावेज है। पिछले साल अक्टूबर माह से भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार का पद खाली था।

# मेरे हेलीकॉप्टर को दिल्ली में रोका गया : अखिलेश

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**समाजवादी** पार्टी (सपा) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उनके हेलीकॉप्टर को बिना किसी कारण के दिल्ली में रोककर रखा गया है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें मुजफ्फरनगर नहीं जाने दिया जा रहा है।

शुक्रवार दोपहर अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पोस्ट किया, मेरे हेलीकॉप्टर को अभी भी बिना किसी कारण बताए दिल्ली में रोककर रखा गया है और मुजफ्फरनगर नहीं जाने दिया जा रहा है, जबकि भाजपा के एक शीर्ष नेता अभी यहां से उड़े हैं। हारती हुई भाजपा की ये हताशा भरी साजिश है। जनता सब समझ रही है। इसके कुछ देर बाद उन्होंने एक और ट्वीट किया, सत्ता का दुरुपयोग हारते हुए लोगों की निशानी है। समाजवादी संघर्ष के इतिहास में ये दिन भी दर्ज होगा। हम जीत की ऐतिहासिक उड़ान भरने जा रहे हैं।

हामिद अंसारी मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा

# चीन-कनाडा मसले पर हमें दूसरों से प्रमाणीकरण की जरूरत नहीं

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने विभिन्न मुद्दों पर जानकारी साझा की। इस दौरान उन्होंने भारतीय अमेरिकी मुस्लिम परिषद (आईएएमसी) कार्यक्रम पर भी बात की, जिसमें पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी शामिल हुए थे।

मंत्रालय ने कहा कि यह दावा बिल्कुल गलत और ढोंग करने वाला है कि अन्य लोगों को हमारे देश के संविधान की सुरक्षा करने की आवश्यकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजकों का ट्रैक रिकॉर्ड पूरी तरह से पक्षपाती



### रक्षा सौदे पर कहा भारत और रूस की विशेष रणनीतिक भागीदारी है

और प्रतिभागियों के राजनीतिक हितों के समर्थन करने वाला रहा है।

एस-400 मिसाइल के लिए रूस के साथ भारत के सौदे पर अमेरिका की नाराजगी को लेकर बागची ने कहा कि भारत और अमेरिका की एक विस्तृत वैश्विक रणनीतिक भागीदारी है। भारत और रूस की विशेष रणनीतिक भागीदारी है। हम एक स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करते हैं और यह हमारे रक्षा अधिग्रहण पर भी लागू होता है।

मंत्रालय ने बताया कि कनाडा के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि अमेरिकी-कनाडा सीमा पर जान गंवाने वाले सभी चार भारतीय नागरिक एक ही परिवार के थे। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। बागची ने आगे कहा कि हमारे मिशन इस मामले की जांच के लिए कनाडाई अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

### अफगानिस्तान के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है भारत सरकार

**प्रवक्ता** ने कहा कि भारत सरकार अफगानिस्तान के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गेहूं की खरीद और इसे वहां भेजे जाने की प्रक्रिया चल रही है। बता दें कि भारत ने युद्धग्रस्त देश अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के तौर पर 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं और जीवन रक्षक दवाएं पहुंचाने का एलान किया है। इसके अलावा, बलूचिस्तान में उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर अरिंदम बागची ने कहा कि हम पाकिस्तानी अधिकारियों से अपील करते हैं कि बलूचिस्तान में मानवाधिकारों का उल्लंघन बंद करें और आम जनता का हित सुनिश्चित करें।

अरिंदम बागची ने कहा कि हम यूक्रेन में स्थितियों के साथ रूस और अमेरिका के बीच हो रहे उच्च स्तरीय विचार-विमर्श पर भी करीबी निगाह बनाए हुए हैं। हम क्षेत्र में लंबे समय की स्थिरता और शांति के लिए एक शांतिपूर्ण प्रस्ताव का समर्थन करते हैं। बागची ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के जहाज पर मौजूद सात भारतीय नाविक सुरक्षित और स्वस्थ हैं। उन्हें बंदी बनाने वाले उन्हें उनके परिवार के साथ संपर्क करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। अमेरिका और मिलान में खलिस्तानी प्रदर्शनों को लेकर मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें उग्रवादी तत्वों की ओर से विदेशों में हमारे राजनयिक परिसरों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई है।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, शनिवार, 29 जनवरी, 2022 | वोटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 00.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 00.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- जिले में 60 प्लस और हेल्थ व फ्रंट लाईन वर्करों को बुस्टर डोज: सुबह 10 बजे
- जिले में 74 स्थानों पर जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीड़ी शुरू: सुबह 9 बजे
- कोरोना महामारी को लेकर बाजार होंगे बंद: शाम 7 बजे

**निवेश गुरु**

फंड ऑफ फंड्स म्यूचुअल फंड की ऐसी स्कीम्स हैं जो दूसरी म्यूचुअल फंड स्कीम्स में निवेश करती हैं, लेकिन यह इंडेक्स फंड्स और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स तक सीमित नहीं है। उदाहरण के लिए अगर फंड मैनेजर सोने में निवेश करना चाहता है तो वह सोने में निवेश करने वाली गोल्ड स्कीम में पैसा लगाएगा, फंड मैनेजर जिस भी स्कीम में पैसा लगाना चाहे लगा सकता है। इसका मतलब यह है कि फंड ऑफ फंड्स म्यूचुअल फंड की ऐसी स्कीम्स है जो दूसरी स्कीम्स में निवेश करती हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### 20वीं वर्षगांठ पर की बैठक

**फरीदाबाद।** ब्रह्मण उत्थान समिति की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर सेक्टर 10 फरीदाबाद में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान जगदीश पाराशर ने की। पिछली मीटिंग को 26-1-2021 की गई थी। जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया था। पुरानी कार्यकारिणी भंग हो गई थी। जिसके बाद नई कार्यकारिणी बनाई गई। जगदीश पाराशर को प्रधान, आरपी गौर को महासचिव एवं कपिल गौतम को कोषाध्यक्ष चुने थे। इस बीच कोविड-19 की वजह से कोई काम आगे नहीं हो पाया। मीटिंग में सर्व-सहमति से कार्यकारिणी में थोड़ा फेरबदल किया गया है। जिसमें देवेंद्र कौशिक को महा सचिव, आरपी गौर को उप-प्रधान की जिम्मेदारी दी गई है।

**क्विक न्यूज**

### वन टाइम सेटलमेंट योजना

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए हरियाणा महिला विकास निगम के ऋणों के बकाया ब्याज को माफ करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट ( ओटीएस ) योजना शुरू की है। इसके तहत यदि लाभार्थी मूल ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या छह किस्तों में एक जून, 2022 तक लौटाता है तो उसका सारा ब्याज माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह योजना उन ऋणियों को कवर करेगी। जिनका ब्याज 31 मार्च 2019 को निगम को भुगतान के लिए बकाया है। योजना 31 मार्च 2019 को डिफॉल्ट रूप से मूल राशि पर लागू होगी, लेकिन उसके बाद भुगतान की गई मूल राशि शामिल नहीं होगी। उन्होंने बताया कि ऋण लेने वालो को 6 महीने के भीतर इसका लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी, यदि ऋणी बकाया मूल राशि को एक मुश्त या किश्तों में छह महीने के भीतर चुका देता है तो वह लाभार्थी महिला ब्याज की सौ फीसदी छूट के लिए पात्र होगी।

# ऑटो चालकों के कारण होने वाले जाम से छुटकारा दिलवाने की कवायत

## ऑटो चालक यूनियन के साथ बैठककर यातायात पुलिस ने बनाई रणनीति

**राजेश दास।** फरीदाबाद



ट्रैफिक थाना में बुलाई गई ऑटो चालकों की बैठक में डीसीपी ट्रैफिक सुरेश कुमार, एसीपी पृथ्वी सिंह, आरएसओ के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा, एसएचओ ट्रैफिक दर्पण कुमार और ट्रैफिक ताऊ विरेंद्र सिंह।



बल्लभगढ़, हाइवे पर बेतरतीव खड़े ऑटो और बस।

**ऑटो** चालकों की लापरवाही अथवा मनमानी के कारण शहर में यातायात व्यवस्था लगातार चरमराती जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की प्रमुख सड़कों के चौक, चौराहों पर बेतरतीव खड़े होने वाले ऑटो के कारण लोगों को जाम के झाम का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी तरफ इनकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, लेकिन सार्वजनिक परिवहन के अभाव में यातायात पुलिस के लिए लगाम कसना भी मुश्किल हो जाता है। जिसका फायदा ऑटो चालकों द्वारा जमकर उठाया जा रहा है।

शहर के लोगों को जाम से छुटकारा दिलवाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा संगठन के साथ मिल कर कवायद शुरू कर दी है। जिसके तहत शुक्रवार को यातायात थाना में यातायात पुलिस द्वारा ऑटो चालक यूनियन और आरएसओ की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें डीसीपी ट्रैफिक सुरेश कुमार ने जाम से छुटकारा दिलवाने के लिए एक सप्ताह के भीतर हाइवे पर कुछ ऑटो स्टैंड बनाने के आदेश दिये हैं। वहीं एक से डेढ़ महीने के भीतर सभी ऑटो की यूनिक आईडी तैयार की जाएगी। साथ ही डीसीपी ट्रेफिक ने ऑटो यूनियन के नाम पर अवैध उगाही को बंद करने के आदेश दिये हैं।

### सख्ती के साथ जागरुकता

**ऑटो** यूनियनों के साथ हुई बैठक में डीसीपी ट्रेफिक सुरेश कुमार ने कहा कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि यूनियनों के नाम पर ऑटो चालकों से 20-20 रुपये की वसूली की जाती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की उगाही बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं की जाएगी। शहर में व्यवस्था बनाने के लिए प्रत्येक ऑटो की यूनिक आईडी बनाई जाएगी। जिससे यातायात पुलिस के पास शहर में चलने वाले ऑटो का पूरा डाटा एकत्रित हो जाएगा। जिसमें यूनियनों को सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि सड़क पर यदि कोई वाहन यातायात नियम तोड़ता नजर आए तो ऑटो चालक फोटो खींचकर यातायात पुलिस को भेजें, उसका चालान काटा जाएगा। एसीपी ट्रेफिक पृथ्वी सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का सही ढंग से पालन करने वाले चालकों को पुलिस द्वारा बैच जारी किया जाएगा। साथ ही उन्हें नगद पुरस्कार देने की योजना भी बनाई गई है। पृथ्वी सिंह ने बताया कि आरएसओ की एक एजुकेशन विंग का गठन किया गया है। यह विंग स्कूल, कॉलेजों के विद्यार्थियों और ऑटो चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करेगा।

### जहां-तहां ऑटो खड़े करने से जाम

**इस** बैठक के दौरान डीसीपी ट्रैफिक सुरेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑटो चालक जहां तहां ऑटो खड़े कर देते हैं। इसके अलावा हाइवे के सभी चौराहों पर हर समय ऑटों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे न केवल हाइवे पर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की सम्भावना भी बनी रहती है। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति बल्लभगढ़ में होती है। जिसपर ऑटो यूनियनों के प्रधानों ने उन्हें बताया कि हाइवे पर ऑटो खड़े करने के लिए जगह सुनिश्चित नहीं है। यदि हाइवे पर चुनिंदा स्थानों पर स्टैंड बना दिये जाए तो उन्हें जगह-जगह ऑटो खड़े नहीं करने पड़ेंगे। बल्लभगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर ने बताया कि यहां ऑटो स्टैंड के लिए कई स्थान हैं। इन स्थानों पर ऑटो स्टैंड बनाए जा सकते हैं। जिसपर एसीपी पृथ्वी सिंह ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर हाइवे पर जगह चिन्हित कर ऑटो खड़े करने के स्थान बना दिये जाएंगे। यदि इसके बाद भी ऑटो सड़कों और चौराहों पर बेतरतीव नजर आए तो यातायात पुलिस द्वारा इनके चालान काटे जाएंगे।



हाइवे पर ओल्ड फरीदाबाद के निकट जहां-तहां खड़े ऑटो।

### व्यवस्था में सहयोग देंगे



**सड़क** सुरक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने कहा कि यातायात पुलिस और आरएसओ मिलकर शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के तहत यह बैठक बुलाई गई थी। बैठक में ऑटो यूनियनों के साथ ही व्यापार मंडल, औद्योगिक संगठनों ने भी पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। हाइवे और अन्य सड़कों पर ऑटो खड़े करने के स्थान निर्धारित होने के बाद काफी हद तक समस्या का समाधान हो जाएगा।

### भारी संख्या में अवैध ऑटो

**शहर** की सड़कों पर दौड़ने वाले ऑटों की संख्या करीब 35 हजार से ज्यादा है। इनमें करीब 50 प्रतिशत ऑटों डीजल से चलने वाले हैं। इनमें करीब आधे ऑटो दस साल से ज्यादा पुराने हो चुके हैं। जिनकी वजह से न केवल प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि सड़कों पर जाम भी लगता है। इनमें ऐसे ऑटों की संख्या भी कम नहीं है, जो करीब 20 साल पुराने और कंडम हालत में पहुंच चुके हैं। सार्वजनिक परिवहन के अभाव में लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर इन्हीं से सफर करने को मजबूर होना पड़ता है। जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के मुताबिक दस साल से पुराने डीजल वाहनों को चलाने पर प्रतिबंध है। इस बैठक के दौरान डीसीपी ट्रेफिक सुरेश कुमार और एसीपी ट्रेफिक पृथ्वी सिंह ने ऑटो यूनियनों के प्रधानों को दस साल पुराने हो चुके ऑटो की लिस्ट स्वेच्छा से पुलिस को सौंपने की गुजारिश की। ताकि पुराने वाहनों को सड़कों से हटाया जा सके। इससे काफी हद तक लोगों को जाम से छुटकारा मिलेगा और शहर में प्रदूषण का स्तर भी कम होगा।

# देश के शहीदों के नाम युवाओं ने किया रक्तदान

## सेवा भारती द्वारा मास्क वितरण, शिव मंदिर एवं ग्राम सुधार समिति अजरौंदा द्वारा रक्तदान शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



गांव अजरौंदा ग्राम सुधार समिति द्वारा आयोजित शिविर में रक्तदान करता समाजसेवी।

**श्री शिव** मंदिर एवं ग्राम सुधार समिति अजरौंदा ने प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें युवाओं ने 26 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में अतिथि फरीदाबाद नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव तथा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव विकास यादव, जेजेपी युवा अध्यक्ष नलिन हुड्डा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक के अरुण वालिया और जिला ब्लड कैंप संयोजक विमल खंडेलवाल उपस्थित थे।

कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिकों के साथ मंदिर समिति के चेयरमैन सुखवीर सिंह, उप चेयरमैन लाल सिंह सैनी, संरक्षक वीरेन्द्र गौड़, अध्यक्ष एड. संजय गौड़, पूर्व पार्षद पति निहाल सिंह थे। भारत माता का पूजन कर देश की रक्षा में शहीद हुए वीरों को श्रंद्धाजलि दी। शिविर में सेवा भारती हरियाणा के द्वारा मास्क वितरित किए गए। इस अवसर पर अरुण वालिया ने देश भक्ति के गीत सुनाए। निगम आयुक्त यशपाल यादव ने उपस्थित लोगों से स्वच्छ फरीदाबाद अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह मिशन शहर के हर नागरिक का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। ग्राम वासियों की ओर से मंदिर और ग्राम के लिए कुछ मांगें रखी गईं, जिन्हें उन्होंने सहर्ष शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मंदिर समिति के महासचिव दिवाकर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप सैनी, सचिव राहुल सिंह, मुकेश सिंह, बीरेन्द्र सैनी, गोपी शर्मा, प्रह्लाद शर्मा, मंदिर पुजारी नितिन कृष्ण, दिनेश गौड़, अमित गौड़, सुनील गौड़, संदीप भांकड, मनजीत, हरवीर पहलवान, रिंकू सचदेवा, मनोज गौड़, रमेश सिंह, दिनेश मलिक, संतीश मलिक, पूर्व प्रधान मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस आयुक्त ने थाने का किया औचक निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सारन थाना का निरीक्षण करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

**पुलिस** कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा तथा डीसीपी मुख्यालय नीतिश अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ एनआईटी जोन में थाना सारन का औचक निरीक्षण किया। सभी पुलिसकर्मी अपने काम में लगे हुए थे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज पुलिस आयुक्त ऑफिस से बिना पूर्व सूचना के थाना सारन पहुंचे गए। थाना प्रभारी राजेश बागड़ी के साथ थाना के मालखाना, किचन, बाथरुम, टॉयलेट, पीने का पानी और थाना में जवानों के रहने के रूम का निरीक्षण किया। इसके बाद थाने के रजिस्ट्रर की जांच की। पुलिस आयुक्त ने थाने में व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा की सफाई स्वस्थ रहने की सर्वोतम रास्ता है। साथ ही सभी पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र देने को कहा। पुलिस कर्मियों को सेवा, भाव से काम करने को कहा और अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने थाना के भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा खाने को ऐसे ही बनाये रखने की बात कही। इसके बाद पुलिस आयुक्त ने थाना सारन के अंतर्गत पर्वतीय कॉलोनी चौकी का भी दौरा किया। जहां रसोईघर, स्नानघर, शौचालय, पीने का पानी और चौकी में जवानों के रहने की व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस आयुक्त ने चौकी में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को प्रथम श्रेणी के प्रशंसा पत्र देने की अनुशंसा कर पुलिसकर्मियों को सहानुभूतिपूर्वक सेवा भाव व मानवीय व्यवहार बनाते हुए काम करने को कहा।

इस मौके पर थाना सारण के प्रभारी राजेश बागड़ी और पर्वतीय पुलिस चौकी के इंचार्ज वेद प्रकाश मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी वर्करों के धरने पर पहुंचे विधायक नीरज शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 12 लघु सचिवालय पर धरना दे रहीं आंगनबाड़ी वर्करों को संबोधित करते एनआईटी 86 के विधायक नीरज शर्मा।

**सेक्टर**-12 में कई दिनों से जारी आंगनबाड़ी वर्करों के धरने पर एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा ने शिरकत की। शर्मा ने कहा कि जितनी भी बहनें यहां धरने पर बैठी हैं इनकी सभी मांगें जायज हैं। सरकार को इसपर संज्ञान लेना चाहिए।

कहा कि बहन-बेटियां अपने घर पर छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर यहां बेठी हैं, सरकार को शर्म आनी चाहिए। हमारे शस्त्रों में भी कहा कि जहां स्त्रियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। जहां स्त्रियों की पूजा नही होती है, उनका सम्मान नही होता है, वहां किये गये सारे कार्य निष्फल हो जाते हैं। सरकार ने इसपर संज्ञान नहीं लिया तो आने वाले समय में उनको इसका नुकसान उठाना पड़ेगा।

विधायक ने कहा की आगामी बजट सत्र में वह आंगनबाड़ी वर्करों की आवाज जोर-शोर से विधानसभा में उठाएंगे, विधायक दल की बैठक में भी यह मुद्द रखेंगे। चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार में इनकी मांगों को नहीं मांगा जाता तो 2024 के काग्रेंस पार्टी के धोषणा पत्र में इनकी मांगों को सम्मिलित करेंगे।

# फेफड़ा प्रत्यारोपण कर मरीज की बचाई जान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



मरीज के साथ यूनिवर्सल अस्पताल के डाक्टरों की टीम।

**यूनिवर्सल** अस्पताल ने एक मरीज जिसके दोनों फेफड़े पूरी तरह से खराब हो चुके थे, उसकी जान बचाई है। मरीज ज्ञानचंद जिसकी उम्र 55 साल है, जो काफी समय से फेफड़े की तकलीफ से पीड़ित था और उसे 8 से 12 लीटर ऑक्सीजन लगातार दी जा रही थी, जिसके चलते जिसकी जीने की सारी उम्मीद खत्म हो रही थीं।

कई अस्पतालों में घूमने के दौरान मरीज को फेफड़ों के ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई। फेफड़ों का ट्रांसप्लांट व प्रत्यारोपण एक ऐसा ऑपरेशन होता है, जिसमें जो मरीज ब्रेन डेड हो चुका होता है या कोमा में जा चुका होता है, उसका फेफड़ा निकालकर इस मरीज को लगाया जाता है। इसी को फेफड़ों का ट्रांसप्लांट बोलते हैं।

मरीज को यूनिवर्सल अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेष जैन ने देखा। डॉ. जैन ने अपनी टीम जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रहमान, फेफड़ा रोग विशेषज्ञ फिजिशियन डॉ. संजीव व अन्य विशेषज्ञों ने पाया कि मरीज का हृदय सामान्य रूप से कार्य कर रहा है।

फेफड़ा प्रत्यारोपण की अनुमति न मिली तो ऑपरेशन यूनिवर्सल अस्पताल ने दिल्ली के एक अस्पताल में 22 जनवरी को करवाया।

पिछले एक माह से ज्यादा समय से अस्पताल में उपचाराधीन मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है और मरीज बिना ऑक्सीजन के सांस ले पा रहा है। डॉ. शैलेष जैन ने बताया कि अच्छी बात यह है कि मरीज तेजी से रिकवरी कर रहा है जिसके चलते उसे शीघ्र ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि फेफड़ा प्रत्यारोपण एक जटिल सर्जरी है, जिसमें फेफड़े उस व्यक्ति का लिया जाता है जो ब्रेन डेड या प्रायः कोमा में होता है। इस मरीज के दोनों फेफड़ों का प्रत्यारोपण हुआ। प्रत्यारोपण के लिए फेफड़ा गुजरात के अहमदाबाद से आए। डा. शैलेष जैन ने बताया कि एक ब्रेन डेड मरीज की अपनी आंख, दिल, फेफड़ा, किडनी, लीवर काफी मरीजों की जान बचा सकते हैं।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

नहीं कहते कि अपनी आत्मा को आज धिक्कारो
ज़मीं से आसमाँ तक अब किसी से भी नहीं हारो
अगर थोड़ी-बहुत आँखों में बाक़ी शर्म है तो बस
भले रोटी न दो पर पेट पर यूँ लात मत मारो

# भाजपा ने किया लाला लाजपत राय को याद

## देश को आजादी दिलाने में रही लाजपत राय की अहम भूमिका : मूलचन्द शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



लाला लाजपत राय की जंयती पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा।

**भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ व व्यवसायिक प्रकोष्ठ ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले प्रखर राष्ट्रवादी, अमर क्रांतिकारी 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पितकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ व व्यवसायिक प्रकोष्ठ के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपतराय जी की जयंती मनाई जा रही है। इसी क्रम में फरीदाबाद के व्यापार व व्यवसायिक प्रकोष्ठ के द्वारा जयंती समारोह का कार्यक्रम जिला कार्यालय पर आयोजित किया गया। जिसमें लाला लाजपत राय की जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने शहीदों को याद करने और उन्हें लोगों के दिलों में जिंदा रखने को शहीदों के रक्त से सिंचित मिट्टी को प्रदेश में लेकर आए और हर भाजपा कार्यालय में भिजवाई। उसको कार्यकर्ताओं व लोगों के माथे से लगवाई ताकि जिन शहीदों की वजह से हमें आजादी मिली हम उन्हें भुला न सकें।

कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी 1865 को एक वैश्य परिवार में हुआ था। ये भारतीय के गरम दल के प्रमुख नेता थे। परिवहन मंत्री ने कहा की लाला जी का जीवन समाजिक कार्य और देश को आजाद करने के लिए आन्दोलन करने में बीता महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपतराय के जीवन से देश के युवाओं को देश भक्ति का सन्देश लेना चाहिए और उनके पद चिंहों पर चलना चाहिए।

जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल व आरएन सिंह ने भी लाला लाजपत राय जी के जीवन पर बोलते हुए कहा कि लाला लाजपत राय शेरे पंजाब लाला के नाम से भी जाने जाते थे। इन्होंने पंजाब नैशनल बैंक और लक्ष्मी बीमा कम्पनी की स्थापना भी की थी। सन् 1928 में इन्होंने साइमन कमीशन के विरुद्ध एक प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसके दौरान हुए लाठी-चार्ज में ये बुरी तरह से घायल हो गये और उस समय इन्होंने कहा था, मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी। अंत में जो कहा वह सिद्ध भी हुआ। लालाजी के बलिदान के 20 साल के भीतर ही ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त हो गया। 17 नवंबर 1928 को इन्हीं चोटों की वजह से उनका देहान्त हो गया।

# केएल महता में मनाया प्रेरणा दिवस



केएल महता दयानंद महाविद्यालय में प्रेरणा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अथिति को स्मृति चिह्न भेंट करते महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष आनंद महता व अन्य।

**फरीदाबाद।** केएल महता दयानंद महाविद्यालय में प्रेरणा दिवस बड़े उत्साह और उमंग से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एसी चौधरी एवं अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

शुभारंभ स्वामी दयानंद सरस्वतीजी के भजन से हुआ। कॉलेज की छात्रा ने कन्हैयालाल महता जी को अपने भजन के माध्यम से श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। पूर्व मंत्री एसी चौधरी ने महता जी के जीवन को हम सब के लिए प्रेरणादायक बताया।

उन्होंने साथ बिताए अपने अनुभवों को शब्दों की माला के रूप में प्रस्तुत किया। मौजूद लोगों का मार्ग दर्शन करते हुए आचार्य मानव शास्त्री ने महता जी के जीवन को अनुसरणीय बताया तथा अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष आनंद महता ने सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

# 10 माह में साढ़े 10 हजार लोग बने आवारा पशुओं का शिकार

## नगर निगम का पशु पकड़ने का दस्ता साबित हो रहा सफेद हाथी

## निगम की टीम 311 ऐप पर आई शिकायतों को कर रही बंद


बीके में बच्चे को रैबीज का इंजेक्शन लगाता फार्मासिस्ट।


रैबीज के इंजेक्शन लगवाने को लगी लम्बी लाइन।

कविता। फरीदाबाद

जिले में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कितनी भी टीमें क्यों न गठित कर रखी हो, लेकिन इसके बावजूद जिले में आवारा पशुओं के काटने संबंधित मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। दिसंबर में आवारा पशुओं के काटने संबंधित मामले 1926 आए हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दर्शाए गए वर्ष 2021 के आकड़ों के मुताबिक बादशाह खान अस्पताल में मार्च से नवंबर माह तक कुल 10,742 मरीज आवारा पशुओं के काटने संबंधित इंजेक्शन लगवाने के लिए आए थे। इन आकड़ों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में आवारा पशुओं का कहर कितना बढ़ रहा है। जबकि नगर निगम के पास आवारा पशुओं को पकड़ने का दस्ता भी मौजूद है। यह दस्ता पशुओं को पकड़ने की बजाए क्या कर रहा है। इस बारे में किसी को नहीं पता। वहीं 311 ऐप पर शिकायत करने वालों की शिकायतों पर सुनवाई नहीं की जा रही है। एनएच-दो निवासी की एक व्यक्ति की शिकायत पर बिना जांच के शिकायत बंद कर दी गई। पीड़ित के द्वारा एक बार फिर शिकायत दी गई है।

जानकारी के मुताबिक आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम द्वारा एक दस्ता बनाया हुआ है, लेकिन अब तक इस दस्ते ने शहर से आवारा पशुओं को नहीं पकड़ा है। जिससे शहर के लोगों का आवारा पशुओं ने जीना दुर्भर कर रखा है। लोग आये दिन श्वान, बिल्लियों और बन्दरों के काटने का शिकार बन रहे हैं। इन मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। दिसंबर माह में आवारा पशुओं के काटने के मरीजों की संख्या बीके अस्पताल की में 1926 थी। जिसमें नए मरीजों की संख्या 765 है। बीपीएल कार्ड वाले मरीजों की संख्या 66 व पैसे देकर इंजेक्शन लगवाने वाले मरीजों की संख्या 1860 थी। अस्पताल के फार्मासिस्टों ने बताया कि आवारा कुत्तों के काटने संबंधित मामले इस माह अधिक बढ़े हैं।

**गत वर्ष आने वाले मरीज**

| माह | बीपीएल कार्ड | भुगतान | कुल |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 000 | 000 | 000 |
| फरवरी | 000 | 000 | 000 |
| मार्च | 24 | 542 | 566 |
| अप्रैल | 35 | 1001 | 1036 |
| मई | 21 | 297 | 318 |
| जून | 42 | 984 | 1026 |
| जुलाई | 73 | 1092 | 1165 |
| अगस्त | 56 | 1033 | 1189 |
| सितंबर | 45 | 966 | 1011 |
| अक्टूबर | 55 | 1191 | 1246 |
| नवंबर | 62 | 1297 | 1359 |
| दिसंबर | 66 | 1860 | 1926 |

# दशहत फैलाने के लिए हथौड़ा गैंग ने सरेआम युवकों को बेरहमी से मारा

## वीडियो वायरल होते ही थाना ओल्ड ईवीआर ने एक आरोपी को किया काबू


वायरल वीडियो में सरियों से युवक के हाथ-पैरों पर चोट मारते हमलावर।


गिरफ्तार आरोपी की जानकारी देते पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बीती रात सेक्टर 18 में स्थित एक ढाबे के बाहर कुछ युवकों ने एक युवक को दबोचकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। आरोपी दशहत फैलाने के लिए हथौड़े और तंदूर के सरियों से युवक पर बेरहमी से वार पर वार कर रहे थे, जिसका वीडियो किसी ने वायरल कर दिया। सूचना मिलते ही थाना ओल्ड फरीदाबाद की ईआरवी 181 मौके पर पहुंच गई और एक आरोपी को काबू कर लिया। जबकि अन्य भागने में कामयाब हो गए। थाना ओल्ड फरीदाबाद प्रभारी दिनेश ने बताया कि आरोपी साहिल, निकी और अर्जुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी इंदिरा कॉम्पलैक्स निवासी साहिल को मौके से ही काबू कर लिया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों ने बीती रात करीब नौ बजे हुड्डा मार्केट-सेक्टर-18 के कार्तिक रेस्टोरेंट के पास तीन बदमाशों ने एक युवक को तंदूर में रोटी सेकने वाली सरियों से हाथ-पैरों पर चोट मारी है। डायल 112 इआरवी 181 इंचार्ज सब इंस्पेक्टर बेगराज की टीम ने एक आरोपी साहिल को काबू कर लिया है। अन्य दो आरोपी निकी और अर्जुन मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पीड़ित व्यक्ति को इआरवी 181 द्वारा बीके हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी और पीड़ित गांव मवई का रहने वाले है। पीड़ित तोसीम उर्फ वसीम अपने दोस्तों के साथ हुड्डा मार्केट-सेक्टर-18 कार्तिक रेस्टोरेंट्स में खाना खा रहा था।

वहीं तीनों आरोपी भी खाना खाने आ रहा थे। जिन्होंने ड्रिंक कर रखी थी। दोनों पक्ष आपस में एक दूसरे को जानते हैं। उनमें किसी बात को लेकर तू-मैं-मैं हुई जो हाथापाई में बदल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने छुट-छुड़ाव करा दिया। तीनों आरोपियों ने रेस्टोरेंट से बाहर आकर तंदूर की सरिया लेकर तोसीम के बाहर आने पर हमला कर दिया था। जिसमें पीड़ित तोसीम को काफी चोट आई। मौके पर ही इआरवी 181 इंचार्ज सब इंस्पेक्टर बेगराज अपनी टीम के साथ पहुंचे और आरोपी साहिल को काबू कर लिया। अन्य दो आरोपी फरार हो गए थे। मौके पर पहुंची इआरवी 181 घायल तोसीम को बीके हॉस्पिटल लेकर गई। इआरवी 181 ने आरोपी साहिल को थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित की मां के बयान पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपी निकी और अर्जुन को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दोनों पक्ष आवारा किस्म के युवक हैं।

# महामारी अलर्ट : दस फरवरी तक बंद रहेंगे स्कूल और कॉलेज

## जिले में दस फरवरी, प्रातः 5 बजे तक लागू रहेंगी पाबंदियां

## पब्लिक मीटिंग्स, रैली, धरने, प्रदर्शनों पर भी रोक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला फरीदाबाद को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार प्रदेश में कोरोना के बढ़ते केसों के चलते सरकार ने महामारी अलर्ट सुरक्षित हरियाणा के तहत मिनी लॉकडाउन की पाबंदिया जारी कर दी हैं। जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला में कोविड के प्रकोप के चलते 26 जनवरी से 10 फरवरी तक सभी राजकीय व प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, पॉलीटेक्निक, आईटीआई, कोचिंग इंस्टीट्यूट, लायब्रेरी तथा ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। स्कूलों में 15 से 18 वर्ष आयु के किशोरों के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा जिला में मॉल और मार्केट शाम सात बजे तक ही खुले रख जा सकते हैं। बार और रेस्टोरेंट 50 प्रतिशत सीटिंग क्षमता के साथ ही संचालित होंगी।

जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने जिला में यह दिशा-निर्देश हरियाणा राज्य आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के चेयरमैन तथा हरियाणा के मुख्य सचिव ने जारी किए महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा आपदा प्रबंधन एक्ट 2005 के सैक्शन 51 से 60 के आदेशानुसार जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में अंतिम संस्कार और विवाह समारोह में क्रमश 50 और 100 लोगों से ज्यादा भाग नहीं ले सकते हैं, उन्हें भी कोविड अनुकूल व्यवहार तथा सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन करना होगा। एनजीओ तथा शहरी स्थानीय निकायों को पब्लिक में मास्क वितरण की सलाह दी गई है। जिला में 'नो मास्क नो सर्विस' का दृढ़ता से पालन किया जाएगा। कोविड अनुकूल व्यवहार का उल्लंघन करने वालों तथा मास्क नहीं पहनने और सोशल डिस्टिंसिंग आदि का पालन नहीं करने वालों पर 500 रुपये जुर्माना किया जाएगा। संस्थान यदि इन नियमों की अवहेलना करता है तो उस पर पांच हजार रुपये जुर्माना होगा। उन्होंने आगे कहा कि रात्रि 11 बजे से सुबह पांच बजे तक आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा।

# रियल एस्टेट के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



वर्ष 2019 में, मैसर्स आरवीए रियलकॉन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से रियल एस्टेट का काम करने वाली कंपनी के नाम पर सैकड़ों लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपी नंदकिशोर को पुलिस चौकी सेक्टर-11 की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी के विरुद्ध दिल्ली, उत्तरप्रदेश व फरीदाबाद में उक्त कंपनी के अंतर्गत मकान व जमीन बेचने का झांसा देकर ठगी करने के दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। जिनमें से सबसे ज्यादा, 25 केस उत्तरप्रदेश के गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी नंदकिशोर अपने अन्य साथियों के साथ उक्त कंपनी का विज्ञापन दिखाकर सौदा पक्का कर लेता था। इसके बाद ग्राहकों से अग्रिम राशि लेकर अपना ऑफिस दूसरी जगह शिफ्ट होने की बात कहकर फरार हो जाता था।

# आम आदमी पार्टी का सीपी ऑफिस पर प्रदर्शन

## अपराधियों को संरक्षण देने वालों पर हो कार्यवाही : भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


पुलिस कमिश्नर के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

आम आदमी पार्टी ने पुलिस कमिश्नर फरीदाबाद के मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। पकंज शर्मा मुरादाबाद के नारे भी लगाए। डबुआ थाने के अंतर्गत 5 दिसंबर को एक 14 वर्ष की लड़की गायब हुई थी, जो 17 तारीख को एक पार्क में बैठे हुई मिली थी। पार्क में घूमने आए लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लड़की का बयान कराया और फिर पुलिस ने लड़की का मेडिकल कराया, जिसमें लड़की से बलात्कार की पुष्टि हो जाती है, लेकिन अभी तक पुलिस ने दोषी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है और परिजनों ने यह भी बताया कि आरोपी परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। इसी मुद्दे को लेकर आज आम आदमी पार्टी ने पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा डबुआ कॉलोनी की 14 वर्षीय बेटी के साथ बलात्कार हुआ यह बहुत दुखद बात है और सबसे बड़ी दुखदाई बात यह है कि बलात्कारी एक महीने बाद गिरफ्तार होता है। उन्होंने कहा कि बिटिया और बिटिया के परिवार को डराने धमकाने का जो काम किया है इससे वह अपनी दबंगई दिखाकर परिवार को डरा रहा है। उस परिवार से दबाव में बयान दिलवाए हैं कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है, बलात्कार हुआ ही नहीं है इसी वजह से पुलिस ने उसे आज तक अरेस्ट नहीं किया है न उसके ऊपर आज तक कोई कानूनी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि मैं और आम आदमी पार्टी के सारे कार्यकर्ता सभी साथी इस दलित परिवार पीड़ित परिवार के साथ हैं। इनको जो जाति सूचक शब्द बोले गए हैं और डराया धमकाया गया है। आम आदमी पार्टी दलित परिवार के साथ खड़ी है। यहां हम यह मांग करने आए हैं पंकज शर्मा जो मुख्य आरोपी है, उसको जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उसके खिलाफ जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई की जाए। हम परिवार के साथ अंत तक हैं। जहां भी परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए जाना होगा, हम परिवार के साथ हमेशा तत्पर हैं। आखिरी दम तक दलित परिवार के साथ हम हैं।

# बैठक में सरकार के खिलाफ गरजे कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


बिजली निगम के सब डिवीजन कार्यालय पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन करते बिजली निगम के कर्मचारी।

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन की केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर प्रदेश के समस्त बिजली कर्मियों ने सब डिवीजनों पर गेट मीटिंग करते हुए अपना रोष व्यक्त कर आगामी आंदोलन की शुरुआत की। प्रदेश के कर्मचारियों में निगम मैनेजमेंट व सरकार की रोजाना नये-नये नियमों और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ भारी आक्रोश है। कर्मचारियों ने दिन-रात एक करके इस महकमे को घाटे से मुनाफे की ओर उबारने का काम किया है। साथ ही कोरोना काल मे हरेक कर्मचारी ने अपनी जान को जोखिम में डाल कर निर्बाध बिजली आपूर्ति कराई बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश में लगे लॉकडाउन को सफल बनाने काम किया।

सुनील खटाना प्रदेश महासचिव, सर्कल सचिव सतराम लाम्बा, केंद्रीय कमेटी के सतीश छाबड़ी सहित चारों यूनिटों के प्रधान जिनमें ओल्ड फरीदाबाद से लेखराज चौधरी, एनआईटी फरीदाबाद के प्रधान विनोद शर्मा, बल्लभगढ़ के प्रधान कर्मवीर व ग्रेटर फरीदाबाद के प्रधान सुनील कुमार आदि कर्मचारी नेताओं ने संबोधित करते सरकार व मैनेजमेंट पर आरोप लगाते हुए बताया कि जब पूरा विश्व इस वैश्विक महामारी की चपेट में आर्थिक संकट से जूझ रहा था। ऐसे समय मे भी बिजली कंपनियों की राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में बिजली निगम को देश मे दूसरे स्थान पर लाकर प्रदेश का नाम रोशन का काम किया, लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है, कि जब देश मे लॉकडाउन लगा था तब हमारी सरकार कर्मचारियों के लिये तोहफे में ऑनलाइन ट्रान्सफर पॉलिसी को लाकर कर्मचारियों को कोसों दूर करने का काम किया। इतना ही नही सीमित साधन व संसाधनों के साथ साथ मैन पावर की कमी से जूझते इस महकमे में राइट टू सर्विस एक्ट को लागू कर कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का काम किया। प्रदेश में हजारों कच्चे कर्मचारी जो एक लम्बे समय से पक्का होने बाट जोह रहे थे और सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व एक कलम से उन कच्चे कर्मियों को पक्का करने के वायदे करे थे, उन्हें पक्का करना तो दूर की बात सरकार ने कौशल रोजगार निगम बनाकर कई वर्षों से लगे कच्चे कर्मचारियों के वर्तमान वेतन को भी कम करने व इससे स्थाई भर्ती पर पूर्ण विराम लगाने काम सरकार कर रही है। श्रमिकों के 26 कानूनों को तोड़ मरोड़ कर पूंजीपतियों को चार कानूनों में तब्दील करने का काम किया व ना तो कोरोना काल मे जान गंवाने वाले बिजली कर्मियों के आश्रितों को 50 लाख रुपये मुआवजा मिला और ना ही वर्तमान में कार्यरत कर्मचारी को कोरोना वारियर्स का दर्जा प्राप्त हुआ बल्कि सरकार ने इस कोरोना महामारी की आड़ में कर्मचारियों का 18 महीने के डीए तक को रोके बैठी है। बिजली बिल संशोधन के नाम पर विभागों का निजीकरण करने पर आमादा है।

हमारी मुख्य मांगों में एनपीएस प्रणाली को बंद कर पुरानी पेन्शन बहाली कराना, कच्चे कर्मचारियों को जब तक पक्का नहीं किया जाता तब तक सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार समान काम समान वेतनमान देना, कर्मचारियों के लिये पूर्णतः कैशलेस मेडिकल चिकित्सा सुविधा बिना सशर्त लागू करना, एक्सग्रेसिया पॉलिसी लागू करना, फ्री यूनिफॉर्म लागू करना, जोखिम भत्ता देना, क्लेरिकल कर्मियों को वर्दी देना, समुचित टी एन्ड पी सहित संसाधन देना आदि माँगें हैं जिनपर निगम और सरकार चुप्पी साध रहे हैं। इन सभी मांगों के साथ-साथ 31 जनवरी को प्रदेश के सभी डिवीजन कार्यालयों पर प्रदर्शन होंगे व 08 फरवरी को प्रदेश के सभी सर्कल कार्यालयों पर, 14 फरवरी को हिसार मुख्यालय पर, 17 फरवरी को पंचकूला मुख्यालय पर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किये जायेंगे।

# अमृता हॉस्पिटल में लगा वैक्सीनेशन कैम्प


अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में वैक्सीनेशन कैम्प।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

देश में कोरोना एक बार फिर से पैर पसार रहा है। कोरोना जैसी महामारी पर विजय पाने के लिए सभी आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में अमृता इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस हॉस्पिटल, फरीदाबाद में वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया।

कैम्प जिला स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चल रहे सीएचसी सेंटर खेड़ी कला द्वारा लगाया गया। सीएचसी सेंटर के डॉ. गजेन्द्र अधाना की देखरेख में लगाए गए इस कैम्प में 180 लोगों को टीका लगाया गया। डॉ. अधाना ने बताया कि कैम्प में कोविशिल्ड 160 को लगाई गई और कोवैक्सीन की डोज 20 लोगों को लगाई गई। जिसमें 60+ लोगों को बूस्टर डोज भी लगाए गए। इस कैंप में खेड़ी की मेडिकल टीम द्वारा कोविड वैक्सीनेशन किया गया। इस टीकाकरण के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इस मौके पर अमृता इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस हॉस्पिटल से स्वामी निजामृतानंद पुरी, स्वामी स्वप्रकाशामृता के अलावा डॉ. हिमालय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## मास्क वितरित किए


लोगों को मास्क वितरित करते एसएचओ कोतवाली हुकुम सिंह, एसएचओ एनआईटी जयवीर सिंह और पुलिस की आवाज संस्था के पदाधिकारी।

फरीदाबाद। 73 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में कोरोना नामक महामारी से बचाव के लिए पुलिस की आवाज (एनजीओ) की टीम ने एसएचओ हुकम सिंह (पुलिस स्टेशन कोतवाली फरीदाबाद) व एसएचओ जयवीर (पुलिस स्टेशन एनआईटी फरीदाबाद) के साथ मिलकर एनआईटी एक और पांच की मार्केट में मास्क वितरित किये। एनजीओ के सदस्यों ने लोगों को मास्क पहनकर घर से बाहर निकलने के लिए जागरूक किया। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मास्क न पहनने वालों, यातायात नियमों का पालन न करने वालों और नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वाले लोगों के चालान कटवाने में पुलिस का सहयोग करें।

## निगमायुक्त ने 311 ऐप के माध्यम से किया निरीक्षण


नगर निगम के कर्मचारियों की 311 ऐप द्वारा हाजिरी का निरीक्षण करता निगम अधिकारी।

फरीदाबाद। निगमायुक्त यशपाल ने निगम के सहायक अभियंताओं, कनिष्ठ अभियन्ताओं, सफाई निरीक्षकों, एएसआई, सफाई दरोगा के साथ एक ऑनलाइन बैठक की और बैठक में फरीदाबाद 311 ऐप के माध्यम से सफाई कर्मचारियों की हाजरी का निरीक्षण करने, विभिन्न अनियमितताएँ जैसे-दुकानदारों द्वारा सरकारी जमीनों पर कब्जा करना, कूड़ा-करकट इधर-उधर फैंकना, सरकारी इमारतों पर पोस्टर लगाना आदि के खिलाफ चालान जारी करने बारे निर्देश दिये। इसी श्रृंखला में उपस्थिति का निरीक्षण करने के लिए सहायक अभियंताओं/ कनिष्ठ अभियन्ताओं, सफाई निरीक्षकों/एएसआई/सफाई दरोगा की विभिन्न टीमों का गठन किया गया और इन टीमों ने 27 और 28 जनवरी को फरीदाबाद 311 ऐप के माध्यम से सुबह 8 बजे और दोपहर 1 बजे उपस्थिति का निरीक्षण किया और अपनी-2 रिपोर्ट निर्धारित प्रोफार्मा में 3.00 बजे अतिरिक्त निगमायुक्त कार्यालय में भेजी। निगमायुक्त ने बताया कि 27 जनवरी के निरीक्षण के दौरान कुल 2906 कर्मचारियों में से 327 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये, जबकि 28 जनवरी के निरीक्षण के दौरान 124 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। इन सभी अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। निगमायुक्त ने आगे बताया कि ऐसे निरीक्षण वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी समय समय पर किये जायेंगे।

## परीक्षा को लेकर अभाविप के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन


जेसी बोस विश्वविद्यालय परीक्षा को लेकर ज्ञापन देते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद के सदस्य।

फरीदाबाद। जेसी बॉस विश्वविद्यालय में परीक्षा संबंधी आ रही समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। जिला मीडिया संयोजक रवि पांडे ने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों हितों के लिए निरन्तर संघर्षरत है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की तिथि जारी किया गया है। जिसके कारण दूसरे राज्यों में रहने वाले छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग के छात्रों के गेट के महत्वपूर्ण परिक्षाएं भी जोकि दिनाक 5, 6, 12, 13 फरवरी को है। वहीं विवि द्वारा 8 फरवरी से परिक्षाओं की डेटशीट जारी किया गया है। जिस कारण डर करने छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा, दूरदराज के विद्यार्थियों के आने के लिए 10 दिनों का समय बहुत कम है। कुछ विद्यार्थी डबल वेक्सीनेटेड नहीं हैं, उनकी दूसरी डोज की नियत तिथि फरवरी के बाद है, उनका क्या होगा? अभाविप मांग करती है कि परिक्षा की तिथि बढ़ाई जाएं। जैसे महत्वपूर्ण मांगों को लेकर रजिस्ट्रार वाईएमसीए विश्वविद्यालय डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने ज्ञापन लेते हुए कहा कि आपकी मांगों को हम विश्वविद्यालय वीसी के समक्ष रखेंगें। इस अवसर पर पलवल जिला संयोजक हितेश वशिष्ठ, राहुल, सुमित, सोनिया, कुमार, दीपक, अमन, हिमांशु, कुणाल, सौरव, कनिका उपस्थित रहे।

## शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि : सतबीर मान

फरीदाबाद। अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को 30 जनवरी को मौन श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकारी हिदायतों के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम के शहीद सेनानियों की जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में 30 जनवरी को दो मिनट का मौन धारण करके स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## कोरोनाः एक मौत, 407 पॉजिटिव और 1061 ने जीती जंग


कोरोना की जांच करवाता एक व्यक्ति।

फरीदाबाद। जिले में 407 नए कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए हैं। वहीं जिला स्वास्थ्य विभाग ने एक मौत होने की पुष्टि की है। कोविड-19 के मृतकों की संख्या का आंकड़ा 733 पर पहुंच गया है। जिले में एक्टीव केस 5440 हो गए है। जिसमें होम आईसोलेशन में 5318 और अस्पताल में दाखिल मरीजो की संख्या 122 है। जिसमें 27 ऑक्सीजन, आईसीयू 26 और 6 वैंटीलेटर पर हैं। जिले में राहत की बात यह रही कि 1061 मरीज स्वस्थ्य हो गए हैं। वहीं स्वस्थ्य होने की दर 94.98 प्रतिशत हो गई है। वहीं दूसरी तरफ कोरोना के निजी और सरकारी प्रयोगशालाओं में अधिक से अधिक सैम्पल जांच किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पिछले 24 घंटे में कुल 4005 सैम्पल जांच किए गए। वहीं निजी में लिए गए 867 और सरकारी में लिए गए 3018 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। लेकिन राहत की बात यह है कि करंट सैम्पल पॉजिटिवी रेट जिले में 10.16 प्रतिशत है। 407 नए आए सैम्पलों में सेक्टर-तीन से 28, सेक्टर- 8 से 22, सेक्टर-15 से 23, ग्रीन फिल्ड कालोनी से 14, सेक्टर-82 से 11, सेक्टर-दो से 12 और बाकी मरीज अन्य एरियों से शामिल है।

## शहीद लाला लाजपत राय की 157वीं जयंती मनाई



फरीदाबाद। हरियाणा प्रदेश वैश्य महा सम्मेलन की जिला फरीदाबाद इकाई द्वारा शुक्रवार को वीर शहीद लाला लाजपत राय जी का 157वां जयंती महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश गुप्ता ने शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमन गोयल, महामंत्री समीर गुप्ता एवं आकाश गुप्ता ने की। सर्वप्रथम सभी ने मिलकर लाला लाजपतराय जी की प्रतिमा को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। ओम प्रकाश गुप्ता ने लाला लाजपतराय जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी मौत अंग्रेजी हुकूमत की ताबूत की आखिरी कील थी। उन्होंने देश में फैला छुआछूत के खिलाफ लंबा संघर्ष किया। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष अमन गोयल ने कहा कि लाला लाजपतराय जी ने अनाथ राहत आंदोलन की नींव रखी।

# हिमालय क्वीन ट्रेन के फर्रुखनगर तक विस्तार की प्रक्रिया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को दी जानकारी

### राव इंद्रजीत सिंह की ओर से रेलवे सलाहकार बोर्ड सदस्य गोयल को भेजा पत्र

**रेलवे** सलाहकार बोर्ड के सदस्य डा. डीपी गोयल द्वारा हिमालय क्वीन ट्रेन का गुरुग्राम-रेवाड़ी ट्रेन रूट पर फर्रूखनगर तक विस्तार की मांग पर अब कार्यवाही शुरू हो गई है। इस पत्र पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को अगवत कराया गया है। साथ ही केंद्रीय सांख्यिकी कार्यक्रम क्रियान्वयन व योजना राज्य मंत्री की ओर से डा. डीपी गोयल के नाम पत्र भेजकर इस मामले में कार्यवाही की सूचना दी है।

दिल्ली सराय रोहिल्ला से चंडीगढ़ (कालका जी) तक संचालित की जा रही है हिमालय क्वीन एक्सप्रेस ट्रेन के फर्रूखनगर में ठहराव को लेकर रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डा. डीपी गोयल ने प्रयास किए थे। डा. गोयल के



डा. डीपी गोयल।

अनुसार उन्होंने हिमालय क्वीन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या-14095/96 का गुरुग्राम के फर्रूखनगर तक विस्तार की बात कही थी। इस ट्रेन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्र गुरुग्राम से सीधे जुड़े जाएंगे। यहां आने-जाने में लोगों को सहूलियत होगी।

जेडआरयूसीसी सदस्य होने के नाते उन्होंने गुहार लगाई कि दिल्ली सराय रोहिल्ला जंक्शन से कालकाजी तक जाने वाली हिमालय क्वीन एक्सप्रेस ट्रेन का फर्रूखनगर तक विस्तार करें। फर्रूखनगर से यह ट्रेन संचालित होगी तो लोगों को और अधिक सहूलियत होगी। डा. डीपी गोयल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार जताया है। साथ ही उम्मीद जताई कि जल्द ही इस ट्रेन का विस्तार फर्रूखनगर तक होने पर यात्रियों को सुविधा मिल जाएगी।

## अब 250 नहीं मात्र 50 रुपये में होगा रैपिड एंटीजन टेस्ट

**गुरुग्राम।** राज्य सरकार की हिदायत के अनुसार गुरुग्राम जिला में कोरोना के रैपिड एंटीजन टेस्ट के रेट 250 रुपये से घटाकर 50 रुपये किए गए हैं। अब कोई भी लैब 50 रुपये से अधिक जांच के लिए नहीं ले सकते।

सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने जिला के सभी निजी अस्पतालों तथा प्राईवेट लैबोरेटरियों को लिखित रूप में आदेश जारी करते हुए चेतावनी दी है कि इन आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी। कोरोना के रैपिड एंटीजन टेस्ट के रेट 50 रूप्ये कर दिए गए हैं। सिविल सर्जन ने कहा कि कोरोना संक्रमण होने का संदेह होने पर टेस्ट जरूर करवाएं, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। कोरोना के अन्य प्रकार के टेस्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इस महामारी से संबंधित 4 अन्य टेस्ट भी होते हैं।

# टूटी सड़क, जलभराव से परेशान हैं अटलांटिस सोसायटी के निवासी

### जीएमडीए के सीईओ से शिकायत देकर की समाधान की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेक्टर-31** मे रहेजा अटलांटिस अपार्टमेंट्स के सामने वाली सड़क कई वर्षों से टूटी हुई है और जलभराव बहुत अहम मुद्दा है। कुछ समय की बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है। वहां की निवासी डॉ. सारिका वर्मा और कमांडर राहुल गुप्ता ने अटलांटिस रेजिडेंट्स एसोसिएशन की तरफ से जीएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल से मिलकर समस्या के समाधान की मांग की है।

डॉ. सारिका वर्मा ने बताया कि पिछले 12 वर्ष से एनएच-48 से रहेजा अटलांटिस की तरफ सड़क सड़क की देखरेख नहीं हुई है। सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कई बार एमसीजी और सीएम विंडो पर इसके बारे में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

अक्टूबर 2021 मे निगम कमिश्नर से मिलकर इस सड़क के रिपेयर की कार्रवाई शुरू हुई थी। चार महीने बाद नए जेई ने कह दिया कि सड़क नहीं बन सकती। मास्टर



जीएमडीए के सीईओ को सड़क बनाने के लिए मांग पत्र सौंपते रहेजा एटलांटिस के सदस्य।

प्लान में यह सड़क शामिल नहीं है। आरडब्ल्यूए के मुताबिक एमसीजी के कागजों में यह सड़क एमसीडी के अधीन ही आती है।

डॉ. सारिका ने बताया जीएमडीए सीईओ सुधीर राजपाल ने उन्हें आश्वासन दिलाया है कि जलभराव की समस्या का समाधान वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स के जरिए करवाया जाएगा। ग्रीन बेल्ट को ठीक-ठाक करवाया जाएगा। उन्होंने एमसीजी कमिश्नर मुकेश अहूजा जी से भी बात करके जल्द से जल्द सड़क ठीक कराने की दरखास्त की। उम्मीद करते हैं कि आदेशों का जल्द पालन होगा और रहेजा अटलांटिस और सेक्टर-31 के नागरिकों को राहत मिलेगी।

# गरीबों को निःशुल्क डायलिसिस सुविधा देगा रोटरी सेंटर



गुरुग्राम के कादीपुर स्थित रोटरी डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** रोटरी ब्लड सेंटर कादीपुर में शुक्रवार को डायलिसिस की सुविधा भी शुरू हो गई। यहां बनाए गए डायलिसिस सेंटर का मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनूप मित्तल ने शुभारंभ किया।

अनूप मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि रोटरी क्लब के प्रयास से गुरुग्राम में रोटरी डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ हुआ। इस सेंटर को संचालित करने का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराना है। सभी रोटेरियन के सहयोग से इस उद्देश्य को पूरा किया जाएगा। रोटरी ब्लड सेंटर के प्रेसिडेंट एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि रोटरी ब्लड सेंटर पूरे देश में बीमार और जरूरतमंद लोगों को ब्लड उपलब्ध कराने और उनकी जीवन की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि गुरुग्राम औद्योगिक रूप से विकसित शहर है। मल्टीनेशनल कंपनियां होने के कारण यहां पर श्रमिक और मजदूर तबके के लोगों की संख्या अधिक है। आर्थिक रूप से कमजोर थैलेसीमिया पीड़ित लोगों को इलाज के लिए कहीं भटकने की जरूरत ना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए डायलिसिस सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

उद्घाटन अवसर पर जनरल सेक्रेटरी रोटेरियन कंवल सिंह यादव, रोटरी क्लब गुरुग्राम के प्रेसिडेंट रोटेरियन गजेंद्र कुमार, असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रविंद्र जैन, रोटेरियन दीपक तलवार, रोटेरियन डॉ. सुशील खुराना आदि मौजूद रहे।

## लाला लाजपत राय की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**होडल।** अग्रवाल पुरानी जीटी रोड स्थित अग्रवाल भवन के प्रांगण में शुक्रवार को महान स्वतंत्रता सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपात राय की 157वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक डा. जेके मित्तल ने की।

इस मौके पर अग्र बंधुओं ने लाला लाजपात राय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर अग्रवाल भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ लाला लाजपत राय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर डा. मित्तल ने कहा कि लाला लाजपत राय भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हें पंजाब केसरी भी कहा जाता था। उन्होंने कहा कि लालाजी के विचार व देश के प्रति उनका समर्पण आज भी हम सबको प्रेरणा देता है। मां भारती के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहूति दी। लालाजी की बलिदान व त्याग की भावना पूरे भारत के लिए एक प्रेरणाश्रोत है। उन्होंने कहा कि वह संपूर्ण भारत में राष्ट्रीयता की भावना एवं स्वतंत्रता की अलख जगाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी थे।

# अपनी संस्कृति रूपी जड़ों से जुड़े रहना जरूरी: साध्वी रोशनी बाई



मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/रोहतक

**मानव** उत्थान सेवा समिति की ओर से मानव धर्म के प्रणेता सतपालजी महाराज की शिष्या साध्वी रोशनी बाई की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस एवं श्रद्धेय विभूजी महाराज के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में इंद्रा कालोनी स्थित शिवकुमार गुप्ता के मकान पर सद्भावना संत सम्मेलन का आयोजन किया गया।

साध्वी रोशनी बाई ने कहा कि मानव उत्थान सेवा समिति देश, धर्म मर्यादा में रहकर सनातन धर्म से जीवन सार्थक कर सकता है। इसलिए यह भारत भूमि संतों के आशीर्वाद से ही वंदनीय है। हम सबको अपने देश के प्रति अच्छी सोच रखनी चाहिए। देश के विकास में हर व्यक्ति को भागीदार बनना चाहिए। अपने लिए तो पशु-पक्षी भी जीते हैं।

अपना पेट वे भी भरते हैं। भगवान ने सिर्फ इंसान को सोचने, समझने, बोलने की क्षमता दी है। इसलिए इंसान सब काम सोच-समझकर करता है। इंसान को चाहिए कि वह समाज में अपनी बेहतर सेवाएं दें। अपनी संस्कृति को भी बचाने में आगे आएं। आज पाश्चात्य संस्कृति बढ़ती जा रही है। यह भारतीय संस्कृति के लिए सही नहीं है। हमें अपनी संस्कृति को ही अपनाना चाहिए। हमारी पौराणिक परम्पराएं घर-परिवार को एकता के सूत्र में बांधती हैं, लेकिन पाश्चात्य संस्कृति से हमें नुकसान पहुंच रहा है। हमारी भावनाएं, संवेदनाएं अपनी संस्कृति में ही हैं।

हमें अपनी पीढ़ियों को अपनी संस्कृति से ना केवल अवगत कराना चाहिए, बल्कि अपने रहन-सहन, खान-पान के तौर-तरीके भी सिखाने चाहिए, ताकि हमारी संस्कृति पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ती रहे। इस अवसर पर विशेष सहयोगी शिवकुमार गुप्ता, मानव सेवा दल समिति के सदस्य डा. विरेंद्र स्वामी, सूबेदार रामफल, रविकांत, सतबीर, रोहतास, उपमंडल प्रमुख कृष्ण कुमार, राजेश भट्टी, हरिओम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर बैठक हुई

कैलाश मंगला। होडल

**नेशनल** हाइवे स्थित डबचिक टूरिज्म कॉप्लेक्स के प्रांगण में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान राजेश शर्मा व जिला सचिव योगेश शर्मा ने ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रधान उदयवीर सौरोत ने की और संचालन ब्लाक सचिव देवेन्द्र नम्बरदार ने किया। राजेश शर्मा व योगेश शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार को बताना चाहिए कि इस देश में जनवरी 2004 से पहले और जनवरी 2004 के बाद सेवा में लगे कर्मियों पर अलग-अलग पेंशन क्यों लागू है। सभी कर्मियों पर एक समान पुरानी पेंशन स्कीम लागू क्यों नहीं की जा रही है।

उन्होंने यह सवाल किया कि एक राष्ट्र में दो प्रकार की नौकरी (कच्ची व पक्की) नौकरी क्यों है, जबकि काम दोनों प्रकार के कर्मचारी एक जैसा करते थे। सरकार सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का कर एक राष्ट्र व एक समान कर्मचारी का सिद्धांत लागू क्यों नहीं कर रही है। उन्होंने दावा किया कि आगामी 23-24 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगी। हड़ताल का संयुक्त किसान मोर्चा ने भी समर्थन का ऐलान किया है।

जिला प्रधान राजेश शर्मा व ब्लॉक प्रधान उदय वीर सौरोत व ब्लाक सचिव देवेन्द्र नम्बरदार ने बताया कि 23-24 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की प्रमुख मांगों में एनपीएस रद्द कर पुरानी पेंशन बहाली, ठेका प्रथा समाप्त कर कच्चे कर्मियों को पक्का करने, पक्का होने तक समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने, छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों का समायोजन हो, कच्ची भर्ती बंद हो और कौशल रोजगार निगम भंग हो, नेशनल मुद्रीकरण पाइपलाइन योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं परिसंपत्तियों को बेचने पर रोक लगाने, खाली पड़े लाखों पदों को पक्की भर्ती से भर बेरोजगारों को रोजगार व जनता को बेहतर जन सुविधाएं प्रदान करने, लेबर कोड्स, एचआरए के स्लैब में बदलाव करने, पेंशनर्स की 65,70,75 व 80 वर्ष आयु पर बेसिक पेंशन में पांच प्रतिशत बढ़ोतरी करना आदि शामिल हैं।

## शहीद सचिन के नाम पर अलीपुर में बनाएं पीएचसी

**सोहना।** अलीपुर ग्राम पंचायत ने एसडीएम को उपायुक्त के नाम ज्ञापन पत्र सौंपते हुए शहीद सचिन डागर के नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किए जाने की मांग की है।

इसके साथ दो अन्य मांगों भी मांगी गई है। अलीपुर निवासी 24 वर्षीय सचिन डागर देश की रक्षा करते हुए कश्मीर के कूपवाड़ा में 17 जनवरी को दिल का दौरा पड़ने से शहीद हो गया था। शुक्रवार को अलीपुर में शहीद सचिन डागर को सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि देने के लिए सभा का आयोजन किया। यह श्रद्धांजलि सभा गांव के राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रखी गई।

### क्या है तीन मुख्य मांगें

**ग्राम** पंचायत की तरफ से जिन तीन मांगें रखी गई हैं। उसमें गांव के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल का नाम शहीद सचिन डागर के नाम पर रखा जाए। दूसरी मांग गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मांग के साथ गांव को आने वाली सड़क के मोड़ पर मुख्य द्वार बनाया जाए। तीसरी मांग गांव में शहीद के सम्मान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जाए।

### एसडीएम को दिया मांग पत्र

**ग्राम** पंचायत की निवर्तमान सरपंच ममता डागर ने बताया कि उपायुक्त के नाम एसडीएम जितेन्द्र गर्ग को शुक्रवार को ग्रामीणों द्वारा मांग पर सौंपा गया है। एसडीएम ने ग्रामीणों को जल्द से जल्द उपायुक्त तक मांग पत्र को पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

# घाटी में टूटी हुई रिटर्निंग वॉल दे रही मौत को न्योता

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** घाटी में टूटी हुई रिटर्निंग वॉल जान लेवा हादसों को दावत दे रही है। घाटी में कभी भी टूटी हुई दीवार की वजह से चालक के साथ जानलेवा हादसा हो सकता है। सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग की घाटी में सड़क के साथ-साथ बनी सुरक्षा दीवार 4 से 5 स्थानों पर टूटी हुई है। टूटी हुई दीवार से स्थान पर कभी भी बाइक-स्कूटी से लेकर भारी वाहन टूटी हुई दीवार से गहरी खाई में कूद सकता है। सर्दी के मौसम में कोहरा छा जाने पर घाटी की टूटी दीवार वाहन चालकों को नजर तक नहीं आती है।

### टूटी दीवार लोगों की जान का खतरा

**घाटी** के साथ-साथ बने मकानों में रहने वाले लोगों की टूटी हुई दीवारों



सोहना घाटी में टूटी सुरक्षा दीवार जान लेवा हादसों को दावतें दे रही है।

ने रातों की नींद व दिन का चैन छीना हुआ है क्योंकि जहां-जहां से घाटी की सुरक्षा दीवार टूटी है। वहां पर पक्के मकान बनाकर रह रहे लोगों की वाहन कूदने से जान को खतरा है। बाल किशन का कहना है कि घाटी से अभी तक भारी वाहन ही दीवारों को तोड़कर 20 से 30 फुट गराई में गिरे हैं। घाटी की टूटी दीवारों को लोक निर्माण विभाग टूटी दीवारों का निर्माण नहीं करा रहा है।

### ऐसा कहते हैं अधिकारी

**लोक** निर्माण विभाग के एसडीओ अजीत सिंह ने बताया कि टूटी दीवारों का निर्माण कराने के लिए इस्टीमेट बनाकर पंचकूला स्थित उच्चाधिकारियों के कार्यालय में मंजूरी के लिए भेजा हुआ है। बजट आने के साथ ही दीवारों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# दबंगों ने पीड़िता के मकान पर किया कब्जा

### मकान खाली कराने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है पीड़िता

### पीड़ितों को दबंगों से जानमाल का भी बना हुआ है खतरा

पायनियर समाचार सेवा। होडल

**कस्बा** हसनपुर के गांव सहनौली में मकान पर दबंगों द्वारा किए गए कब्जे को खाली कराने के लिए मां-बेटे दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। पीड़ितों द्वारा पुलिस के समक्ष गुहार लगाने के बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित पुलिस पर दबंगों से मिलीभगत के आरोप लगा रहे हैं। पीड़ितों को दबंगों से जानमाल का भी खतरा बना हुआ है।

थाना हसनपुर के अंतर्गत गांव सहनौली निवासी महिला कमला देवी ने हसनपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 2017 में उसके पुत्र शिवदत्त ने गांव सहनौली में एक 150 वर्गगज प्लॉट का सौदा सुरेश को पूरे रुपये देकर किया था। उसने शिकायत में बताया कि वह दोनों मां-बेटा प्लॉट में घर बनाकर रहने लगे, लेकिन 2020 में सुरेश ने उसी प्लॉट का सौदा गांव काशीपुर निवासी रणबीर के साथ कर दिया। उसने बताया कि शिवदत्त ने इस मामले की शिकायत पुलिस व अदालत को दी थी। कमला देवी ने बताया कि जब हम मां-बेटे बाहर गए थे तो रणबीर ने हमारे मकान का ताला तोड़कर उस मकान पर जबरन कब्जा कर लिया। महिला ने बताया कि जब मैं तथा मेरा पुत्र घर पर पहुंचे तो वहां पहले ही दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थे और उन्होंने हमारे साथ मारपीट की और हमें वहां से भगा दिया। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने हमारे घर में रखे कीमती सामान, सोना-चांदी व नगदी आदि को भी अपने कब्जे में ले लिया। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत हसनपुर थाना पुलिस से की, लेकिन पुलिस ने दबंगों के साथ सांठगांठ कर हमारी कोई मदद नहीं की। पीड़िता ने बताया कि जब पुलिस ने हमारी गए ना सुनी तो हमने अदालत का सहारा लिया। अदालत से मकान खाली करने के आदेश आने के बाद भी दबंगों ने हमारा मकान खाली नहीं किया। पीड़िता ने बताया कि वह मकान खाली कराने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। इस मामले में हसनपुर थाना प्रभारी मोहरपाल सिंह का कहना है कि उन्होंने पीडिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया हुआ है।

# नप का सड़कों किनारे लगे अवैध होर्डिंगों पर शिकंजा कसना शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद ने क्षेत्र में अवैध रूप से स्थापित होर्डिंगों पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। बीते दो दिन में चला अभियान में 50 से 60 होर्डिंग हटाए गए। जिसके चलते होल्डिंग माफि याओं में हड़कंप मच गया है। नगर परिषद अधिकारी जल्द ही सड़कों व सार्वजनिक स्थलों को होल्डिंग हटाने का दावा कर रहे हैं।

शहर से गुरुग्राम, पलवल, नूंह, तावडू को जाने वाले मार्गों पर अवैध होर्डिंग लगे हुए हैं। विज्ञापन माफिया बगैर किसी सरकारी अनुमति के अपने अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। जिससे नगर परिषद को हर माह लाखों रुपये का आर्थिक घाटा हो रहा है। किंतु बावजूद इसके ऐसे कारोबार को अंजाम देने वाले बेखौफ होकर अपना कार्य कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि विज्ञापन माफि याओं को नेताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। जिसके कारण ये खेल बेरोकटोक



नगर परिषद के कर्मचारी गुरुग्राम मार्ग पर टंगे अवैध होल्डिंगों को हटाते हुए।

चल रहा है। माफियाओं ने इलाके को पूर्ण रूप से पाट डाला है। जिन्होंने बगैर प्रशासनिक अनुमति लिए जबरन सार्वजनिक स्थलों, दीवारों, खम्भों, फुटपाथ आदि पर विज्ञापन होल्डिंग लगाकर जबरन अतिक्रमण कर डाला है। जिनपर नेताओं व कमर्शियल आदि के विज्ञापन अंकित हैं। माफिया लोग विज्ञापन व होर्डिंग दाताओं से मोटी रकम वसूलते हैं। यह अवैध कारोबार कई वर्षों से चल रहा है। वहीं इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए गुरुवार से नगर परिषद ने अभियान शुरू किया। जो शुक्रवार को जारी रखते हुए अवैध होल्डिंगों को हटाया गया। जिसके चलते माफि याओं में बेचैनी व्याप्त है।

### ऐसा कहते हैं अधिकारी

**नगर** परिषद के म्यूनिसिपल इंजीनियर सुशील ठाकरान कहते हैं कि अवैध होर्डिंग्स को अभियान चलाकर हटा दिया गया है। यह कार्यवाही नियमित रूप से चलती रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि परिषद जल्द ही विज्ञापन नीति को लागू करेगी। जिसका प्रारूप प्रशासन को भेज दिया है। जिसके रेटों का निर्धारण होने के बाद टेंडर दिया जाएगा।

## युवाओं को कौशल रोजगार निगम पोर्टल से मिलेगा कॅरियर

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को करियर संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से हरियाणा कौशल रोजगार निगम पोर्टल लांच किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं को करियर सम्बन्धी जानकारी देकर उनका कौशल विकास किया जाएगा।

डीसी डॉ. यश गर्ग ने बताया कि युवाओं को पोर्टल के माध्यम से हरियाणा के सरकारी विभाग, निगम, बोर्ड, विश्वविद्यालय व अन्य सरकारी संस्थान आदि में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके लिए प्रार्थी को पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण करने के लिए परिवार पहचान पत्र सहित अन्य दस्तावेज व प्रमाण पत्र होने अनिवार्य है। डीसी ने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर राज्य के युवा विभिन्न पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। सरकार द्वारा इस प्रणाली पर रखे गए कर्मचारियों को ईपीएफ, ईएसआई आदि जैसी सभी सुविधाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा।

# 45 वर्षों में दो करोड़ पेड़ लगा चुके पीपल बाबा

### सिरसा के रहने वाले थे पीपल बाबा के पिता

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण को 45 वर्षों से अनवरत साधना में लगे पीपल बाबा के जन्मदिवस और स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर हरियाली क्रांति अभियान ने इस वर्ष पीपल-बरगद पौधारोपण का सबसे बड़ा अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है।

पीपल बाबा के संरक्षण में गुरुग्राम के मानेसर के कर्मा लेक लैंड में दुनिया की सबसे बड़ी पीपल व बरगद के पौधों की नर्सरी की शुरुआत पिछले वर्ष की गई है। इसे इस वर्ष और विस्तार देने की योजना है, ताकि जरुरत के मुताबिक पौधों का उत्पादन हो सके। बीते 45 वर्षों में पीपल बाबा 2 करोड़ 30 लाख पेड़ लगा चुके हैं। हरियाली क्रांति अभियान के जन्मदाता व गिव मी ट्री ट्रस्ट के संस्थापक पीपल बाबा का जन्म गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी 1966 को चंडीगढ़ में हुआ



गुरुग्राम के मानेसर कर्मा लेक लैंड में युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते पीपल बाबा।

था। इनके पिता सिरसा के रहने वाले थे और वर्तमान में वे पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में रहकर एनसीआर सहित देश के कोने-कोने में हरियाली क्रांति की मूहिम चला रहे हैं। अपने शिक्षक से प्रभावित हो पीपल बाबा 10 वर्ष की उम्र से ही पौधारोपण मुहिम से जुड़ गये। आज वे हरित क्रांति, श्वेत क्रांति की तर्ज पर देशव्यापी हरियाली क्रांति अभियान चला रहे हैं।

**लॉकडाउन में 100 करोड़ से अधिक पौधे हुए बर्बाद :** पीपल बाबा के मुताबिक मानेसर के कर्मा लेक लैंड स्थित नर्सरी की सुरक्षा व पानी की उचित व्यवस्था है। देश का राष्ट्रीय वृक्ष बरगद और हरियाणा का राजकीय वृक्ष पीपल है, जिससे यहां से बरगद व पीपल के पौधों को लगाने का संदेश पूरे देश में जायेगा। उन्होंने बताया कि कोरोना लॉकडाउन के दौरान देश में 100 करोड़ से अधिक पौधों की नर्सरी बर्बाद हुई। उनका प्रयास है, इस वर्ष पौधारोपण को धार देकर इसके प्रभाव को कुछ कम किया जाए। उन्होंने कहा, अबतक वे 18 राज्यों के 205 जिलों में पौधारोपण अभियान चलाए, जिसमें 17 हजार से ज्यादा स्वयंसेवक जुड़कर देश में हरियाली क्रांति अभियान की अलख जगा रहे हैं।

### गुरुग्राम-एनसीआर में लगाए हैं 13 लाख से अधिक पेड़

**गुरुग्राम** सहित एनसीआर में ही हरियाली क्रांति अभियान के तहत 13 लाख से ज्यादा पौधे लगाये गये, जो अब पेड़ बन चुके हैं। नोएडा के सेक्टर 115 में नोएडा अथारिटी के 10 एकड़ जमीन में 68 हजार पेड़ों का जंगल तैयार किया है, जिसे हरित उपवन कहते हैं। इसके आलावा जौनापुर स्थित बाबा नीम करौली मंदिर के आसपास अरावली रेंज में भी एक बड़ी हरित पट्टी विकसित किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा में 2 लाख पेड़, मेरठ में नीम अभियान के अंतर्गत 5 लाख पेड़, लखनऊ में 3 लाख पेड़ों का हरित क्षेत्र अटल उदय उपवन तैयार किया। अब पीपल बाबा की टीम देश में हरियाली क्रांति अभियान के अंतर्गत गांवों को गोद लेकर पौधे लगाकर हरियाली क्रांति चला रहे हैं।

# एचएसआईआईडीसी: किसानों ने रुकवाया चीन की कंपनी का निर्माण कार्य

### एसडीएम सलोनी शर्मा ने गुस्साए किसानों से बातचीत की, पुलिस ने संभाला मोर्चा

### किसानों से डीसी के कुछ दिन का टाइम मांगने पर धरना स्थगित हुआ

रिजवान कासिम। मेवात

**आईएमटी** सोहना में शुक्रवार को किसानों ने चीन की कंपनी द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया। बड़ी तादाद में उन नौ गांवों के किसान चीन की कंपनी के निर्माण कार्य को रुकवाने के लिए पहुंचे जिन गांवों की जमीन का आईएमटी सोहना के लिए अधिग्रहण किया गया था। किसान जैसे ही चीन की कंपनी का काम रुकवाने पहुंचे तो कंपनी में काम कर रहे लोगों का किसानों का आमना-सामना हो गया।

वहीं नौ गांवों के किसानों ने डीसी कैप्टन शक्ति सिंह से मुलाकात की। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने किसानों को मंगलवार तक का टाइम दिया है। फिलहाल धरने को समाप्त कर दिया गया है। किसानों का आरोप है कि कंपनी के कर्मचारियों ने भारतीय किसान यूनियन मुर्दाबाद तथा चीन जिंदाबाद के नारे भी लगाए। जिनके उनके पास सबूत है। मामला तूल पकड़ने लगा तो आईएमटी सोहना में बड़ी तादाद में पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई। इतना ही नहीं सलोनी शर्मा आईएएस एसडीएम नूंह भी मौके पर पहुंची और गुस्साए किसानों से बातचीत की। किसानों का तेवर देख एसडीएम सलोनी शर्मा ने कहा कि किसानों को बातचीत के लिए निमंत्रण दिया है। 13 सदस्यों की कमेटी उपायुक्त कार्यालय में दोपहर बाद 3 बजे बैठक करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के साथ कंपनी के जिन कर्मचारियों ने गुंडागर्दी की है। उसकी जांच कराई जाएगी और पुलिस अपना काम करेगी। कुल मिलाकर किसान चीन की कंपनी द्वारा कराए जा रहे कार्य से बेहद नाराज हैं। उन्होंने कहा कि जो मुल्क हमारे देश का सबसे बड़ा दुश्मन है, उस देश की कंपनी को चोरी-छिपे भारत में काम दिया जा रहा है। इसका डटकर विरोध करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जो उनकी दर्जन भर के करीब लंबे समय से मांगे चली आ रही हैं। जिनमें मुआवजा राशि के अलावा दिया गया हलफनामा इत्यादि शामिल है। उस पर भी जिला प्रशासन व सरकार गंभीरता दिखाए और किसानों की मांगों पर मजबूती से अमल करें।


मौके पर पहुंचा पुलिस बल। निर्माण कार्य रुकवाते नौ गांवों के किसान।

### किसानों से हलफनामा लेने के बाद से थे नाराज

**आपको** बता दें कि तत्कालीन सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार के समय रोजकमेव, कंवरसिका, महरोला, खेड़ी, बड़ेलाकी इत्यादि 9 गांवों की करीब 1600 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। अधिग्रहण के समय किसानों से हलफनामा लिया गया था, जिसमें कोर्ट जाने के रास्ते बंद कर दिए गए थे। किसान उसी समय से नाराज चल रहे थे। कई बार लम्बा संघर्ष किसानों ने किया था, लेकिन नतीजा शून्य रहा।

### कंपनी के गुंडों पर कानूनी कार्रवाई नहीं की तो करेंगे धरना

**जिला** प्रशासन के सामने चुनौती होगी कि वह किसानों को कैसे संतुष्ट करता है, लेकिन भारतीय किसान यूनियन ने साफ कर दिया है कि अगर कंपनी के गुंडों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई और किसानों की मांगों को नहीं माना गया तो भारतीय किसान यूनियन यहां पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर सकता है और एक बड़ा रूप धरना प्रदर्शन ले सकता है। कुल मिलाकर आईएमटी सोहना में कई सालों बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ था, लेकिन किसानों के विरोध के बावजूद यह निर्माण कार्य बीच में ही रोकना पड़ा।

# महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में किया जागरुक


निजामपुर स्कूल में महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की जानकारी देते लीगल एडवाइजर।

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**तावडू** उपमंडल के गांव निजामपुर के सरकारी स्कूल में शुक्रवार को एक प्रशिक्षण शिविर में एकत्रित महिलाओं को जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। जिले में वन स्टॉप सेंटर के लीगल एडवाइजर अशफाक अली ने बताया कि जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर पर महिलाओं को नि:शुल्क सेवाएं दी जाती हैं। इसी से संबंधित महिलाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास की ओर से कानूनी सलाहकार मेवात मॉडल स्कूल नगीना, राजकीय माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रावली और तावडू उपमंडल के गांव निजामपुर के सरकारी स्कूलों में आयोजित इन प्रशिक्षण शिविरों पर पहुंचे। इस दौरान लीगल एडवाइजरों द्वारा उपस्थित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया गया।

उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेन्टर की स्थापना भारत सरकार द्वारा एक बहुत बड़ी महत्वकांक्षी व्यापक सोच के साथ की गई है। किसी भी प्रकार की हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर मदद करने का माध्यम है। यहां पर महिलाओं के लिए 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध रहती हैं। उन्होंने बताया कि जो महिलाएं मुकदमा लड़ने के लिए सक्षम नहीं है। उनकी भी मदद यहां पर की जाती है, इसके अलावा

चिकित्सा, पुलिस सहायता परामर्श सुविधा विधिक सहायता, अस्थाई आश्रम आदि प्रकार की सुविधा महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर पर उपलब्ध है। इस दौरान इस दौरान रेखा रानी, सुपरवाइजर तेजेंद्र कौर, सुपरवाइजर सुमन शर्मा व उर्मिला सहित आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चालक से जबरन वाहन छीनकर बदमाश हुए फरार

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत धुलावट केएमपी टोल प्लाजा के नजदीक एक्सप्रेस वे पर एक चालक से अज्ञात बदमाशों द्वारा जबरन वाहन छीनने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित चालक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामबाग टायजमना कॉलोनी आगरा निवासी चालक संजय कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार की देर शाम उन्होंने अपनी मैक्स पिकअप से भिवाड़ी में माल उतारा था, इसके बाद वह कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे से पलवल जा रहा था। रात करीब 9:30 बजे जब वह धुलावट टोल प्लाजा से एक्सप्रेस वे पर थोड़ी आगे पहुंचा तो दो व्यक्तियों ने उन्हें गाड़ी रोकने का इशारा किया। गाड़ी रुकते ही दोनों व्यक्ति उनके नजदीक आए, जो पलवल जाने की बात कहकर गाड़ी में सवार हो गए, इसी दौरान दोनों ने मिलकर उन्हें जबरन गाड़ी से नीचे उतार दिया। चालक का आरोप है कि अज्ञात बदमाश उनकी पिकअप गाड़ी और उनके दो मोबाइलों को छीनकर मौके से फरार हो गए। किसी तरह उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। फिलहाल सदर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुलिस लाइन के गेट पर लगा चलता-फिरता एटीएम

**मेवात।** पुलिस लाइन नूंह में रहने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा आसपास के गांव के लोगों को अब पैसे निकालने के समय दूरदराज जिला मुख्यालय नूंह शहर में लगे एटीएम में नहीं जाना पड़ेगा। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के प्रयासों से अब चलता फिरता एटीएम पुलिस लाइन नूंह के मुख्य द्वार पर ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। आपको बता दें कि ग्रामीण इलाकों के लोग पैसे निकलवाने के लिए बैंकों में या एटीएम पर जाते थे। जहां कई बार कैश नहीं मिलता था या फिर दूरदराज इलाके में होने की वजह से लोगों को समय व धन की बर्बादी का सामना करना पड़ता था। पुलिस लाइन के कर्मचारियों को भी पैसे निकलवाने के लिए कई किलोमीटर दूर नूंह शहर जाना पड़ता था। इसी दिक्कत को देखते हुए एसपी वरुण सिंगला ने बैंक के अधिकारियों से संपर्क साधा और बैंक अधिकारियों के सहयोग की वजह से अब मोबाइल वैन यानि चलता फिरता एटीएम अब मंगलवार तथा वीरवार को पुलिस लाइन नूंह के मुख्य द्वार पर खड़ा रहता है। जिससे ना केवल खाकी वर्दी धारी कैश निकलवाकर अपना काम कर सकते हैं बल्कि आसपास के गांव के लोग भी इस चलते फरते एटीएम का लाभ उठा सकते हैं। एटीएम लगने से पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है तो आमजन भी अपने घर के नजदीक इस तरह की सुविधा पाकर बेहद उत्साहित हैं।

### आंगनबाड़ी वर्करों के प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**तावडू।** प्रदेश सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूलों में तब्दील करने जा रही है। ऐसे में अब आंगनबाड़ी वर्कर इन प्ले स्कूलों में बच्चों को शिक्षित करने का काम करेगी। इससे संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और हेल्परों को 10 दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को इसका समापन हो गया। तावडू उपमंडल के गांव मोहम्मदपुर अहीर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज यादव ने बताया कि 17 जनवरी से 28 जनवरी तक यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुए, जिसमें सर्कल स्तर पर कार्यकर्ताओं और हेल्परो को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि गांव मोहम्मदपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर सहित कुल 80 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि प्ले स्कूल में तबदील आंगनवाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों को प्राथमिक तौर पर शिक्षित किया जा सके। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी वर्करों व हेल्परों को एक बार पहले भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अब उन्हें फालोअप के तहत प्रशिक्षण दिया गया है। ताकि वह शिक्षण के कार्य में पूरी तरह से निपुण हो। इसी प्रकार सभी सुपरवाइजरों ने भी आंगनबाड़ी वर्करों व हेल्परों को फोलोअप प्रशिक्षण दिया है। प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी वर्करों को समझाया गया कि किस प्रकार से वे बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई करवाएं, ताकि बच्चों का बौद्धिक स्तर भी ऊंचा उठ सके। वहीं बताया गया कि पूर्ण प्राथमिक शिक्षा क्यों जरूरी है, सर्वांगीण विकास में शामिल शिक्षा क्यों जरूरी है। सर्वांगीण विकास में शामिल विभिन्न विकास जैसे शारीरिक विकास, भाषा विकास, बौद्धिक विकास, सामाजिक और भावनात्मक विकास व रचनात्मक विकास सहित माताएं व अभिभावक बच्चे की शिक्षा में कैसे मदद करें आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया गया है।


## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Jasmeet kaur D/o Sh. Paramjit Singh Sidhu R/o H. No. 858, Sector-16, Faridabad, (HR) have changed my name to Jasmeet Sidhu.

मैं याना सरकार पुत्री श्री प्रशांत कुमार सरकार निवासी ए-2685, पहली मंजिल, रोड नं. 125, ग्रीन फील्ड कॉलोनी, फरीदाबाद,हरियाणा-121010, मैंने अपना नाम बेबी मून से बदलकर याना सरकार रख लिया है भविष्य मैं मुझे याना सरकार के नाम से ही जाना जाए।

### नाम परिवर्तन

**मैं, अजीत दहिया पुत्र श्री. रामनारायण निवासी मकान 413/110, वार्ड नं. 31, मलिक कॉलोनी सोनीपत हरियाणा। घोषणा करता हुं कि पासपोर्ट पर मेरा नाम अजीत सिंह है और आधार कार्ड संख्या 3621 1601 5648 पर मेरा नाम अजीत दहिया हैं। यहां अजीत सिंह और अजीत दहिया दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है।**

### बेदखली सूचना

मै सरोज देवी पुत्र श्री सुरजमल निवासी पटेल नगर, सोनीपत आधार न० 9945 2799 0642 उम्र 55 वर्ष की स्थाई निवासी हूँ, तथा अपनी हल्फ से ब्यान करती हूं कि मेरा भाई राकेश व उसकी पत्नी उषा निवासी लहराड़ा, सोनीपत जोकि शपथकर्ता के भाई व भाभी है जो कि मेरे कहने व सुनने से बाहर हैं और हमसे अलग रहते है। हमसे बिना वजह झगडते रहते है और हमें झूठे मुकदमों में फसानें की घमकी देते रहते है। इस वजह से मेनें इनसे अपना वास्ता बंद कर दिया है और हर तरह का सबंध विच्छेद कर दिया है। इनके साथ भविष्य में कोई भी संबंध रखने वाला और अगर आपस में लके कोई मुकदमें वगैरा होते है या कोई इनसे लेन-देन करता है इसका जिम्मेवार स्वयं होगा। शपथकर्ता की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

मैं रमेश कुमार पुत्र श्री राय सिंह निवासी मकान न0 800/25, मायापुरी, सोनीपत आधार न0 3437 8524 8012 उम्र 61 वर्ष का स्थाई निवासी तथा अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा भाई राकेश व उसकी पत्नी उषा निवासी लहराडा, सोनीपत जोकि कि मेरे कहने व सुनने से बाहर हैं और हमसे अलग रहते है। हमसे बिना वजह झगडते रहते है और हमें झूठे मुकदमों में फसानें की घमकी देते रहते है। इस वजह से मेनें इनसे अपना वास्ता बंद कर दिया है और हर तरह का सबंध विच्छेद कर दिया है। इनके साथ भविष्य में कोई भी संबंध रखने वाला और अगर आपस में लके कोई मुकदमें वगैरा होते है या कोई इनसे लेन-देन करता है इसका जिम्मेवार स्वयं होगा। शपथकर्ता की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511162/1/06 पर रिक्त स्थान है। किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे विकास शर्मा पुत्र औमप्रकाश ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए आन लाईन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
विकास शर्मा पुत्र औमप्रकाश
निवासी तावडू, जिला नूंह

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051520377/10/01 पर रिक्त स्थान है। किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे सारिका पत्नी मनोज कुमार ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए आन लाईन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
सारिका पत्नी मनोज कुमार
निवासी तावडू, जिला नूंह


# राय ने दी आजादी के आंदोलन को अहम दिशा


दीप प्रज्ज्वलन करते भाजपा नेता।

ललित गर्ग। पुन्हाना

**लाला** लाजपत राय ने देश की आजादी को अपने बलिदान से अहम दिशा दी। उनके बलिदान के बाद पूरे देश में आजादी के मतवाले युवा उन्हें अपना आदर्श मानकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। ये बातें गौ सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला ने बतौर मुख्य अतिथि पुनहाना में आयोजित लाला लाजपत राय जयंती कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल व कार्यक्रम के अध्यक्ष रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा नेताओं ने लाला लाजपत राय के स्मृति चिन्ह पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलन कर शुरू की। उन्होंने बताया कि आजादी के 75वे वर्ष को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का आह्वान देशवासियों से किया है। जिसके बाद पूरे देश में भाजपा द्वारा देश के शहीदों को नमन करने का लक्ष्य लिया गया है। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा देश के अमर गुमनाम शहीदों, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके बलिदान को देश के सामने लाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों में देश की आजादी के असली शहीदों को गुमनामी में धकेल कर एक परिवार विशेष को फर्जी सम्मान देने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 75 अमृत महोत्सव में नेताजी सुभाष चंद्र बोस, गुरु गोविंद सिंह, उनके शहीद बच्चों, लाला लाजपत राय सहित अनेक गुमनाम शहीदों को श्रद्धांजलि देने का कार्य किया है। उन्होंने लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साइमन कमीशन का विरोध करते हुए लालाजी के शरीर पर एक गहरी चोट लगी। जिसके कारण उनका बलिदान हो गया। उनकी शहादत देशवासी कभी नहीं भूल सकते। उन्हीं के बलिदान ने देश की आजादी के आंदोलन को एक अहम मोड़ दिया था। वही इस अवसर पर बोलते हुए पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि हजारों लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से ही आजादी मिली थी।

### रक्तदान से दिल और सेहत में होता है सुधार: उप सिविल सर्जन

**नूंह।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को ब्लड बैंक नागरिक अस्पताल मांडीखेडा में स्वाथ्य कर्मचारी व अधिकारियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उप-सिविल सर्जन डा. अरविन्द ने सबसे पहले रक्तदान किया।

डा. अरविंद ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है।

# पानी निकासी को लेकर आफताब अहमद ने किया गांवों का दौरा

### आफताब अहमद ने बैंसी, सूडाका और पूंडरी माइनर का दौरा किया

दीपक कुमार। नूंह

**पानी** निकासी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को नूंह विधायक व सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने बैंसी, सूडाका और पूंडरी माइनर का दौरा किया। उनके साथ सिंचाई विभाग के एसडीओ अजय देव मौजूद थे। मौके से ही विधायक ने उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह और सिंचाई विभाग के एसई आरके बत्रा से फोन करकर आग्रह किया कि विशेष गिरदावरी कराकर मुआवजा देने और पानी निकासी व्यवस्था जल्द की जाए।

बता दें कि नूंह विधायक आफताब अहमद पानी निकासी और विशेष गिरदावरी कराकर किसानों को मुआवजा देने की मांग को लगातार उठा रहे हैं। बृहस्पतिवार को भी उन्होंने जिला सचिवालय नूंह पर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसमें सैंकड़ों किसान मौजूद थे। इस दौरान किसानों ने आफताब अहमद से आग्रह किया था कि पूंडरी माइनर में पानी के कारण बैंसी और सुड़ाका के खेतों व घरों में जल भराव हो गया है। इसके पश्चात शुक्रवार को विधायक आफताब अहमद और सिंचाई विभाग के एसडीओ अजय देव ने कई गांवो में जाकर खेतों में जल भराव का जायजा लिया। नूंह विधायक आफताब अहमद ने कहा कि जल भराव की समस्या इतनी गंभीर है कि केवल खेतों में ही नहीं बल्कि घरों में भी पानी भरा है। फसल खराब हो गई है और अगली फसल बुआई पर संकट आ खडा है। किसानों को बर्बाद होने से बचाने के लिए तुरंत मुआवजा देने की जरूरत है। इस मांग को लेकर डीसी कैप्टन शक्ति सिंह से लेकर चंडीगढ में तीनों विधायक आला अधिकारियों से भी मिले थे।


पानी निकासी को लेकर गांवों का दौरा करते विधायक आफताब अहमद।

# वन दरोगा सोमवीर सिवाच सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**जिले** के कई हिस्सों में विशेषकर अरावली क्षेत्र में सघन पौधारोपण कराने एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं को धरातल पर लागू कराने को लेकर वन दरोगा सोमवीर सिवाच को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिला उपायुक्त ने सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अमले को सम्मानित किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से वन मंडल अधिकारी नूंह विजेंद्र सिंह की भी उन्होंने उनकी टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण में अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वन दरोगा सोमवीर सिवाच सघन पौधारोपण, वाइल्ड लाइफ सुरक्षा एवं सरकार द्वारा घोषित कई योजनाओं को धरातल पर लागू कराने व उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ऐसे पर्यावरण योद्धाओं को समय-समय पर सम्मानित करने से उन्हें और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।

जिस प्रकार जल ही जीवन है उसी प्रकार वन भी हमारे जीवन के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं। पिछले दिनों जो आक्सीजन की कमी के कारण जो त्राहिमाम मचा था उस हिसाब से जिला नूंह मेवात काफी सुरक्षित रहा। ऐसे वन योद्धाओं के कारण ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाने व उनको संरक्षित रखने के कारण ही आज हम पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ शुद्ध हवा की सांस ले रहे हैं।



वन दरोगा सोमवीर सिवाच को सम्मानित करते जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह।

### ग्राम संरक्षक बन समाज के प्रति दायित्व निभाएं अफसर: एडीसी

**नूंह।** हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेशभर में ग्राम संरक्षक कार्यक्रम की शुरूआत की हुई है। जिसके तहत प्रथम श्रेणी स्तर के अधिकारी एक-एक गांव को गोद ले सकते हैं। ग्राम संरक्षक के रूप में यह अधिकारी गांवों व वार्ड स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान करवाएं।

गांवों के विकास से संबंधित जानकारी जिला प्रशासन व सरकार तक पहुंचाएं। इससे अंतिम व्यक्ति तक जनहित की योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ पहुंचे। ऐसा ग्राम संरक्षक योजना के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका ने कहा।

# प्याज के बीज पर लें सब्सिडी

### हरियाणा सरकार प्याज की खेती के लिए किसानों को दे रही प्रोत्साहन: डीसी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा खरीफ प्याज की खेती के लिए किसानों को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्याज उत्पादन को बढ़ावा देने तथा ज्यादा से ज्यादा किसानों का ध्यान इसकी ओर करने के लिए सरकार अब किसानों को 1950 रुपये पर 500 रुपये प्रति किलोग्राम सब्सिडी पर प्याज का बीज उपलब्ध करवाई जा रही है। बागवानी विभाग के नूंह स्थित कार्यालय से किसान अपना परिवार परिवार पहचान पत्र दिखाकर प्याज की बीज ले सकते हैं। सरकार द्वारा एकीकृत बागवानी विकास योजना के तहत मात्र 1450 रुपये प्रति किलोग्राम प्याज की बीज किसानों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। प्रदेश में जिले में काफी ज्यादा प्याज उगाते हैं।


डीसी कैप्टेन शक्ति सिंह।

उपायुक्त ने बताया कि नेशनल सीड कॉरपोरेशन के इस प्याज के बीज का रेट 1950 रुपये प्रति किलोग्राम है लेकिन सरकार ने इसके लिए 500 रुपये प्रति किलोग्राम सब्सिडी प्रदान की है तो किसानों को यह मात्र 1450 रुपये प्रत्येक किलो बीज मिलेगा। इस पर मिलने वाली सब्सिडी की राशि एनसीसी अपने आप सरकार से लेगा जबकि बाजार में प्याज के बीज का भाव 2500 से 3000 रुपये प्रति किलोग्राम दिया जा रहा है। जिला बागवानी अधिकारी डा. दीन मौहम्मद ने बताया कि अच्छी किस्म का एएफडीआर का बीज किसानों को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अपना पहचान पत्र की फोटो प्रति अवश्य लगाए। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के नियम अनुसार बागवानी विभाग के अधिकारियों ने प्लान नेशनल सीड कॉरपोरेशन से प्याज के बीज की कोई कमी नही रहने दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बागवानी विभाग के जिला कार्यालय में प्याज के बीज को किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। वह एग्री फोंड डार्क रैड किस्म का है। बागवानी विभाग के अधिकारी के अनुसार ओपन बाजार में मिलने वाला प्याज का बीज नकली भी हो सकता है।

### नूंह (महिला) आईटीआई में 31 तक पाएं दाखिला

**नूंह।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) नूंह मरोड़ा ने अबकी बार लड़कियों के लिए सेविंग टेक्नोलॉजी और कोपा कोर्स शुरू किया है। इन दो कोर्सो से नूंह (महिला) आईटीआई में प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है।

आईटीआई के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने बताया कि आईटीआई नूंह में 588 सीटों में से 588 सीटों पर दाखिले हो चुके हैं और महिला आईटीआई में अब तक कोपा ट्रेड में 24 सीटों में से 24 सीटों पर और सेविंग टेक्नोलॉजी में एक सीट पर दाखिले हो चुके हैं। दाखिला पोर्टल पर एससीवीटी ट्रैडर्स के लिए नए आवेदन 29 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे। संस्थान में रिक्त सीटों के प्रति संस्थान स्तर पर मौके पर ही दाखिला 31 जनवरी तक प्रतिदिन किया जाएगा।

# लालाजी का बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा: रजत

सहादत खान। फिरोजपुर झिरका

**महान** स्वंतत्रता सेनानी, अमर शहीद व पत्रकार जगत को नई दिशा प्रदान करने वाले लाला लाजपतरायजी हमेशा देश व समाज के लिए गौरव रहेंगे। उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति तक दे डाली। उनका बलिदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा।

ये विचार सर्व जातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व समाजसेवी रजत जैन ने लालाजी की जयंती पर प्रकट किए। उन्होंने कहा की सदा निर्भीक, निडर, स्पष्टवादी पत्रकारिता देश व समाज के हित के लिए की। उन्होंने कभी भी नैतिक मूल्यों से समझौता नहीं किया। हमेशा निर्भय होकर सच्चाई व नैतिक मूल्यों के लिए लड़ते रहे। इसके लिए उन्होंने कभी भी अपनी कलम, संस्कारों, ईमानदारी व आदर्शो से कभी भी किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं किया। अपने आदर्शों, सच्चाई के लिए वे अपनी आखिरी सांस तक लड़ते रहे। अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने देश के सर्वांगीण विकास के लिए हिन्द पत्रकार समूह, पंजाब नेशनल बैंक व लक्ष्मी बीमा कम्पनी की स्थापना की। रजत ने कहा की लालाजी के द्वारा दिखाया गया नैतिकता, ईमानदारी, निर्भीकता का उत्साह व आदर्शों से परिपूर्ण लालाजी ने देशवासियों को उत्तम मार्ग दिखाया। आज भी देशवासियों के दिलोदिमाग में अब भी जिंदा हैं। समाज व राष्ट्र के उत्थान के लिए प्रत्येक देशवासी, विशेष कर युवा पीढ़ी को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके सपनों को साकार करे।


### मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# चुंबन पर विवाद

## शेट्टी–गेरे मामला

**आज** जब हम भारतीय गणतंत्र की 73वीं वर्षगांठ मना चुके हैं, क्या हम स्वतंत्रता और नायकत्व से थोड़ा अलग हट कर स्वयं से यह सवाल पूछ सकते हैं कि चुंबन के मामले में हमारा क्या दृष्टिकोण है? यह बात मुंबई की एक अदालत ने पूछी जब उसने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी व हालीवुड अभिनेता रिचर्ड गेरे के चुंबन संबंधी एक मामले का निपटारा किया। 2007 में एड्स जागरूकता प्रोत्साहित करने वाले एक आयोजन में गेरे ने अचानक शेट्टी का हाथ चूम लिया था। इसके बाद उन्होंने जल्दी से उनको गले लगा लिया और उनको पीछे की ओर थोड़ा झुका दिया। बाद में उन्होंने बताया कि यह उनकी मूवी 'शैल वी डांस' का एक डांस है और उनको गाल पर चूम लिया। इस पर बहुत से भारतीय गुस्सा थे। उन्होंने इसे अशोभनीय बताया। उन्होंने शेट्टी पर भी आरोप लगाया कि उन्होंने चुंबन पर आपत्ति नहीं की। उन्होंने दोनों के खिलाफमामला दर्ज करा दिया। उनके खिलाफमामला फौरन खारिज हो गया। गेरे ने यह कहते हुए माफी मांग ली कि उनका कोई बुरा इरादा बिल्कुल नहीं था। लेकिन शेट्टी के खिलाफमामला चलता रहा और यह उनके गले में लटके पत्थर जैसा हो गया। चुंबन पर आपत्ति न करने के कारण उनको षडयंत्रकारी या अपराध उकसाने वाला कहा गया। भारी बोझ से लदी भारतीय न्यायिक प्रणाली को यह मामला 'निपटाने' में इतने साल लग गए। उसने कहा कि यह 2007 में ही स्पष्ट था कि उनको बरी कर दिया गया है। इस मामले को उसी दिन खारिज कर दिया जाना चाहिए था, लेकिन यह इतने साल चलता रहा। पीछे की ओर नजर डालें तो सवाल उठता है कि हम 2007 में किस चीज से चिन्तित थे? इसका जवाब देना आसान नहीं है क्योंकि हम प्रेम संबंधी वास्तविक व आभासी घटनाओं पर विचार करते समय अपनी संवेदनशीलताओं को उनमें मिला देते हैं। पहले हम इनका विरोध करते हैं, और बाद में आनन्द उठाते हैं।



याद करें जब अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने मुंबई में 1980 में प्रिंस चार्ल्स को चूम लिया था? इस पर कट्टरपंथियों ने कई दिन शोर मचाया था। क्या शबाना आजमी को कट्टरपंथी मुसलमानों का गुस्सा उस समय नहीं झेलना पड़ा था जब नस्लवाद-विरोधी नायक नेल्सन मंडेला ने केपटाउन के एक आयोजन में 1993 में उनको चूम लिया था? उस समय कोई सोशल मीडिया नहीं था नहीं तो इसके विजुअल उसी तरह वाइरल हो जाते जिस प्रकार 2016 में गिरिजा श्रीनिवास के वीडियो वाइरल हुए थे। इस पंचायत सदस्य ने कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को चूम लिया था। क्या हम व्यावहारिक या कट्टरपंथी हैं कि चुंबन के ये मामले हमें झकझोर देते हैं। याद करें कि 1930 के दशक में भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला देविका रानी द्वारा कर्मा में हिमांशु राय के साथ गहन चुंबन दृश्य देने पर क्या प्रतिक्रिया हुई थी। बालीवुड ने सुनिश्चित किया कि हमारी बातचीत आधुनिकता के नाम पर इस सीमा तक न गिरे कि फिल्मों में चुंबन के दृश्य नियमित रूप से दिखें। बॉबी ने दर्शकों को उत्तेजित किया, सत्यम शिवम् सुंदरम ने उनको उत्तेजित किया और यही काम धूम2 ने किया। राजा हिंदुस्तानी ने पारिवारिक फिल्मों में चुंबन की शुरुआत की। हे राम नामक फिल्म में भी ऐसा दृश्य था। यदि अधिकांश भारतीय दर्शकों ने नहीं तो भी बालीवुड ने निश्चित रूप से लगातार बदलते संबंधों पर ध्यान दिया है। शबाना आजमी और नंदिता दास ने फायर में लेस्बियन प्रेम प्रदर्शित किया था। साकिब सलीम ने बांबे टाकीज़ में रणदीप हुड्डा के ओठों पर चुंबन किया था। चुंबन प्रेम की अभिव्यक्ति है। प्रत्येक चुंबन का संबध यौनिकता से होना जरूरी नहीं है, यह सभ्य व सहज भी हो सकता है। यदि फिल्मों की हर बात पर गुस्सा होने वाला सेंसर बोर्ड चुंबन दृश्यों की अनुमति दे सकता है तो हमें पूर्वाग्रही या अत्यधिक आलोचनात्मक होना उचित नहीं है।

# आयकर का विकल्प खर्च पर टैक्स

यदि आयकर समाप्त कर केवल कार्पोरेट टैक्स जारी रखा जाए, जैसा कि कुछ देशों में है तो इससे बड़े पैमाने पर हेराफेरी की संभावना पैदा होगी।



**सुभाष चंद्र पांडेय**
(लेखक केंद्र सरकार के पूर्व विशेष सचिव हैं)





अगले वित्त वर्ष का बजट आने वाला है और गुलाबी प्रेस इस समय टिप्पणियों व सुझावों से भरा है। वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक बेहतरी की उम्मीदें बहुत हैं। कुछ लोगों के लिए बजट का अर्थ टैक्स लगाने, खासकर व्यक्तिगत आयकर से है। आम शिकायत है कि निश्चित आय वाले वेतनभोगी व पेंशनधारक वर्ग को आयकर का बोझ उठाना पड़ता है, जबकि अनिश्चित आय वाले पेशेवरों व बिजनेसों को काफी कानूनी लूपहोल मिलते हैं जिससे वे आयकर अदा करने से बच जाते हैं। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो आय पर टैक्स लगाने के विचार के ही खिलाफ हैं क्योंकि इससे कम खर्च करने और अधिक खर्च करने वालों पर समान रूप से बोझ पड़ता है और वास्तव में बचत हतोत्साहित होती है। इस दिलचस्प बहस को विभिन्न प्रकार से देखा जा सकता है। 10 जनवरी, 2021 की विस्तारित अंतिम सीमा तक वित्त वर्ष 2019-20 में 5.95 करोड़ रिटर्न फाइल किए गए। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 29 दिसंबर, 2021 तक पांच करोड़ से अधिक आईटीआर फाइल हुए थे। इस प्रकार 130 करोड़ की कुल जनसंख्या में से केवल 1.46 करोड़ ही वास्तव में 2019-20 वित्त वर्ष के लिए टैक्स दे रहे थे। 2017-18 में फाइल 5.87 करोड़ आईटीआर में से 5.53 करोड़ व्यक्तिगत करदाता, 11.3 अविभाजित हिंदू परिवार, 12.7 लाख फर्म तथा 8.4 लाख कंपनियों से थे। 51.33 लाख करोड़ की सकल आय में बिजनेस का हिस्सा 24.37 लाख करोड़ तथा वेतन-पेंशन आय का 20.04 करोड़ था।

कर योग्य वेतन व पेंशन के रिटर्न 15.55 लाख करोड़ थे जिनका कर दायित्व लगभग 3.95 लाख करोड़ था। वेतन-पेंशन आय आयकर का एक बड़ा हिस्सा है, पर इसका वर्चस्व नहीं है। 2018-19 में कुल आयकर प्राप्ति 11.37 लाख करोड़ थी जिसमें से केवल कंपनियों ने 6.64 लाख करोड़ का भुगतान किया था। ऐसे में यह तर्क सही नहीं ठहरता कि वेतन-पेंशन आय की तुलना में बिजनेस व पेशेवर आय से ज्यादा करापवंचन होता है। बड़े खर्च की निगरानी कर करापवंचन रोकने के प्रयास जारी हैं और विदेश यात्रा, बिजली उपभोग, आदि से उच्च उपभोग का पता चलता है। पैन- आधार जोड़ने के बाद कर अधिकारी ज्यादा उपभोग और निवेश का पता आसानी से लगा लेते हैं। क्या खर्च पर टैक्स से 11 लाख करोड़ से अधिक धनराशि मिल सकती है जिससे खर्च पर टैक्स लगाया जा सके? वर्तमान मासिक जीएसटी संग्रह 1.3 लाख करोड़ है जो वार्षिक संग्रह के रूप में 15.6 लाख करोड़ से अधिक हो सकता है।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि कर संग्रह को ज्यादा सक्षम व समतापूर्ण बनाने के लिए आय पर कर लगाया जाए या खर्च पर लगाया जाए? एक व्यक्ति का खर्च दूसरे की आय होता है और इसका उलट भी सही है। चाहे आप कर्मचारी के वेतन पर टैक्स लगाएं या सेवायोजक के वेतन खर्च पर, इसका प्रभाव समान होगा। जैसे कि कर अधिकारियों के लिए कुछ आय का पता लगाना कठिन होता है, उसकी तरह कुछ खर्च भी हैं। कुछ लोगों की आय बड़े हिस्सों में होती है, जबकि अन्य की छोटे-छोटे टुकड़ों में। कुछ खर्च बड़े होते हैं, जबकि अन्य छोटे-छोटे भुगतानों के रूप में। ऐसे में यह तय करना होगा कि खर्च पर टैक्स खर्च के किस वर्ग पर लगाया जाए।

थामस हाब्स ने सत्रहवीं शताब्दी में ही आय के बजाय खर्च पर टैक्स लगाने का सिद्धान्त पेश किया था। उनका विचार था कि कम खर्च करने वालों और अधिक खर्च करने वालों पर समान आय कर लगाना अनुचित है। कुछ अर्थशास्त्रियों ने बचत को टैक्स से बाहर रखने का प्रस्ताव किया है, पर किसी औद्योगिक देश ने कभी खर्च पर टैक्स लागू नहीं किया। कैंब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर निकोलस कालडर ने 1955 में खर्च पर टैक्स की मजबूत पैरवी की। उनका प्रस्ताव था कि ब्रिटेन में ज्यादा आयकर देताओं पर लगने वाले सरटैक्स की जगह खर्च पर टैक्स हो सकता है। भारत और सीलोन ने कुछ साल तक खर्च पर टैक्स का कालडर का सुझाव कुछ साल लागू किया, पर अंतत: इसे 1966 में छोड़ दिया गया। यह टैक्स कालडर के सुझावों से अलग था और इससे मिलने वाले थोड़े राजस्व पर प्रक्रिया व प्रशासन का खर्च अधिक था। भारत में बहुत सीमित क्षेत्र में 1987 में खर्च पर टैक्स पुन: शुरू करने पर कालडर पर फिर ध्यान गया। खर्च टैक्स कानून के अनुसार, उच्चस्तरीय होटल को किए जाने वाले भुगतान पर 10 प्रतिशत खर्च टैक्स लिया गया जिनके कमरे का किराया 3,000 रुपये प्रतिदिन से अधिक था। खर्च पर टैक्स के पैरोकारों का मानना है कि आयकर का बोझ वेतनभोगी-पेंशनर वर्ग पर अधिक पड़ता है और आयकर समाप्त होने से उनको बहुत राहत मिलेगी। उनको टैक्स रिटर्न भरने से मुक्ति मिलेगी, लेकिन इससे चार्टर्ड एकाउंटेंटों को बहुत नुकसान होगा तथा राष्ट्रीय आय में कमी आएगी।

आयकर विभाग लाखों रिटर्न की जांच करता है जिसके बाद पूछताछ, स्पष्टीकरण, रिफंड तथा लंबे पत्र व्यवहार का सिलसिला शुरू होता है। लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि खर्च पर टैक्स से ज्यादा रिकार्ड नहीं रखने पड़ेंगे। अधिकांश आय एकसाथ होती है, जबकि खर्च ज्यादा बिखरे होते हैं। खासकर नकद में होने पर बिक्री-खरीद के करोड़ों अनुबंधों का पता लगाना आसान नहीं है। नकद में ज्यादा आय प्राप्त करना नकद में खर्च की तुलना में ज्यादा कठिन है। छोटा कर आधार खर्च पर टैक्स को आयकर समाप्त होने पर नुकसान होने वाले राजस्व की भरपाई नहीं कर सकेगा। इसी प्रकार यदि जीएसटी जैसे उपाय न किए जाएं तो व्यापक खर्च पर टैक्स ज्यादा प्रतिगामी होगा तथा उसके प्रभाव नकारात्मक होंगे।

पैसे का हर बार हस्तांतरण तथा हर हस्तांतरण या भुगतान हमेशा खर्च नहीं होता है। जब कोई बैंक वेतन या पेंशन या डिविडेंट बांटने के लिए पैसा देता है तो खर्च केवल सेवायोजक या कंपनी करती है और बैंक मध्यस्थ होता है। पैसा बैंक का नहीं होता है। नकद पैसा देने वाला पोस्टमैन कोई खर्च नहीं करता है। इस प्रकार सभी भुगतान खर्च पर टैक्स के दायरे में नहीं हैं। हम खर्च पर टैक्स की बात कर रहे हैं, लेनदेन पर टैक्स की नहीं। यदि हम वेतन, पेंशन, ब्याज, किराया भुगतान को खर्च पर टैक्स में शामिल कर दें तो प्राप्तकर्ता को न केवल प्रभावी आयकर देना पड़ेगा, बल्कि प्राप्त आय को खर्च करने पर फिर टैक्स देना पड़ेगा। विभिन्न प्रकार के खर्च पर विभिन्न दरों से टैक्स लगाना ज्यादा जटिल काम होगा। ऐसे में कर विवाद निपटाना भी जटिल होगा।

यदि आयकर समाप्त कर केवल कार्पोरेट टैक्स जारी रखा जाए, जैसा कि कुछ देशों में है तो इससे बड़े पैमाने पर हेराफेरी की संभावना पैदा होगी। इससे शेयरधारकों और कर्मचारियों के व्यक्तिगत खर्च कार्पोरेट व प्रमोटरों के खर्च में शामिल हो जाएंगे तथा कार्पोरेट का मुनाफा कम होगा क्योंकि वह उसके कर्जदाताओं, भूस्वामियों व कर्मचारियों को चला जाएगा। बड़े देशों ने खर्च पर टैक्स इसलिए भी पसंद नहीं किया है क्योंकि इससे खर्च हतोत्साहित होगा तथा प्रगति में बाधा आएगी। कर विभाग को बताने वाले खर्च के हतोत्साहित होने के कारण समग्र आर्थिक विकास पर और बुरा प्रभाव पड़ेगा। इससे लोग सरकार के इन प्रयासों का भी विरोध करेंगे जो उनकी आय जांचने के बारे में होते हैं। सरकार द्वारा खर्च का पता लगाने का प्रयास करने पर लोग उत्पीड़ित अनुभव करेंगे तथा सरकार का विरोध करेंगे। इस प्रकार मेरे विचार से खर्च पर टैक्स का विचार करने का समय बीत गया है।

# लोकतांत्रिक राज्य बनाम तानाशाही हुकूमतें



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)

सरकारी रीढ़ की परवाह किए बिना, ऑस्ट्रेलिया में लोकप्रिय मनोदशा अजीब पहेली का सार है : चीन के साथ संघर्ष के लिए कोई भूख नहीं है। इंडो-पैसिफिक जल में चीन के डराने वाले विस्तारवाद के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने कोविड - 19 की उत्पत्ति की एक स्वतंत्र जांच के सुझावों के साथ वापसी की थी - एक उग्र बीजिंग ने आर्थिक संबंधों को समाप्त करके तुरंत जवाब दिया, और कैनबरा ने परमाणु पनडुब्बियों की मांग करके और गठन किया। एयूकेशूएस (ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन के बीच साझेदारी)। ऑस्ट्रेलिया के शांतिवाद और परमाणु प्रौद्योगिकी की चेतावनी को देखते हुए, आधिकारिक रुख का यह परिवर्तन महत्वपूर्ण था, हालांकि सामाजिक उदासीनता के अनुरूप नहीं, क्योंकि चीन के साथ किसी भी संभावित संघर्ष में ऑस्ट्रेलिया के लिए भागीदारी शुल्क व्यापक रूप से बहुत अधिक होने की कल्पना की जाती है। चीनी समाज को अपने विस्तारवादी शासन के विपरीत विचारों को रखने की अनुमति नहीं है, इसलिए ताइवान, जापान, ऑस्ट्रेलिया या यहां तक ??कि भारत की ओर निर्देशित युद्ध के ड्रम हमेशा के लिए धड़क रहे हैं। यदि अशांत मध्य पूर्वी रंगमंच में अमेरिका के लिए संघर्ष की भूख स्पष्ट रूप से आईएसआईएस के कब्जे वाले क्षेत्रों को पुन: प्राप्त करने के लिए निर्णायक लड़ाई में ईरानी-सीरियाई विजय की अनकही स्वीकृति के साथ कम हो गई थी, तो अफगानिस्तान से नम्र उड़ान ने तस्वीर को पूरा किया। कार्यालय में एक वर्ष, जो बिडेन ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि दुनिया भर में ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम हल नहीं कर सकते हैं - हाथ पर मुद्दा तथाकथित दुनिया में सबसे शक्तिशाली सेना की क्षमता थी। अफगानिस्तान में तालिबान मुजाहिदीन को हराने के लिए।

इससे पहले भी, 2020 में खूनी भारत-चीनी सीमा गतिरोध के दौरान, डोनाल्ड ट्रम्प की स्पष्ट रूप से मांसपेशी राजनीति के कारण पोटस ने केवल मध्यस्थता या मध्यस्थता की पेशकश की थी क्योंकि वह तैयार, इच्छुक और सक्षम थे! वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मौजूदा मानदंडों और यथास्थिति को बदलने के लिए लगातार चीनी प्रयास भारत को रोकने के लिए छोड़ दिया गया था। आज, ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में नियमित रूप से घुसपैठ करने वाले चीनी लड़ाकू विमानों की एक रिकॉर्ड संख्या के रूप में, सावधान ताइवानी वास्तव में विचार करते हैं- क्या अमेरिका दिखाएगा? मामले में शी जिनपिंग पूर्ण एकीकरण के ऐतिहासिक कार्य के अपने खतरे को अच्छा रखने का फैसला करते हैं। भले ही बाइडेन प्रशासन ने आधिकारिक स्थिति के साथ अपनी पारंपरिक रणनीतिक अस्पष्टता को स्पष्ट रूप से छोड़ दिया है और ताइवान की सैन्य रूप से रक्षा करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया है, चीन द्वारा हमला किया जाना चाहिए, उस प्रतिबद्धता की विश्वसनीयता थोड़ी संदिग्ध है, हाल के इतिहास को देखते हुए और संघर्ष के लिए भूख की स्पष्ट कमी। हाल ही में, कजाकिस्तान के मध्य एशियाई गणराज्य में दंगे भड़क उठे, और दुनिया ने सांस रोककर देखा कि कौन सी अंतरराष्ट्रीय शक्ति कदम रखेगी। एक दूसरे के खिलाफ अलोकतांत्रिक, दमनकारी और अनुदार कजाख शासन था (अपने स्वयं के सत्ता संघर्षों को दिया गया था और अभिजात वर्ग के बीच साज़िश) पीड़ित जनता के खिलाफ जिन्होंने सुधार और आर्थिक कठिनाइयों से राहत की सख्त मांग की। अपेक्षित रूप से, सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों को मारकर क्रूरता और अनुपातहीन रूप से जवाब दिया, यहां तक कि 20,000 डाकुओं, अच्छी तरह से समन्वित आतंकवादी समूहों द्वारा सशस्त्र आक्रमण, कट्टरपंथी इस्लामी समूहों आदि के बेजोड़ दावों को सरकार द्वारा बेतरतीब ढंग से पोस्ट किया गया था। बेशर्म शूट टू किल ऑर्डर। अमेरिका,



जिसका वास्तव में इस क्षेत्र में कोई लाभ नहीं है, को गहराई से चिंतित जैसे बयानबाजी के लिए छोड़ दिया गया था, जबकि सामूहिक सुरक्षा खतरा संगठन (सीएसटीओ) के तत्वावधान में रूसियों ने 2500 सैनिकों को स्थिति को स्थिर करने के लिए भेजा था। यहां तक कि चीनियों ने भी रंग क्रांति (पश्चिम समर्थित लोकतंत्र समर्थक आंदोलनों के लिए व्यंजना) के अंशों को दूर करने के लिए आतंकवाद का विरोध के लिए समर्थन की पेशकश की। मूल रूप से, व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के निरंकुश शासन ने एक इरादे का प्रदर्शन किया और एक अचूक संदेश भेजा कि जब भी निरंकुश संकट में हों, तो वे साथी निरंकुश लोगों से मदद मांग सकते हैं क्योंकि वे थके हुए मुक्त दुनिया के विपरीत संघर्ष की भूख को बनाए रखेंगे।

पड़ोसी यूक्रेन में बुद्धि का समवर्ती युद्ध तेज हो रहा है, रूसी सैनिकों ने संभावित आक्रमण के लिए तैयारी करते हुए, सीमाओं पर खतरनाक रूप से जमा किया है। इससे पहले 2014 में भी, रूस ने यूक्रेन से क्रीमिया को जबरन कब्जा कर लिया था और अमेरिका के नेतृत्व वाले वेस्ट ने तब से प्रतिबंधों के साथ बदतमीजी की, कोई फायदा नहीं हुआ। अब भी, बिडेन ने स्वीकार किया है कि यूक्रेन पर हमला करने से रूस का सामना करने के लिए अमेरिका एकतरफा बल का उपयोग करने जा रहा है ... अभी कार्ड पर नहीं है, असंबद्ध रूप से जोड़ा कि गंभीर परिणाम होंगे। फिर भी, यूक्रेन में किसी को भी उस तरह की बैक-अप योजना के बारे में आश्वस्त नहीं किया जाएगा क्योंकि वे जानते हैं कि रूस को रोल करना चाहिए, कुछ भी नहीं और कोई भी इसे रोक नहीं पाएगा। बिडेन ने यह स्वीकार करते हुए प्रकाशिकी को खराब कर दिया कि उनके सहयोगी रूस द्वारा यूक्रेन की एक मामूली घुसपैठ का जवाब कैसे दें, इस पर विभाजित थे, अकेले पूर्ण आक्रमण को छोड़ दें।

इस बीच, रूस (या चीन) जैसे अर्ध-तानाशाही शासन अपने कथित हितों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय निंदा के बारे में दो हूट परवाह करते हैं; इस मामले में, नाटो में शामिल होने के लिए यूक्रेन की बोली को रोकना।

असुरक्षित एक-पक्षीय शासन, चीन की तरह, अपनी सीमा पार आक्रामकता के साथ एक अमूल्य संदेश एम्बेड करते हैं, जिसका उद्देश्य उनके अपने घरेलू दर्शकों के लिए उतना ही है जितना कि उन देशों के लिए है जिन पर हमला किया गया है। महामारी के युग ने पहले से ही मुक्त दुनिया की आर्थिक स्थिति को खराब कर दिया है, और लोकतंत्र में मतदाताओं की सभी महत्वपूर्ण राय किसी बाहरी हस्तक्षेप के लिए नहीं हैं। हालांकि, चीनी या रूसी शासन जो अपने नैतिक आचरण के लिए किसी के प्रति जवाबदेह नहीं हैं, और आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत अच्छी तरह से स्थापित हैं, संघर्ष के लिए एक बड़ी भूख बनाए रखते हैं। वन-एगेंस्ट-वन (अमेरिका बनाम चीन), प्लस एक और (रूस) के त्रिकोणीय तनाव का विकास, अंतत:, सभी संघर्षों की भूख के बारे में होगा।

## आप की बात

### कठिन है भाजपा की डगर

**इतना** तो दिख रहा है। इस बार यूपी विधान सभा चुनाव, सत्तारूढ़ भाजपा को नाको चने चबवा देने वाला है। क्योंकि कुछ सप्ताह पहले तक, ये लोग कह रहे थे, हम एक तरफ़ा रूप से यूपी जीत रहे हैं। 350 से ऊपर हमारी सीटें आ रही हैं। 26 जनवरी को भी जब कुछ जाट नेताओं के साथ, गृह मंत्री अमित शाह ने, दिल्ली स्थित जाट सांसद परवेश वर्मा के घर बैठक करते हैं। उसके बाद भी ये लोग पुरे आशावादी भाव के साथ दावा करते हैं की जाट भाई बहन शुरू से बीजेपी के साथ थे,हैं और रहेंगे। मगर थोड़ी ही देर में परवेश वर्मा को संवादाताओं से, न सिर्फ, ये कहते हुए सुना बल्कि करवद्ध हो कर आरएलडी के श्री जयंत चौधरी को याचना के मुदा में वापस बीजेपी के साथ आ जाने के लिए गिड़गिड़ाते हुए देख कर लगा। इस बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इनका हालत एकदम खस्ता है। किसानों से पंगा लेकर इनलोगों ने अपने लिए मुसीबत मोल लिया है। इसीलिए तो शायद इस बार साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का खेल भी फ्लॉप साबित होने जा रहा है। पूरी देश की तरह यूपी के लोगों का भी केवल कागजी विकास हुआ है। तभी तो उप मुख्यमंत्री जैसे हस्तियों को भी गांवों से खदेड़ा जा रहा है।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### लोकलुभावन वादे

**सुप्रीम** कोर्ट में एक याचिका दायर कर ऐसे राजनीतिक दलो पर कार्रवाई करनी की मांग की गई है। जो सत्ता में आने पर तरह तरह की सुविधाएं देने का वादा करते है। याचिका में निर्वाचन आयोग को यह अधिकार देने की मांग की गई है जो दल वादा करे ।उनका चुनाव चिन्ह जब्त कर लिया जाए। आज देश मे सत्ता में आने के लिये दलों द्वारा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये रेवड़ियां बाटने की बातें करते है। चुनाव जीतने के लिये मुफ्त उपहार देकर राजनीतिक दलों की प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिये बड़ा खतरा होने के साथ संविधान की भावना को ठेस पहुंचाने वाला भी है।अक्सर किये गए वादे सरकार आने पर भी पूरे नही होते।आज राजनीतिक दलों को देश के सबसे बड़े मुद्दे लचर प्रशासनतन्त्र को सुधारने और आजाद भारत मे लोगो तक सुशासन पहुचाने का वादा करना चाहिये।आजादी के दीवानों ने बलिदान लोगो को अंत्योदय और सर्वोदय के लिये किया था।लेकिन आज लोकतंत्र में जनता सुशासन के लिये तरस रही है।निम्नश्रेणी का कर्मी जनता का अपमान कर रही है। अधिकारीवर्ग अपने को शासक समझ कर जनता के साथ व्यवहार करते हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### सीमा पर सजगता जरूरी

**बर्फबारी** भले ही पर्यटकों को लुभाए मगर सीमा पार घात लगाने वालों के लिए यह एक बड़ा उत्तम अवसर होता है जब उन्हें घुसपैठ करने का मौका मिलता है। ताजे हालतों में इस बार भी बड़ी संख्या में आतंकवादी टकटकी लगाए सीमा के पार बैठे हैं। सेना की चौकसी के चलते आतंकवादियों के मंसूबों का पूरा हो पाना संभव नहीं लगता। हर साल बर्फबारी का सीजन हमारे लिए सजगता बरतने का संदेश लेकर आता है। इसी समय पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकवादी भारत में घुसने की फिराक में रहते हैं। इस वर्ष भी लगभग 135 आतंकवादी भारतीय सीमा के पास घात लगाकर बैठे हैं ताकि मौका मिलते ही वे अंदर प्रविष्ट हो जाएं और अपने मंसूबों को अंजाम दे लेकिन भारतीय सेना की कड़ी चौकसी उनके लिए अवसर नहीं छोड़ रही है। पिछले सालों में इस सीजन में घुसपैठ में घटनाओं में कमी हमारी सजगता का ही परिणाम है। इस तरह की घटनाओं को पूरी तरह खत्म करने के लिए सेना के हाथ पूरी तरह खुले रहना चाहिए।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**दिल्ली** सरकार के अच्छे कामों पर वीडियो बनाएं और सोशल मीडिया पर शेयर करें, लोगों से केजरीवाल को मौका देने की अपील करें।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**हमारे** देश की संप्रभुता की रक्षा करने के लिए महत्वपूर्ण है कि यूरोपीय संघ के सभी सदस्यों के बीच एकता का संरक्षण हो।

- **वोलोदीमिर जेलेंस्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**पीएम** नरेंद्र मोदी जी ने मेरी तबीयत जानने के लिए फोन किया। मैं उनकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं।

- **शरद पवार**
राकांपा प्रमुख

## पुलिस महानिरीक्षकों एवं अधीक्षकों के साथ वीसी

# कानून का इकबाल कायम करना पुलिस अधीक्षकों की जिम्मेदारी : अशोक गहलोत

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन राज्य सरकार का मूल मंत्र है। अपराध के प्रति हमारी जीरो टोलरेंस की नीति है और इसे मूर्त रूप देना जिला पुलिस अधीक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिला पुलिस अधीक्षक कानून का इकबाल कायम करने, अपराधों पर प्रभावी रोकथाम लगाने एवं पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने की दिशा में अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करें। सभी पुलिस अधिकारी निष्पक्षता और सकारात्मक सोच के साथ काम करें ताकि देश में राजस्थान पुलिस नंबर वन मुकाम पर हो।

गहलोत गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से वीसी के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षकों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक में प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश में विकास एवं निवेश की स्थिति वहां की कानून-व्यवस्था पर निर्भर करती है। ऐसे में यह सीधा दायित्व जिला पुलिस अधीक्षकों का बनता है कि वे राज्य में शांति एवं सौहार्द का माहौल बनाए रखने के साथ ही पुलिस की साफ और निष्पक्ष छवि प्रस्तुत करें। पुलिस थानों में आने वाले फरियादियों की संवेदनशीलता के साथ सुनवाई करते हुए, पुलिस के प्रति आमजन में विश्वास को और मजबूत बनाएं। थानाधिकारी परिवादियों से आसानी से मिलें। वृत्त, सेक्टर एवं जिला स्तर तक सुपरवाइजरी पुलिस अधिकारी भी सुनवाई का काम गंभीरता से करें। ऐसे प्रयास हों कि परिवादी को मुख्यमंत्री कार्यालय या अन्य उच्च स्तर तक नहीं आना पड़े।




**संगठित अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए कानून लाने की करें तैयारी**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुनियोजित एवं संगठित अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए आर्म्स डीलर के यहां स्टॉक की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। गहलोत ने कहा कि कुछ प्रकरणों में देखा गया है कि अपराध या घटना होने पर सही सूचनाएं नहीं मिल पाईं। अधिकारी निचले स्तर तक ऐसा सिस्टम विकसित करें, जिससे घटनाओं की सही जानकारी समय पर प्राप्त हो सके और पीड़ित को न्याय दिलाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जा सके तथा भ्रांतियां नहीं फैलें।

उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध हथियारों पर रोकथाम के लिए आर्म्स डीलर के यहां स्टॉक की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह श्री अभय कुमार, पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस उमेश मिश्रा, एडीजी सिविल राइट्स श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव, एडीजी अपराध आरपी मेहरड़ा, एडीजी एसओजी अशोक राठौड़, एडीजी दूरसंचार सुनील दत्त, एडीजी कानून व्यवस्था हवासिंह घुमरिया, गृह सचिव वी. सरवन कुमार, पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक गौरव श्रीवास्तव, उप पुलिस महानिरीक्षक अपराध शाखा श्री राहुल प्रकाश भी उपस्थित थे।

### कारतूसों के अवैध बेचान पर हो प्रभावी निगरानी

गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में राज्य पुलिस प्रभावी तरीके से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अवैध कारतूसों पर नकेल कसने की आवश्यकता है। इसके लिए गन डीलर से कारतूसों के बेचान की प्रभावी मॉनिटरिंग हो। अवैध ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए दवा निर्माताओं तथा विक्रेताओं पर सतत निगरानी रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति और सुदृढ़ कर मिसाल कायम करें। पुलिस महानिदेशक श्री एमएल लाठर ने बताया कि विगत तीन वर्षों में हुए नवाचारों से राज्य पुलिस तमाम चुनौतियों के बावजूद अपराधों पर प्रभावी रोकथाम में सफल हुई है।

कोटा की राजीव आवास एवं सुखाड़िया आवासीय योजना

## आवासीय योजनाओं के निवासियों की समस्याओं का होगा समयबद्ध निस्तारणः शांति धारीवाल

पायनियर समाचार सेवा। कोटा



**स्वायत्त** शासन मंत्री शांति धारीवाल ने गुरूवार को कोटा नगर विकास न्यास द्वारा विकसित मोहनलाल सुखाड़िया एवं राजीव आवास योजना क्षेत्रों में पहुंचकर ना केवल नागरिकों की समस्याएं सुनी बल्कि मौके पर ही निराकरण भी किया। इस अवसर पर स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि सभी क्षेत्रों में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर उनकी समस्याओं का समय पर निराकरण किया जायेगा।

उन्होंने प्रत्येक नागरिक द्वारा बताई गई समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनकर आश्वस्त किया कि सरकार की व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं सभी पात्र नागरिकों को दिलाया जायेगा।

नागरिकों ने सुनवाई में आवासीय क्षेत्रों में पेयजल, रोशनी, सड़क, पार्कों का रखरखाव, सुरक्षात्मक दृष्टि से चौकीदार रखने एवं चार दिवारी ऊंची करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का निराकरण कर उनके लिए मूलभूत सुविधाएं भी विकसित की जायेगी। उन्होंने कहा कि नदी पार नागरिकों के लिए जिला अस्पताल का कार्य प्रारम्भ हो चुका है ऐसे में उन्हें चिकित्सा सुविधाओं के लिए भी दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दोनों आवासीय योजनाओं में चम्बल से पानी की सप्लाई के लिए, सकतपुरा एमएलडी की क्षमता बढाई जा रही है आगामी एक वर्ष में सभी घरों में तीसरी मंजिल तक निर्बाध रूप से पानी मिलने लगेगा। राजीव आवास योजना के लिए ये होंगे कार्यःराजीव आवास योजना में चम्बल नदी का पानी पहुंचने तक नगर विकास न्यास 3 बोरिंग और करवा कर 15 दिवस में सभी घरों में तीसरी मंजिल तक पानी पहुंचायेगा।

सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम दो कार्मिक नियुक्त करेगा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए नगर विकास न्यास चौकीदार नियुक्त करेगा। आवासीय योजना की चारदिवारी को ऊंचा करवा कर तार फेंसिंग करवाई जायेगी। आवासीय योजना के बहार बने गड्ढों को भरवाया जायेगा। इस आवासीय योजना में चम्बल का पानी पहुंचने तक आवश्यकता होने पर एक बॉरिंग और करवाई जायेगी।आवासीय योजना में बने मकानों में आवंटियों के स्थान पर अन्य लोगों द्वारा कब्जा करने का न्यास द्वारा सर्वे करवाकर उनके खिलाफ कार्यवाही कि जायेगी तथा स्वंय नहीं रहने वालों के आवंटन निरस्त होंगे। सफाई के लिए नगर निगम द्वारा 3 सफाई कर्मी नियुक्त किये जायेंगे। आवासीय क्षेत्र में बने सभी 6 पार्कों का की दिवारों पर रंग रोगन एवं पौधे विकसित किये जायेंगे। गंदे पानी की निकासी एवं क्षतिग्रस्त रोड़ों के मरम्मत के लिए नगर विकास न्यास द्वारा तकमिना बनाकर कार्य शुरू किया जायेगा। सम्पूर्ण आवासीय योजना की सुरक्षा दिवार को ऊंचा किया जाकर तार फेंसिंग करवाई जायेगी।

### आप की महिला शक्ति प्रदेशाध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र

**राजस्थान निसं।** रीट पेपर लीके मामले में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड चेयरमेन डी.पी. जारोली को जिम्मेदार ठहराते हुए पदमुक्त करने की मांग को सरकार से की गई है। आप आदमी पार्टी की महिला शक्ति प्रदेशाध्यक्ष कीर्ति पाठक ने इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा है। आम आदमी पार्टी महिला शक्ति प्रदेश अध्यक्ष कीर्ति पाठक ने प्रदेश के मुख्य मंत्री अशोक गहलोत को लिखे पत्र में बताया कि स्क्रूल की जांच के आधार पर रीट भर्ती के पेपर लीक मामले से सरकारी तंत्र , सरकारी धन , जनता के टैक्स के पैसे सहित प्रदेश के युवाओं के अमूल्य समय व संसाधनों का अपव्यय हुआ है। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डी पी जारोली सहित अन्य दोषी अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से पद मुक्त करना चाहिए। साथ ही इस पैसे की वसूली करने की कार्रवाई भी हो। वहीं इस मामले में बोर्ड अध्यक्ष जारोली से सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।

### शीतलहर चलने से छूटी लोगों की कंपकंपी

**राजस्थान निसं।** देश के उत्तरी इलाकों में हो रही भारी बर्फबारी का असर हिल स्टेशन माउंट आबू में लगातार पड़ रहा है। माउंट आबू में पिछले 5 दिन से पारा माइनस में रिकॉर्ड हो रहा है। शुक्रवार सुबह भी शहर का पारा माइनस 3 डिग्री दर्ज किया गया है। हिल स्टेशन पर पड़ रही कड़ाके की सर्दी का असर जिले के मैदानी इलाकों में भी देखा जा रहा है। शीतलहर के कारण लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। माउंट आबू में कड़ाके की ठंड के कारण फूलों और पत्तियों पर बर्फ की परत जमी नजर आई।

# प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ रखने में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी: परसादी लाल मीणा

पायनियर समाचार सेवा। सीकर

**चिकित्सा** एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ रखने में राज्य सरकार की ओर से कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नीमकाथाना में मदर चाईल्ड का जिला अस्पताल होना क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मीणा ने सीकर जिले के नीमकाथाना में 3396.81 लाख रूपये की राशि से बनने वाले मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के शिलान्यास तथा ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण करने के बाद आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नीमकाथाना में मातृ एवं शिशु चिकित्सालय दो वर्ष के अन्दर बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से राजस्थान में वैक्सीनेशन का काम हुआ है तथा वैक्सीनेशन के क्षेत्र में 95 प्रतिशत लोगों को प्रथम डोज लगाई जा चुकी है तथा 80 प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज लग चुकी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में जो नुकसान हुआ है लेकिन आज वैक्सीनेशन होने से ही हम अपना बचाव कर सकते है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सीएचसी, पीएचसी लेवल तक ओक्सीजन प्लांट चालू करवाकर नागरिकों के जीवन बचाने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ ही मेडिकल कॉलेज का ढ़ांचा मजबूत हुआ है। मीणा ने कहा कि छात्रों की मेडिकल पढ़ाई के लिए राज्य सरकार ने 30 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले है जो 23 जून 2022 तक शुरू हो जायेंगे जिससे छात्रों को मेडिकल की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में 16 मेडिकल कॉलेज एक साथ खोलना बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में हैल्थ का ढ़ांचा मजबूत हो इसके लिए डॉक्टर्स, एएनएम है वे ग्राम स्तर पर पहुंचकर लोगों के जीवन बचाने का कार्य कर रही है।



उन्होंने समारोह के बाद कपिल अस्पताल नीमकाथाना में भामाशाह के सहयोग से बने ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री एवं लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि नीमकाथाना क्षेत्र में कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना का पानी शीघ्र लाने का प्रयास किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि नीमकाथाना क्षेत्र में विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में तीन वर्ष के कार्यकाल में अनेक विकास कार्यों का क्रियान्वयन कर आमजन को राहत देने का काम किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जो आगामी बजट प्रस्तुत करेंगे उसमें किसानों के लिए कृषि का अलग बजट होगा। नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री, पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री श्री डोटासरा से नीमकाथाना को जिला बनाने, ब्लड बैंक स्थापित करवाने, क्षेत्र डार्क जोन में होने के कारण पेयजल की समस्या का निदान करने के लिए कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना का पानी उपलब्ध करवाने सहित क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत करवाया जिस पर उन्होंने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**ऑक्सीजन प्लांट का किया लोकार्पण :** राजकीय कपिल जिला चिकित्सालय नीमकाथाना में स्वर्गीय तुलसी राम गुप्ता व स्व शांति देवी गुप्ता की स्मृति में परिवारजनों द्वारा निर्मित ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा, पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री एवं लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा, नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने किया।

### तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार


**राजस्थान।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जालौर टीम ने मंगलवार को पाली में कार्रवाई करते हुए पटवारी हल्का-पाली-द्वितीय जिला पाली और उसका दलाल तीस हजार की रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि एसीबी की जालौर टीम को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि एसडीएम कोर्ट के फैसले की पालना में रिकार्ड दुरुस्तीकरण करने की एवज में पटवारी कमल किशोर अपने दलाल चिकू राम सांसी के माध्यम से तीस हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग रहा है। एसीबी जालौर टीम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत ने शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी कमल किशोर और दलाल चिकू राम सांसी को तीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

### तीन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**राजस्थान निसं।** भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा,स्मैक सहित वारदात में प्रयुक्त वाहन जब्त जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने श्याम नगर एवं मुरलीपुरा थाना इलाके में ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार कर चार किलो 400 ग्राम गांजा, 50 ग्राम स्मैक एवं परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया वाहन जब्त किया है। वहीं अब तक सीएसटी ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 939 मामला दर्ज कर 1 हजार 195 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध) सुलेश चौधरी ने बताया कि जयपुर पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ।

## ट्रेड लाइसेंस के अभाव में एक प्रतिष्ठान सीज

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर



**नगर** निगम ग्रेटर जयपुर की स्वास्थ्य शाखा ने गुरूवार को कार्यवाही करते हुये आरएमए लाइसेंस (अनुज्ञा पत्र) नही पाये जाने पर ए-11 विजय पथ तिलक नगर टी क्लब को सीज किया गया। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कांकरिया ने बताया कि टी क्लब को 90 दिवस या आर एम एम लाइसेंस लेने (जो भी पहले हो) तक सीज किया। उन्होंने बताया कि राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 105, 325 तथा 337 के तहत रेस्टोरेंट आदि के संचालन के लिए आरएमए लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

## आकाश ने सीकर में अपना पहला क्लासरूम सेंटर लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। सीकर

परीक्षा तैयारी सेवाओं में देश भर में अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने शनिवार को राजस्थान के सीकर में अपने पहले क्लासरूम सेंटर का उद्घाटन किया। नए सेंटर में 1332 छात्रों के लिए 21 कक्षाएँ होंगी। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, एलएम टॉवर, पहली मंजिल, बीपीसीएल पेट्रोल पंप के पास, पिपराली रोड, सीकर, राजस्थान में स्थित क्लासरूम सेंटर फाउंडेशन स्तर के पाठ्यक्रम, जो बेसिक्स को मजबूत करने के अलावा उन्हें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे ओलंपियाड की तैयारी में मदद करता है, के साथ-साथ मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा पाठ्यक्रमों की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए सहायक होगा।

क्लासरूम सेंटर का उद्घाटन डिप्टी डायरेक्टर, मुकेश उपाध्याय; रितेश अग्रवाल, सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर और गौरव पेरीवाल, रीजनल ग्रोथ एंड सेल्स हेड, एईएसएल द्वारा कंपनी के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। नए सेंटर के उद्घाटन के बारे में बोलते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, आकाश चौधरी ने कहा, सीकर में पहला क्लासरूम सेंटर, ओलंपियाड को पास करने और डॉक्टर और आईआईटीयन बनने के इच्छुक स्थानीय छात्रों के लिए एक बड़ा वरदान होगा। शनिवार को आकाश अपने अखिल भारतीय केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है।



हमारी शैक्षिक सामग्री की गुणवत्ता और हमारी शिक्षण पद्धति की प्रभावशीलता, जैसा कि छात्रों के चयन की संख्या से पता चलता है, ने आकाश को स्नातक चिकित्सा और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए अर्हता प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए शीर्ष विकल्पों में से एक बना दिया है। श्री चौधरी ने आगे कहा, हम सीकर में अपना पहला कक्षा केंद्र खोलकर और राजस्थान में अपने पदचिह्न का विस्तार करते हुए बहुत खुश हैं।

### वासुदेव देवनानी ने उठाई जारोली को बर्खास्त करने की मांग

**राजस्थान निसं।** रीट पेपर लीक मामले में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड चेयरमैन डी.पी. जारोली पर धांधली का आरोप लगाते हुए विधायक अजमेर उत्तर विधानसभा से विधायक व पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री वासुदेव देवनानी ने कहां कि अब तो खुद एसओजी ने भी स्वीकार कर लिया है कि रीट परीक्षा का पेपर आउट हुआ है। ऐसे में राज्य सरकार को तुरंत प्रभाव से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने और रीट परीक्षा 2021 निरस्त करने का विचार करना चाहिए। देवनानी ने कहां कि जयपुर को छोड़कर शेष जिलों में सरकारी अधिकारियों को रीट परीक्षा का को-ऑर्डिनेटर बनाया गया।

## नेशनल हाईवे पर डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### गिरोह के तीन बदमाश आए पुलिस गिरफ्त में

पायनियर सेवा राजस्थान। जयपुर



**बगरू** थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे पर डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों से 1 हजार 700 लीटर चोरी का डीजल, एक डीजल टैंकर, एक लोडिंग टेम्पो, एक मोटरसाइकिल सहित उपकरण जब्त किया गया है। पकड़ा गया गिरोह बीते एक साल में डीजल टैंकरों से करीब दो करोड़ रुपए का डीजल चोरी कर सस्ते दामों में बेच चुका है। पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान रेलवे से संबंधित कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ऋचा तोमर ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे पर डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के कालु खां निवासी डीडवाना जिला नागौर हाल टैंकर चालक ,विजेन्द्र मीणा निवासी मौजमाबाद जिला जयपुर और राजू कुमावत निवासी छितरौली बगरू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर डीजल चोरी करते पकड़े गए गिरोह से चोरी का 1700 लीटर डीजल, एक डीजल टैंकर, लोडिंग टेम्पो, कार सहित अन्य उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों ने दर्जनों वारदातें करना कबूल किया है। इसके अलावा आरोपी एक साल से वारदात को अंजाम दे रहे थे। अब तक करीब 1.80 लाख लीटर डीजल चोरी कर चुके हैं करीब 1.45 करोड़ रुपए का रेलवे और पेट्रोल पंप संचालकों को हानि पहुंचाई गई है। टैंकर चालक से डीजल प्रति लीटर 50 रुपए की दर से खरीद कर 80 रुपए प्रति लीटर की दर से किसानों और पेट्रोल पंप वालों को बेचा जा रहा थो। डीजल चोरी के खेल में रेलवे के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। पुलिस रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता को देखते हुए जांच पड़ताल कर रही है। इसके अलावा चोरी का डीजल खरीदने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। एसीपी बगरू देवेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित विजेंद्र मीणा जोबनेर के बोराज गांव का रहने वाला है और आसलपुर में भारत पेट्रोलियम का पेट्रोल-डीजल स्टोरेज डिपो है। मध्य प्रदेश रिफाइनरी वाया कोटा से डिपो में पाइप लाइन से पेट्रोलियम पदार्थ इस डिपो में आता है।

यहां से टैंकरों से भारतीय रेलवे जयपुर और अन्य पेट्रोल पंप पर सप्लाई होता है। आरोपित विजेंद्र मीणा और राजू कुमावत आसलपुर डिपो से ही रेलवे जयपुर और अन्य पेट्रोल पंपों को डीजल सप्लाई देने वाले टैंकर चालकों से मिलीभगत करते थे। टैंकर चालकों को प्रलोभन देकर टैंकर से डीजल चोरी करते थे। भारतीय रेलवे को सप्लाई देने वाले टैंकर से 500 से 600 लीटर डीजल चोरी करते थे। भारतीय रेलवे के संबंधित लोगों से मिलीभगत होने की बात भी सामने आई है। पेट्रोल पंप पर सप्लाई होने वाले टैंकरों से 50 से 60 लीटर डीजल निकालना सामने आया है।

### पटवारी आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

राजस्थान निसं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) की सीकर टीम ने गुरवार को नागौर में कार्रवाई करते हुए पटवारी पटवार मण्डल सुनारी तहसील लाडनूं जिला नागौर को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि एसीबी की सीकर टीम को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि रास्ते का नामान्तरण खोलने व पूर्व के खाते के नक्शे का शुद्धीकरण करने की एवज में पटवारी मदनलाल आठ हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग रहा है। एसीबी सीकर के उप पुलिस अधीक्षक जाकिर अख्तर ने शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी मदनलाल जाट को परिवादी से आठ हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। आरोपित पटवारी के विरुद्ध एसीबी में वर्ष 2010 में भी ट्रेप प्रकरण दर्ज किया जाकर चालान पेश न्यायालय किया गया था।

## टूरिस्ट के लिए रविवार को भी खुलेगा रणथंभौर

पायनियर समाचार सेवा। सवाई माधोपुर




**रणथंभौर** नेशनल पार्क में एक बार फिर से रविवार को भी टूरिज्म एक्टिविटी हो सकेगी। इसके लिए वन विभाग ने गुरुवार देर शाम एक आदेश जारी किया है। डीएफओ (पर्यटन) संदीप कुमार के आदेश के अनुसार अब टूरिस्ट रविवार को भी यहां टाइगर सफारी कर सकेंगे। आदेशों में बताया कि राज्य सरकार की ओर से कोरोना संक्रमण को देखते हुए 12 जनवरी से रणथंभौर में रविवार को पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगा दी थी। अब गृह विभाग के आदेश अनुसार टूरिस्ट रणथंभौर नेशनल पार्क में रविवार को टाइगर सफारी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के गृह विभाग द्वारा 9 जनवरी 2022 को आदेश जारी कर महामारी सतर्क-सावधान जन अनुशासन दिशा निर्देशों के तहत प्रदेशभर में सप्ताह के प्रत्येक रविवार को जन अनुशासन कर्फ्यू लागू किया है। इसकी अनुपालना में आगामी आदेशों तक रणथंभौर नेशनल पार्क में 12 जनवरी को आदेश जारी कर प्रत्येक रविवार को पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियां बंद की गई थी।

अब गृह विभाग के आदेश अनुसार रणथंभौर नेशनल पार्क में रविवार को भी पर्यटन गतिविधियां होंगी। गौरतलब है कि रणथंभौर में शनिवार रविवार को पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिलती है। यहां वीकेंड के दौरान करीब 3 हजार टूरिस्ट टाइगर सफारी करते हैं।

राजस्थान की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
भवानी शंकर शर्मा
मोबाइल नम्बर-7878877419

# साफ सिटी-सेफ सिटी आंदोलन चलेगा : मंत्री कमल गुप्ता

## बड़े शहरों को साफ और सुरक्षित बनाने के लिए लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे

### महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी वीर लाला लाजपत राय की जयंती पर पुष्प अर्पित कर कहा



**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल।

स्थानीय शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के बड़े शहरों को साफ-सुथरा और सुरक्षित बनाने के लिए साफ सिटी-सेफ सिटी का स्लोगन दिया गया है ताकि सामाजिक संस्थाओं तथा जन भागीदारी की सहायता से राज्य के शहरों को साफ और निरापद बनाया जा सके और देश के बड़े साफ-सुथरे शहरों की सूची में प्रदेश के शहर शामिल हो सकें।

श्रीगुप्ता आज लाला लाजपत राय जयंती के अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के शहरों को स्वच्छता के क्षेत्र में टॉप 10 में लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रतिनिधिमंडल मध्यप्रदेश के इंदौर में भेजे गए जोकि वहां की व्यवस्था को देख व समझकर हरियाणा के शहरों में लागू की जाएगी ताकि राज्य के शहरों को स्वच्छता और सुरक्षा के क्षेत्र में अव्वल दर्जे का बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि लाला लाजपत राय अपने जीवन के आरंभिक काल से ही देशभक्ति की भावनाओं से ओतप्रोत थे। उन्होंने पंजाब में अंग्रेजों के विरुद्ध असहयोग आंदोलन, साईमन कमीशन का विरोध सहित आजादी की लड़ाई में बढ़चढ़ कर भाग लिया, इतना ही नहीं जलियांवाला बाग की घटना के बाद जिस प्रकार अंग्रेजों ने उनके शरीर पर लाठियों की बौछार की थी, उस पर उन्होंने कहा था कि %उनके शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी अंग्रेजों के ताबूत की आखिरी कील होगी'।

शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को हमारी सरकार द्वारा राज्य के 8800 स्थानों पर मनाया गया। देश में भी लाखों जगहों पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इतना ही नहीं हमारी सरकार और पार्टी ने वीर बंदा बैरागी, गुरू गोबिंद सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, चंद्र शेखर आजाद, भगत सिंह सहित अन्य महान विभूतियों की जयंतियों को मनाया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने मंत्री कमल गुप्ता को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया और महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ऐसे राष्ट्र भक्तों के बलिदान की बदौलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, उन्हें शत-शत नमन है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है तभी से संत महात्माओं तथा शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों की जयंती मनाकर उनको सम्मान देने का काम किया है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। कहा कि शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों, संत महात्माओं की जयंती के अवसर पर हम सबको उन्हें याद करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील गोयल, कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, कार्यक्रम के संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ से अनिल गांधी, व्यावसायिक प्रकोष्ठ से सुशील गुप्ता, जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, कार्यालय प्रमुख शाम बत्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान दास अघी, जोगिंद्र वाल्मीकि एवं सभी जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य भाजपा कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे।

# देशव्यापी हड़ताल में करोड़ों मजदूर-कर्मचारी हिस्सा लेंगे: सीटू

### गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने 23-24 फरवरी की हड़ताल और कर्मचारियों के बारे की बयानबाजी की निंदा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत।

मजदूर संगठन सीटू ने गुरनाम सिंह चढ़ूनी द्वारा 23-24 फरवरी की हड़ताल और कर्मचारियों के बारे की गई बयानबाजी की निंदा की। संगठन ने मांग की कि चढ़ूनी को इस बयान के लिए खेद प्रकट करना चाहिए। सीटू प्रदेश अध्यक्ष सुरेखा, महासचिव जय भगवान, जिला अध्यक्ष आनंद शर्मा, जिला सचिव सुनीता ने जारी प्रेस बयान में कहा कि किसान आंदोलन और किसान मोर्चा के एक बड़े नेता द्वारा मजदूरों-कर्मचारियों तथा देशव्यापी हड़ताल के प्रति अशोभनीय भाषा और नजरिया पेश करना बेहद अफसोसजनक है। इस देशव्यापी हड़ताल में करोड़ों मजदूर-कर्मचारी हिस्सा लेंगे। यह हड़ताल केंद्र सरकार की पूंजीपतिपरस्त नीतियों के खिलाफ है। जिन नीतियों से किसान भी बुरे तरीके से प्रभावित हैं। छोटा और मझोला किसान बर्बादी की तरफ धकेला जा रहा है।

हरियाणा में ही भाजपा सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण कानून में संशोधन करना इसका उदाहरण है। चढ़ूनी को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान आंदोलन में मजदूरों और कर्मचारियों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। तन, मन, धन तीनों तरह से किसान आंदोलन का हिस्सा यह तबके रहे हैं। इसीलिए किसान आंदोलन में मजदूर, किसान एकता के नारे लगते रहे हैं। चदुनी ने अपने संगठन का नाम भी राष्ट्रीय किसान मजदूर फैडरेशन रख रखा है। भारतीय जनता पार्टी पूरे किसान आंदोलन में मजदूरों और किसानों के बीच विभाजन पैदा करने के प्रयास करती रही है। क्या चदुनी की यह बयानबाजी इस मामले में सरकार की मदद ही तो नहीं कर रही। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए की वे किसके पाले में खड़े हैं। संगठन नेताओं ने कहा कि वे संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 23-24 फरवरी को होने जा रही देशव्यापी हड़ताल का समर्थन और उसमें भाग लेने के निर्णय का स्वागत करते हैं।

इस हड़ताल का आह्वान भाजपा समर्थित संगठन बीएमएस को छोड़ देश के तमाम केंद्रीय मजदूर संगठन और कर्मचारी फेडरेशन ने मिलकर किया है। जिसका प्रमुख मुद्दा है सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र, बैंक, बीमा, रेलवे, बिजली, पेट्रोलियम आदि तमाम क्षेत्रों को कारपोरेट को सौंपने से बचाना। चार लेबर कोड्स (कानून) वापस करवाना। जिन कानूनों में देश में युवाओं की आने वाली पीढ़ियों को पूंजीपतियो, फैक्ट्री, कंपनी मालिकों का गुलाम बनाने का प्रबंध किया गया है। जिसने स्थाई रोजगार को एक प्रकार से खतम कर दिया गया है। सीटू नेताओं ने कहा कि 23 -24 फरवरी की हड़ताल देश बचाने और जनता बचाने के नारे को लेकर है। इसकी जबरदस्त तैयारी चल रही है और किसानों का भी हड़ताल के अभियान में व्यापक समर्थन मिल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लाला का जीवन निर्भीक होकर समाज सेवा की देता है प्रेरणा



पुरानी अनाज मंडी में कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता राजीव जैन।

**सोनीपत।** स्वतंत्रता बलिदानी एवं वैश्य समाज के गौरव लाला लाजपत राय का जीवन निर्भिक होकर समाज सेवा, देश सेवा, करने की प्रेरणा देता है, युवा पीढ़ी को देश प्रथम, समाज दितीय एवं अपना परिवार व स्वार्थ तृतीय की भावना से देश को आगे बढ़ाने के लिए काम करना होगा। ये विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने लाला लाजपत राय मंडी में स्थापित लाला की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। राजीव जैन ने कहा कि लाला की कर्मभूमि हरियाणा प्रदेश भी रहा और उन्होंने बैंक तथा शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की जो क्रमश: देश की आर्थिक प्रगति तथा शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही है।

### समाज सेवी अभिषेक मेहता व साथियों ने किया शहीदों को नमन



**कैथल।** प्रसिद्ध समाज सेवी अभिषेक मेहता व उनके साथियों ने शहीदों की प्रतिमा पर मालार्यपण करके उन्हें नमन किया व शहीदों को नत मस्तक होकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर बोलते हुए अभिषेक मेहता ने कहा कि, शहीद हमारे आर्दश थे और हमेशा रहेंगें। हमें अपने देश के वीर शहीदों को कभी नहीं भूलना चाहिए। क्योंकि उन्हीं की बदोलत ही हमें आजादी मिली है। आज हम अगर खुली हवा में सांस ले रहे हैं तो हमारे देश के शहीद वीर जवानों की वजह से हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ एस एम सी प्रधान कुलदीप कुमार, संदीप सैनी, कुलवंत सिंह, राकेश कुमार व स्कूल मुखिया रमेश कुमार, रघबीर सिंह, मीना कुमारी, प्रियंका, सोनिका, सुमन, मोनिका, ममता आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

### शिक्षा मंत्री आवास का 30 को घेरेगा अध्यापक संघ

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला भिवानी की कोर कमेटी की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान महेन्द्र सिंह एवं संचालन राजेश सभ्रवाल द्वारा किया गया। शिक्षा विभाग के कार्यों एवं आन्दोलनों पर समीक्षा उपरांत राज्य कमेटी के निर्णयानुसार यह फैसला लिया गया कि 30 जनवरी को प्रदेशभर से शिक्षकों द्वारा जगाधरी यमुनानगर स्थित शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा। वरिष्ठ शिक्षक नेता वजीर सिंह ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति की आड़ में कक्षा पहली एवं दूसरी को शिक्षा विभाग से निकाला जा रहा है, प्राथमिक शिक्षकों के तबादला प्रक्रिया को मजाक बनाकर रख दिया गया है। एसीपी के नाम पर अतार्किक नियमों द्वारा अध्यापक वर्ग को वित्तीय लाभ से वंचित किया जा रहा है, पदोन्नति के नाम पर बार-बार केस मांगे जा रहे हैं, निदेशालय स्तर पर हजारों अध्यापकों के सभी प्रकार के मामले लम्बित हैं। यदि शिक्षा मंत्री एवं अधिकारी समय रहते बातचीत द्वारा उक्त मामले हल नहीं करते हैं तो अध्यापक संघ को लम्बे आन्दोलन की शुरूआत करनी होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। जिला सलाहाकार अजीत राठी ने बताया कि केन्द्र एवं राज्यों सरकारों के कर्मचारी एवं जन विरोधी नीतियों के विरूद्ध 23 एवं 24 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में अध्यापक वर्ग भी बढ़चढ़कर भाग लेगा।

### महिलाओं पर एसिड अटैक एक घिनौना अपराध : सीजेएम

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद्र डिमरी के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी हिमांशु सिंह ने कहा कि महिलाओं पर एसिड अटैक एक धिनौना अपराध है। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति के शरीर के किन्हीं भागों को उस व्यक्ति पर एसिड फेंककर किसी महिला को अंग विकार व निशक्त बनाएगा या किसी महिला की अश्लील फोटो खींचता है, तो यह एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि किसी महिला का शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, मौखिक, मनोवैज्ञानिक या यौन शोषण किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाना, जिसके साथ महिला के पारिवारिक सम्बन्ध हैं, घरेलू हिंसा में शामिल होता हैं। कानूनों की उलंघना करने पर कठोर सजा का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण व शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को जागरूक करने व घर-घर जाकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो कोई महिला का शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, मौखिक, मनोवैज्ञानिक या यौन शोषण किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाना, जिसके साथ महिला के पारिवारिक सम्बन्ध हैं, घरेलू हिंसा में शामिल होता हैं।

### अपनी प्रतिभा को निखार कर खुद को सशक्त बनाना होगा

**कुरुक्षेत्र।** नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत परियोजना के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत पर युवाओं के अभिमुखीकरण, चर्चा और व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन जिले के पीपली और थानेसर खंड में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नेहरू युवा केंद्र की लेखा और कार्यक्रम सुपरवाइजर कांता देवी ने बताया कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से उन्हें रूबरू कराने और स्वरोजगार के माध्यमों के प्रति उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

# स्लोगन प्रतियोगिता में 8वीं की मिष्ठी ने मारी बाजी

**पायनियर समाचा सेवा।** कुरुक्षेत्र



**श्रीगुरु** नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सैकेण्डरी स्कूल शाहबाद द्वारा सड़क सुरक्षा और सुरक्षित वाहन विषयों पर स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी आदि आनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल की प्रिंसीपल दीपांश कौर ने बताया कि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की मिष्ठी ने पहला स्थान, सातवीं कक्षा की हीना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

उन्होंने बताया कि पोस्टर मेकिंग में आठवीं कक्षा की वंशिका सैनी ने पहला, अनु कुमारी ने दूसरा और यशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह प्रश्नोतरी में शिल्पा, आमना और हिमानी के ग्रुप ने पहला, सिमरनजीत कौर, मनीषा और पराची के ग्रुप ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रश्नोतरी का संचालन अध्यापिका कविता लाठर और नीलम ने सुचारू रूप से किया। प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया है, ताकि भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में वे अपनी प्रतिभा का और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्रिंसिपल ने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्कूल प्रांगण में समय-समय पर होने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

## कोरोना से बचाव का टीकाकरण ही एकमात्र उपाय: डा. घुम्मन

**कुरुक्षेत्र।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सिविल अस्पताल द्वारा भेजी गई डॉक्टरों की टीम द्वारा 15 से 18 वर्ष तक के विद्यार्थियों का टीकाकरण करवाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य डा. आरएस घुम्मन ने की तथा उन्होंने विद्यार्थियों को टीकाकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा बताया कि इस महामारी से बचने के लिए टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है तथा हमें खुद को स्वस्थ रखकर समाज में इस बीमारी को फैलने से रोकना होगा।

टीकाकरण करने के लिए सिविल अस्पताल शाहाबाद मारकण्डा से एएनएम नीलम रानी, आशा वर्कर लक्ष्मी देवी, सुष्मा, मोनिका, सोनिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल के उपप्राचार्य विरेन्द्र सिंह, प्रबंधक मनोज भसीन, अरूण रानी, चांद रानी, पूजा आदि उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम शुरू

### समापन पर महान कीर्तन समागम होगा 30 को

**गुरजोत दुग्गल।** कुरुक्षेत्र



शिरोमणि अकाली दल के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना व अन्य।

**साहिब**-ए-कमाल श्रीगुरु गोविन्द सिंहजी महाराज के प्रकाश पर्व एवं अनोखे अमर शहीद बाबा दीप सिंहजी के जन्म दिवस की खुशी में एलएनजेपी अस्पताल के नजदीक ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं में महान कीर्तन समागम 30 जनवरी को होगा। इस उपलक्ष में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के तहत श्रीअखंड पाठ साहिब का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया।

जानकारी देते हुए शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि बाबा बंदा सिंह बहादुर सेवक जत्था कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर महान कीर्तन दरबार रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। इस समागम में सिक्ख पंथ के महान गुरबाणी कथावाचक और रागी जत्थे कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे। कीर्तन दरबार में गुरुद्वारा पातालपुरी लाडवा के हजूरी रागी भाई जगतार सिंह, अकाल उस्तत ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के चेयरमैन एवं अंतर्राष्ट्रीय गुरबाणी कथावाचक भाई तेजपाल सिंह, कविशर जत्था भाई भगत सिंह गुरदासपुर वाले, रागी जत्था भाई जीवन सिंह कीर्तन करेंगे।

# आंगनबाड़ी वर्कर आज करेंगी कांग्रेस विधायक के आवास की घेराबंदी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



**आंगनबाड़ी** वर्क रों की हड़ताल उपायुक्त कार्यालय सोनीपत पर लगातार जारी रही। सैकड़ों आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स, कार्यकर्ता, सहायिका हड़ताल में शामिल हो रही है। जिसकी अध्यक्षता उषा रानी एवं सुमन ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन सोना देवी अनु खत्री ने संयुक्त रूप से किया।

उन्होंने कहा कि सरकार दमन करके आंदोलन को तोड़ना चाहती है, जिसे किसी भी सूरत में सफल नहीं होने दिया जाएगा, क्योंकि वर्करों की अलग से कोई मांग नहीं है। प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणा अनुसार वर्कर को पंद्रह सौ रुपए, हेल्पर को 750 रुपये हरियाणा सरकार देना नहीं चाहती। वहीं 2018 में मुख्यमंत्री के साथ हुए समझौते अनुसार न्यूनतम वेतन कानून लागू करने पर सहमति बनी थी। लेकिन मुख्यमंत्री मुकर रहे हैं। आंगनबाड़ी वर्करों पर ही मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और नौकरी से निकाला जा रहा है। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला प्रधान आनंद शर्मा, एआईयूटीयूसी हरियाणा के सचिव हरि प्रकाश, भारतीय किसान यूनियन लीगल सेल के चेयरमैन ब्रहम सिंह दहिया, ऑल इंडिया किसान सभा हरियाणा के उपाध्यक्ष श्रद्धानंद सोलंकी, मास्टर नफे सिंह, प्रताप सिंह, शिलकराम मलिक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा लगा रही है

## सेवानिवृत्ति पर सेवादार को बुके देकर किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग शाहाबाद में सेवादार के पद पर कार्यरत गांव ढकाला निवासी दर्शन पाल सिंह आज 37 वर्ष के लम्बे कार्यकाल के बाद सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृति पर सादे समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में एएफएसओ राजेन्द्र सिंह, सुपरीटेंडेंट कुरुक्षेत्र संजीव कुंडू, इंस्पेक्टर दिनेश गुप्ता, इंस्पेक्टर सतबीर सिंह, इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह, इंस्पेक्टर अंकुश सिद्धू एवं डिपो एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों ने दर्शन पाल का फूलमाला एवं बुके देकर सम्मानित किया।

# यूथ वीरांगनाओं ने पेहवा चौक और बस स्टैंड पर बांटे 1900 मास्क

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**आज** यूथ वीरांगनाओं ने स्थानीय पेहवा चौक और बस स्टैंड पर 1900 मास्क वितरित किए। यूथ वीरांगनाओं ने कहा कि आज कोरोना एक ऐसी महामारी है। जिससे हमें स्वयं ही अपना बचाव करना है।

जहां भी जाओ मास्क लगाकर जाओ। कुछ लोगों को अभी तक इन सब चीजों की जानकारी बिल्कुल भी नहीं है। इसलिए यूथ वीरांगनाएं आगे आईं और आज उन्होंने एक जागरूकता शिविर लगाया। इसका मकसद आम जनता को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करना था। आम जनता ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि, यूथ वीरांगनाएं संस्था हमेशा अच्छे कामों के लिए आगे आती रही है।

शहर वासियों ने कहा कि, हम इनका बहुत धन्यवाद करते हैं कि यह हमें जागरूक करते हैं। इस अवसर पर यूथ वीरांगना रूबी अरोड़ा, पूजा ढींगरा, ममता, पूनम, अनिता, गीता, सुनीता, आशा, इंदू, संतोष, वीना, नीलम ढींगड़ा आदि भी मुख्य रूप से उपस्थित थीं।




# एडटेक कंपनी लीड 2022 में बजट प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई को बढ़ावा देगी

### हरियाणा में 81 से ज्यादा स्कूलों के 37,700 स्टूडेंट्स लीड पर करते हैं भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद/रेवाडी।

**शिक्षा** के क्षेत्र में महामारी के सबसे बड़े प्रभावों में से एक रहा है, लंबे समय तक स्कूलों के बंद रहने के कारण पढ़ाई में हुआ नुकसान। इससे बजट स्कूलों पर बुरा प्रभाव हुआ है, पढ़ाई में ज्यादा अंतर आया है, खासकर सबसे निचले आर्थिक वर्गों से आने वाले बच्चों की पढ़ाई में।

प्रमुख स्कूल एडटेक कंपनी लीड 400 से ज्यादा शहरों में 3000 से ज्यादा बजट प्राइवेट स्कूलों को सेवा प्रदान करती है और भारत में स्कूली शिक्षा के कायाकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है कि कंपनी 12 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स के लिये पढ़ाई की कमी को पूरा कर रही है। कंपनी अभी अपने इंटीग्रेटेड लर्निंग सिस्टम के माध्यम से हरियाणा में विभिन्न शहरों के 81 स्कूलों में 37,700 से ज्यादा स्टूडेंट्स को सशक्त कर रही है।

'स्कूल में' होने वाली पढ़ाई शिक्षा का मूल होती है और देश के 270 मिलियन स्टूडेंट्स की 'पढ़ाई के परिणामों' को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण है। जिनमें से ज्यादातर स्टूडेंट्स कम शुल्क वाले या बजट प्राइवेट स्कूलों पर भरोसा करते हैं। ऐसे स्कूलों की कोशिशों को सराहते हुए, एज्युकेशन वर्ल्ड मैगजीन 'ईडब्ल्यू इंडिया बजट प्राइवेट स्कूल रैंकिंग्स' लेकर आई है। इस साल, इस रैंकिंग में आए हरियाणा के 47 स्कूलों में से 26 लीड पावर्ड स्कूल थे। यह अवार्ड उन स्कूलों को दिया जाता है, जो कम आय वाले परिवारों के बच्चों को विश्व में सबसे प्रतिस्पर्द्धी मूल्य पर प्राइवेट स्कूल की शिक्षा देते हैं।

एक लीड पावर्ड स्कूल में स्टूडेंट्स को केवल किताबें नहीं, बल्कि उत्कृष्ट शिक्षा के पांच संकेत मिलते हैं।

1. अंतर्राष्ट्रीय मानक का पाठ्यक्रम, जिसमें सिंगापुर, कनाडा और अमेरिका के स्कूलों सहित दुनिया में सर्वश्रेष्ठ स्कूलों के बराबर पढ़ाई होती है।

2. स्मार्ट टीवी, टैबलेट और एक्टिविटी किट्स वाले स्मार्ट क्लासरूम।

# ऐतिहासिक डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'कहानी नवभारत की' को होस्ट करेंगे विक्रांत मैसी

**पायनियर समाचार सेव।** नई दिल्ली

**प्रासंगिक** और अलग-अलग कंटेट फॉर्मेट के साथ हिंदी समाचार शैली के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ते हुए टाइम्स नाउ नवभारत ने शुक्रवार को कहानी नवभारत की डॉक्यूमेंट्री सीरीज को लॉन्च किए जाने की घोषणा की है। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज का निर्देशन अपर्णा सांन्याल ने किया है, जो प्रतिष्ठित राष्टीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित हैं। इस सीरीज को प्रतिभाशाली अभिनेता विक्रांत मैसी होस्ट करेंगे। 10 पार्ट की यह सीरीज भारत की 74 सालों की उन कहानियों को बताती है, जिन्होंने आधुनिक भारत के स्वरूप को दशा और दिशा दी है।

इस सीरीज में गौरव चिंतामणि द्वारा रचित और डॉ. सागर द्वारा लिखित एक थीम गाने को भी शो में एकीकृत किया गया है, जो इस सीरीज की भावना को दर्शाती है। ओरिजनल साउंडट्रैक एक शानदार रस्टिक रैप है, जो भारतीय इतिहास और संस्कृति से प्रेरित है। टाइम्स नेटवर्क के कंटेंट स्टूडियो टाइम्स क्रॉनिकल्स, जोकि तथ्य-आधारित मौलिक शो का निर्माण करता है, द्वारा निर्मित डॉक्यू-सीरीज की यह श्रृंखला 30 जनवरी 2022 से हर रविवार को टाइम्स नाउ नवभारत एसडी और एचडी पर रात 8 बजे प्रसारित होगी।

टाइम्स नेटवर्क के एमडी और सीईओ एमके आनंद ने कहा, हमें टाइम्स नाउ नवभारत पर कहानी नवभारत की (केएनके) पेश करते हुए गर्व हो रहा है। केएनके अनकही कहानियों की एक गहन शोध, तथ्य-आधारित सीरीज है, जो स्वतंत्र भारत के पिछले 75 वर्षों को परिभाषित करती है। हमारे मध्ययुगीन और प्राचीन इतिहास के बारे में बहुत कुछ चर्चा होती रहती है लेकिन जब समकालीन भारत पर निष्पक्ष टिप्पणी की बात आती है और आजादी के बाद के इन घटनापूर्ण वर्षों में यह कैसे विकसित हुआ है, के बारे में जानने के लिए बहुत कम संसाधन मौजूद होते हैं। 21वीं सदी में वैश्विक मंच पर एक उभरते हुए प्रमुख देश के रूप में, यह महत्वपूर्ण है कि हम भारतीय के रूप में अपनी ऐतिहासिक परिस्थितियों को समझें और इसे सराहें कि हम वास्तव में कौन हैं और हम कैसे यहां तक पहुंचे हैं। मुझे विश्वास है कि यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज प्रत्येक भारतीय, विशेष रूप से युवाओं के लिए न्यू इंडिया की कहानी को गहराई से समझने के लिए एक संदर्भ बिंदु के रूप में काम करेगी।

युवा राष्ट्र प्रथम की सोच से आगे बढ़ता है तो

# देश को दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती : प्रधानमंत्री

### नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय कैडेट कोर की रैली को संबोधित कर कहा


### कहा, एनसीसी की मजबूती को एक उच्च स्तरीय समीक्षा समिति भी गठित की

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को स्टार्ट-अप से लेकर खेल की दुनिया में युवाओं के सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि जिस देश का युवा राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ आगे बढ़ने लगता है तो उसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। राजधानी स्थित करियप्पा ग्राउंड में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संस्थान को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में एक उच्च स्तरीय समीक्षा समिति भी गठित की गई है।

उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में एक लाख नए कैडेट बनाए गए हैं। एनसीसी में लड़कियों की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आज सेना में महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारियां मिल रही हैं। एयरफोर्स में देश की बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। ऐसे में हमारा प्रयास होना चाहिए कि एनसीसी में भी ज्यादा से ज्यादा बेटियां शामिल हों।

युवाओं में नशे की लत पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री ने युवा कैडेटों से इसके खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का अनुरोध किया और इसकी शुरुआत अपने परिसर से करने को कहा। उन्होंने कहा, जिस स्कूल-कॉलेज में एनसीसी हो, एनएसएस हो वहां पर ड्रग्स कैसे पहुंच सकती है। आप कैडेट



के तौर पर खुद ड्रग्स से मुक्त रहें और साथ ही साथ अपने कैंपस को भी ड्रग्स से मुक्त रखें। आपके साथी, जो एनसीसी या एनएसएस में नहीं हैं, उन्हें भी इस बुरी आदत को छोड़ने में मदद करिए।

पीएम ने कहा कि एक ओर डिजिटल प्रौद्योगिकी और सूचना से जुड़ी अच्छी संभावनाएं हैं तो दूसरी ओर भ्रामक सूचनाओं के खतरे भी हैं। इसलिए आम आदमी किसी अफवाह का शिकार न हो ये भी जरूरी है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स से इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने उनसे वोकल फॉर लोकल अभियान में भी बड़ी भूमिका निभाने की गुजारिश की। कहा, अगर भारत के युवा ठान लें कि जिस चीज के निर्माण में किसी भारतीय का श्रम लगा है, किसी भारतीय का पसीना बहा, सिर्फ वही चीज इस्तेमाल करेंगे, तो भारत का भाग्य बदल सकता है।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने एनसीसी टुकड़ियों के मार्च पास्ट की समीक्षा की और एनसीसी कैडेटों को सैन्य कार्रवाई, स्लिदरिंग, माइक्रोलाइट विमानों में उड़ान, पैरासेलिंग के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन करते देखा। सर्वश्रेष्ठ कैडेटों को प्रधानमंत्री ने मेडल और बैटन प्रदान किया। एनसीसी की यह रैली हर साल 28 जनवरी को आयोजित की जाती है।

## बजट सत्र: महंगाई और किसानों के मुद्दे उठाएगी कांग्रेस

### सोनिया गांधी के नेतृत्व में संसदीय रणनीति समूह की हुई डिजिटल बैठक में लिया निर्णय

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने संसद के बजट सत्र में कोरोना प्रभावित परिवारों के लिए राहत पैकेज, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों से जुड़े मुद्दे, सीमा पर चीन के साथ गतिरोध और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने का फैसला किया है।

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में आज पार्टी के संसदीय रणनीति समूह की हुई डिजिटल बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस समूह में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, वरिष्ठ नेता एके एंटनी, केसी वेणुगोपाल, आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, के सुरेश, जयराम रमेश, मणिकम टैगोर, मनीष तिवारी और रवनीत सिंह बिट्टू शामिल हैं।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने यह फैसला भी किया है कि आमजन से जुड़े मुद्दों पर समान विचारधारा वाले दलों के साथ समन्वय करते हुए सरकार को घेरा जाएगा। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, कोविड महामारी से प्रभावित परिवरों के लिए राहत पैकेज की मांग को कांग्रेस इस सत्र में पुरजोर तरीके से उठाएगी। कांग्रेस लंबे समय से यह मांग कर रही है कि कोरोना वायरस की वजह से जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। हम इसी मांग पर जोर देंगे।

उन्होंने कहा, सीमा पर चीन की बढ़ती आक्रामकता और उसके साथ चल रहे गतिरोध, महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की स्थिति, एयर इंडिया तथा दूसरी सरकार कंपनियों के निजीकरण तथा किसानों से जुड़े मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा जाएगा। संसद के बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ आरंभ होगा। एक फरवरी को बजट पेश होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी के पिंडरा से कांग्रेस प्रत्याशी घर में नजरबंद किया

**वाराणसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वाराणसी के पिंडरा विधानसभा से पार्टी के प्रत्याशी अजय राय को पुलिस ने घर में नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर लिया है। पुलिस अधिकारी इसके पीछे सुरक्षा कारण बता रहे हैं, वहीं अजय राय का कहना है कि भाजपा सरकार अपनी हार से घबरा कर उन्हें प्रताड़ित कर रही है। राय ने दावा किया कि भाजपा पार्टी पिंडरा विधानसभा में बुरी तरह हारने वाली है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जनता का उनके प्रति प्यार और रुझान को देखकर भाजपा सरकार घबरा गई है। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र में उनके कई कार्यक्रम तय हैं और पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया है। राय ने कहा कि प्रशासन को अब उनकी जान पर खतरा दिख रहा है लेकिन जब वह अपने बड़े भाई के हत्या के मुकदमे में गवाही देने जाते थे तब अदालत के आदेश के बावजूद उन्हें सुरक्षा नहीं दी जाती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने उनके असलहे के लाइसेंस को भी निरस्त कर दिया। सहायक पुलिस आयुक्त (चेतगंज) संतोष मीणा ने बताया कि पुलिस को ऐसी सूचना मिली है कि पूर्व विधायक को जान का खतरा है इसलिए उनको सुरक्षा घेरे में रखा गया है।

### भाजपा ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष उत्तराखंड को टिहरी से टिकट दी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय को टिहरी से अपना उम्मीदवार घोषित किया। उपाध्याय ने बृहस्पतिवार को भाजपा की सदस्यता ली थी। भाजपा ने डोइवाला से बृजभूषण गैरोला को टिकट दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पिछला चुनाव डोइवाला से ही जीता था। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा को पत्र लिखकर चुनाव ना लड़ने की इच्छा जताई थी। इस प्रकार भाजपा ने राज्य की सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं।उपाध्याय ने बृहस्पतिवार को देहरादून में केंद्रीय मंत्री व उत्तराखंड के चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी, रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। उपाध्याय पूर्व में दो बार टिहरी से विधायक रह चुके हैं। वह नारायण दत्त तिवारी के नेतृत्व में बनी प्रदेश की पहली निर्वाचित सरकार में उद्योग राज्य मंत्री थे। वह वर्ष 2014 से 2017 तक उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे। उपाध्याय पिछले काफी समय से वरिष्ठ नेता होने के बावजूद कांग्रेस में उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें अनुशासनहीनता के आरोप में कांग्रेस की सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया था। इस पहाड़ी राज्य की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक ही चरण में 14 फरवरी को मतदान होना है।

### उप्र:बसपा ने चौथे चरण के चुनाव के लिए 53 उम्मीदवार उतारे

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उत्तर प्रदेश में चौथे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 53 उम्मीदवारों की घोषणा की। चौथे चरण में नौ जिलों की 59 सीटों पर 23 फरवरी को मतदान होगा। शुक्रवार को बसपा प्रमुख मायावती ने चौथे चरण के 53 उम्मीदवारों की सूची ट्विटर पर साझा की। उन्होंने ट्वीट किया, उप्र विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार धर्म व जाति की राजनीति हावी है व मीडिया में भी ऐसी खबरें भरी पड़ी रहती हैं, उससे ऐसा लगता है कि यह सब सपा व भाजपा की अंदरूनी मिलीभगत के तहत ही हो रहा है और वे चुनाव को हिंदू-मुस्लिम व जातीय नफरती रंग देना चाहती हैं। जनता सतर्क रहे। बसपा की इस सूची में पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ रायबरेली, बांदा और फतेहपुर के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। बसपा ने अपनी सूची में दलितों, पिछड़ों और अगड़ों के साथ ही अल्पसंख्यकों का भी संतुलन बनाया है। जारी सूची के मुताबिक पीलीभीत के बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री अनीस खां उर्फ फूल बाबू को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि लखीमपुर खीरी जिले की निघासन सीट पर बसपा ने मनमोहन मौर्य को मौका दिया है। पिछले वर्ष तीन अक्टूबर को निघासन क्षेत्र में किसान आंदोलन के दौरान भड़की हिंसा में चार किसानों और एक पत्रकार समेत आठ लोग मारे गए थे। इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा और उसके सहयोगियों को आरोपी बनाया गया जो इस समय जेल में निरुद्ध हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने भी इस मामले में किसानों के पक्ष में बोलते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को कटघरे में खड़ा किया था। बसपा की सूची में लखनऊ जिले की सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। जिनमें चार उम्मीदवार मुस्लिम हैं। लखनऊ की मलिहाबाद सुरक्षित सीट से जगदीश रावत, बख्शी का तालाब से सलाउद्दीन सिद्दीकी, सरोजनीनगर से मोहम्मद जलीस खां, लखनऊ पश्चिम से मोहम्मद कायम रजा खान, लखनऊ उत्तरी से मोहम्मद सरवर मलिक, लखनऊ पूर्वी से आशीष कुमार सिन्हा, लखनऊ मध्य से आशीष चंद्र श्रीवास्तव, लखनऊ कैंट से अनिल पांडेय और मोहनलालगंज सुरक्षित से देवेंद्र कुमार सरोज को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली जिले में बसपा ने पांच विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इस जिले में छह विधानसभा क्षेत्र हैं।

## कानून-व्यवस्था और विकास के मुद्दे पर अखिलेश अपनी चुप्पी तोड़ें : भाटिया

### भाजपा प्रदेश मुख्यालय के सभागार में गौरव भाटिया ने चुनौती देते हुए कहा



एजेंसी। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि हम कानून-व्यवस्था और विकास के मुद्दे पर अखिलेश यादव जी को चुनौती देते हैं कि वह अपनी चुप्पी तोड़ें।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में गौरव भाटिया ने सपा प्रमुख यादव पर अपराधियों को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में टिकट देने का आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में अपराधियों को संरक्षण मिलता था। भाटिया ने दावा किया कि सपा सरकार में महिलाओं से दुराचार होने और पुलिस द्वारा आरोपी को पकड़ने पर मंत्री का फोन आ जाता था कि अमुक को छोड़ दिया जाए क्योंकि कोई अपराधी उसका करीबी होता था।

भाटिया ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा, आज वर्दी का रसूख देखिए, जिनको बाहुबली, माफिया कहते हैं वो जेल में हैं और उनकी संपत्ति जब्त हुई है लेकिन पहले वर्दी (पुलिस) से भैंस ढूंढने को कहा जाता था, इसमें वर्दी की गलती नहीं थी बल्कि ऊपर से फोन आता था। भाजपा प्रवक्ता ने 2012 के विधानसभा चुनाव का समाजवादी पार्टी का घोषणा पत्र दिखाया और आरोप लगाया कि जितने वादे किए थे उसमें एक भी पूरा नहीं किया। भाटिया ने न्यूनतम समर्थन मूल्य डेढ़ गुना किए जाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि सपा के वादे को भाजपा ने पूरा किया।

## आरआरबी-एनटीपीसी परीक्षा विरोध

# छात्र संगठनों के समर्थन में विपक्षी दलों ने किया प्रदर्शन

### भागलपुर में राजद, कांग्रेस, भाकपा एवं माकपा ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

### पटना विवि के समीप जन अधिकार पार्टी के वर्करों ने प्रदर्शन किया




एजेंसी। पटना

**आरआरबी**-एनटीपीसी परीक्षा प्रक्रिया विरोध में छात्र संगठनों द्वारा आहूत बिहार बंद के समर्थन में विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार प्रदर्शन किया और ट्रेनों को बाधित करने के साथ सड़क पर टायर जलाया। बिहार की राजधानी पटना में भिखना पहाड़ी मोड़ पर राजद कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारे लगाए।

पटना विश्वविद्यालय के समीप डाकबंगला चौराहे पर जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बंद के समर्थन में प्रदर्शन किया। जन अधिकार पार्टी (जाप) के संरक्षक राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर कहा था, फिर धोखा दिया सरकार, इसलिए कल हम करेंगे बिहार बंद, दरभंगा रेलवे स्टेशन पर अखिल भारतीय छात्र संघ (आइसा) और बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राजद के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन को रोक दिया। प्रदर्शकारी ट्रेन को रोककर पटरी पर ही सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे जिन्हें रेल पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

मुजफ्फरपुर में छात्र संगठनों के बिहार बंद के समर्थन में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 57 और 28 पर राजद जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में राजद विधायक इस्राइल मंसूरी और निर्जन राय ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया। बेगूसराय में राजद, आइसा, जाप समेत अन्य विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर धरना देने से यातायात बाधित रहा। जहानाबाद शहर अंबेडकर चौक के निकट जहानाबाद सदर के राजद विधायक सुदय यादव और मखदुमपुर में राजद विधायक सतीश दास के नेतृत्व में राजद समर्थकों ने सड़क पर टायर जलाकर सड़क जाम किया और सरकार विरोधी नारे लगाए।

मधेपुरा में बंद समर्थकों द्वारा कई स्थानों पर सड़क जाम किए जाने से आवागमन बाधित रहा। कटिहार जिला में बंद समर्थकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 31 को जाम किया। भागलपुर शहर में राजद, कांग्रेस, भाकपा एवं माकपा सहित अन्य विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। शिवहर जिला में राजद विधायक संजय कुमार गुप्ता सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और सीवर नगर के जीरो माइल चौक जाम कर आवागमन बाधित किया। बक्सर जिलें में राष्ट्रीय राजमार्ग 84 पर बेलाउर और दलसागर के बीच वामदलों के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के विरोध में आइसा समेत अन्य छात्र संगठनों के 28 जनवरी को बिहार बंद के आह्वान का महागठबंधन में शामिल सभी विपक्षी दलों ने समर्थन किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बृहस्पतिवार की देर शाम ट्वीट किया, बिहार-उत्तरप्रदेश व अन्य राज्यों में छात्रों का उत्तेजक होना आरआरबी-एनटीपीसी परीक्षा प्रक्रिया व परिणाम में गड़बड़ी के विरुद्ध प्रतिक्रिया है।

## न्यायालय का एससी/एसटी को प्रोन्नति में आरक्षण देने को मानदंड तय करने से इनकार

### न्यायमूर्ति राव, संजीव खन्ना और बीआर गवई की पीठ की सुनवाई

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को प्रोन्नति में आरक्षण देने के लिए कोई मानदंड तय करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि राज्य सरकारें एससी/एसटी के प्रतिनिधित्व में कमी के आंकड़े एकत्र करने के लिए बाध्य हैं। पीठ ने कहा, बहस के आधार पर हमने दलीलों को छह बिंदुओं में बांटा है। एक मानदंड का है। जरनैल सिंह और नागराज मामले के आलोक में हमने कहा है कि हम कोई मानदंड निर्धारित नहीं कर सकते।

पीठ ने कहा, परिमाणात्मक आंकड़ों को एकत्रित करने के लिहाज से हमने कहा है कि राज्य इन आंकड़ो को एकत्रित करने के लिए बाध्य हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि एससीएसटी के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व के संबंध में सूचनाओं को एकत्रित करने को पूरी सेवा या श्रेणी से जोड़कर नहीं देखा जा सकता बल्कि इसे उन पदों की श्रेणी या ग्रेड के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जिन पर प्रोन्नति मांगी गई है।

पीठ ने कहा, यदि एससीएसटी के प्रतिनिधित्व से संबंधित आंकड़े पूरी सेवा के संदर्भ में होते हैं तो पदोन्नति वाले पदों के संबंध में परिमाणात्मक आंकड़ों को एकत्रित करने की इकाई, जो कैडर होनी चाहिए, निरर्थक हो जाएगी। सही अनुपात में प्रतिनिधित्व के संदर्भ में शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने इस पहलू को नहीं देखा है और संबंधित कारकों को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति में एससीएसटी के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व का पता लगाने का काम राज्यों पर छोड़ दिया है। न्यायालय ने 26 अक्टूबर, 2021 को फैसला सुरक्षित रखा था।

इससे पहले, केंद्र ने पीठ से कहा था कि सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को पदोन्नति में आरक्षण लागू करने के लिए केंद्र सरकार तथा राज्यों के लिहाज से एक निश्चित और निर्धायक आधार तैयार किया जाए।

## अरुणाचल के किशोर के वापस आने से तसल्ली हुई: राहुल गांधी

### ट्वीट किया, मिराम तारोन चीन ने वापस लौटा दिया है, ये जानकर तसल्ली हुई

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश के किशोर मिराम तारोन को चीन द्वारा वापस सौंपना राहत की बात है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि वह भूमि वापस कब मिलेगी जिस पर चीन ने कब्जा किया है।

उन्होंने ट्वीट किया, मिराम तारोन चीन ने वापस लौटा दिया है ये जानकर तसल्ली हुई। भारत भूमि पर चीन ने कब्जा किया है वो कब वापस मिलेगी, प्रधानमंत्री जी? कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने बृहस्पतिवार को बताया कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने अरुणाचल प्रदेश के लापता किशोर को भारतीय थल सेना को सौंप दिया है।उन्होंने कहा कि किशोर को बृहस्पतिवार को अरुणाचल प्रदेश में वाचा-दमई इंटरेक्शन प्वाइंट पर सौंपा गया। अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले से 19 वर्षीय मिराम तारोन 18 जनवरी को लापता हो गया था। हाल ही में भाजपा सांसद तापिर गाओ ने दावा किया था कि चीन के सैनिकों ने तारोन का अपहरण कर लिया है। यह खबर आने के समय भी राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधा था और कहा कि सरकार को अपना फर्ज निभाते हुए इस किशोर को वापस लाना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ सरकार के अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्त, कार्रवाई के निर्देश

### अवैध रेत उत्खनन की शिकायत मिलने पर कलेक्टर और एसपी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे

एजेंसी। रायपुर

**छत्तीसगढ़** सरकार ने राज्य में रेत का अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है।

राज्य के जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अवैध रेत उत्खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को निर्देश दिया है कि किसी भी जिले में अवैध रेत उत्खनन नहीं होना चाहिए। किसी भी जिले से अवैध रेत उत्खनन की शिकायत मिलने पर कलेक्टर और एसपी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।बघेल ने कहा है कि अवैध उत्खनन पर कार्रवाई नहीं होने पर जिले के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अवैध उत्खनन रोकने कलेक्टर और एसपी को स्वयं निगरानी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बघेल ने राज्य में रेत माफियाओं द्वारा अवैध रूप से रेत के उत्खनन और परिवहन को लेकर प्रसारित खबरों को गंभीरता से लिया है।

उन्होंने इस सबंध में खनिज विभाग के आला अफसरों को रेत माफियाओं पर सख्ती से लगाम लगाने का निर्देश दिया है। बघेल ने कहा है कि जिलाधिकारी और एसपी अपने जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें और सख्ती से कार्रवाई कर रोक लगाएं। उन्होंने कहा है कि राज्य को अवैध रूप से रेत उत्खनन और परिवहन से राजस्व में नुकसान उठाना पड़ रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा है कि जहां रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायतें मिलती हैं, वहां खनिज विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमले से सतत रूप से नियमित रूप से निरीक्षण कराया जाए। उन्होंने कहा है कि इन कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्रकरण तैयार किए जाए। परिवहन के लिए प्रयुक्त वाहनों को जप्त करने की कार्वाई भी की जाए।

## उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष ने लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि दी

एजेंसी। नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के हवाले से ट्वीट किया, पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी की जयंती पर, हमारे स्वाधीनता आंदोलन के नायक की पुण्य स्मृति को सादर नमन।

नायडू ने कहा, लाला जी एक राष्ट्रवादी पत्रकार और स्वदेशी उद्यमी थे, युवा क्रांतिकारियों की एक पीढ़ी के लिए प्रेरणा के स्रोत रहे। मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर संसद के केंद्रीय कक्ष में शुक्रवार को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बिरला ने ट्वीट किया, सामाजिक और राजनीतिक चेतना के संवाहक, स्वराज के महान उपासक लाला लाजपत राय जी की जयंती पर संसद के केंद्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। लोकसभा सचिवालय के अनुसार, इस अवसर पर बिरला ने कहा, लाला लाजपत राय जी की जयंती पर नमन। भारत की आजादी के लिए उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुशील मोदी एवं कुछ अन्य सांसद भी उपस्थित थे। लाला लाजपत राय का जन्म आज ही के दिन 1865 में हुआ था।

## महाराष्ट्र के 12 भाजपा विधायकों को निलंबित करने का प्रस्ताव असंवैधानिक : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के 12 भाजपा विधायकों को जुलाई 2021 में हुए सत्र की शेष अवधि के बाद तक के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव असंवैधानिक और तर्कहीन है। शीर्ष अदालत ने पीठासीन अधिकारी के साथ कथित दुर्व्यवहार करने पर महाराष्ट्र विधानसभा से एक साल के लिए निलंबित किए गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 12 विधायकों की याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी।

न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा, हमें इन रिट याचिकाओं को स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं है और जुलाई 2021 में हुए संबंधित मानसून सत्र की शेष अवधि के बाद तक के लिए इन सदस्यों को निलंबित करने वाला प्रस्ताव कानून की नजर में असंवैधानिक, काफी हद तक अवैध और तर्कहीन है। पीठ ने कहा कि अत:, इस प्रस्ताव को कानून में निष्प्रभावी घोषित किया



जाता है, क्योंकि यह उस सत्र की अवधि के बाद तक के लिए था, जिसमें यह प्रस्ताव पारित हुआ था। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता जुलाई 2021 में शेष सत्र की अवधि समाप्त होने पर और उसके बाद विधानसभा के सदस्य होने के सभी लाभों को पाने के हकदार हैं।

निलंबित किए गए 12 सदस्य संजय कुटे, आशीष शेलार, अभिमन्यु पवार, गिरीश महाजन, अतुल भातखलकर, पराग अलवानी, हरीश पिंपले, योगेश सागर, जय कुमार रावत, नारायण कुचे, राम सतपुते और बंटी भांगड़िया हैं। इन विधायकों ने इस प्रस्ताव को अदालत ने चुनौती दी है।राज्य सरकार ने आरोप लगाया था कि विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में पांच जुलाई, 2021 को पीठासीन अधिकारी भास्कर जाधव के साथ इन 12 विधायकों ने कथित रूप से दुर्व्यवहार किया था। इन विधायकों को निलंबित करने का प्रस्ताव राज्य के संसदीय कार्य मंत्री अनिल परब ने पेश किया था और ध्वनि मत से इसे पारित कर दिया गया था।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के दौरान, शीर्ष अदालत ने कहा कि एक साल के लिए विधानसभा से निलंबन निष्कासन से बदतर है, क्योंकि इसके परिणाम भयानक हैं और इससे सदन में एक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार प्रभावित होता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि छह महीने के भीतर एक सीट भरना वैधानिक बाध्यता है। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 190 (4) का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि यदि सदन का कोई सदस्य बिना उसकी अनुमति के 60 दिनों की अवधि के लिए सभी बैठकों से अनुपस्थित रहता है, तो सदन उसकी सीट को खाली घोषित कर सकता है।

### भाजपा के 12 विधायकों के निलंबन पर न्यायालय का निर्णय सरकार के मुंह पर तमाचा: फड़णवीस

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फड़णवीस ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया जिसमें उसने भाजपा के 12 विधायकों के महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबन को असंवैधानिक और तर्कहीन करार दिया है। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष फड़णवीस ने कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार की असंवैधानिक, अनैतिक, अनुचित, अवैध और अलोकतांत्रिक कार्रवाई को लेकर उसके चेहरे पर एक और जोरदार तमांचा है। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा के 12 विधायकों को जुलाई 2021 के शेष सत्र की अवधि के बाद निलंबित करने का प्रस्ताव असंवैधानिक और तर्कहीन है। शीर्ष अदालत ने 12 विधायकों की याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया, जिन्होंने राज्य विधानसभा से एक साल के निलंबन को चुनौती दी थी।

विधायकों को अध्यक्ष के कक्ष में पीठासीन अधिकारी भास्कर जाधव के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में पिछले साल 5 जुलाई को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था।फड़णवीस ने शीर्ष अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया करते हुए ट्वीट किया,, सत्यमेव जयते। मॉनसून सत्र के दौरान महाराष्ट्र विधानसभा में ओबीसी के लिए लड़ने वाले हमारे 12 विधायकों के निलंबन को रद्द करने के उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हैं और अदालत का आभार व्यक्त करते हैं।

# डटे रहे 39 प्रत्याशी, किसी ने नहीं लिया नाम वापस

## दादरी में 14 प्रत्याशी, नोएडा में 13 और जेवर सीट से 12 उम्मीदवार मैदान में आजमा रहे किस्मत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




● गौतमबुद्ध नगर की तीनों सीटों पर 10 फरवरी को मतदान होगा

नोएडा विधानसभा क्षेत्र चुनाव के लिए जनपद की नोएडा, दादरी और जेवर सीट के लिए गुरुवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था।

किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया है। अब तीनों सीटों पर 39 उम्मीदवार मैदान में हैं। सबसे अधिक दादरी विधानसभा क्षेत्र में 14 प्रत्याशी, नोएडा में 13 और जेवर सीट से 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। अब गौतमबुद्ध नगर की तीनों सीटों पर 10 फरवरी को मतदान होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि जनपद में 39 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। सबसे अधिक दादरी विधानसभा क्षेत्र से 14 उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान में हैं। नोएडा से 13 और जेवर विस क्षेत्र से 12 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। चुनाव की सारी तैयारी पूरी हैं। चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सारी प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। गौतमबुद्ध नगर में पहले चरण में मतदान होना है।

नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो गई। 27 जनवरी को नाम वापसी का अंतिम दिन था। जनपद की नोएडा, दादरी और जेवर सीट से किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया है।

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए अधिकारियों की तैनाती की गई है। 125 सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरी चुनाव प्रक्रिया पर निगरानी रख रहे हैं।

**कांग्रेस प्रत्याशी सुशांत गोयल ने किया जनसंपर्क**

गाजियाबाद। शहर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुशांत गोयल का जनसंपर्क जारी है। सुशांत गोयल बुजुर्गों महिलाओं का आशीर्वाद लेकर चुनावी अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रतिमा का माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया।

**केके शुक्ला ने मांगे वोट**

गाजियाबाद। विधानसभा 56 गाजियाबाद से बसपा प्रत्याशी पंडित केके शुक्ला ने शुक्रवार को बहरामपुर में आयोजित पदयात्रा में शामिल हुए और अपने लिए वोट मांगे। उन्होंने दावा किया कि उन्हें जाति, धर्म के लोगों का समर्थन मिल रहा है। उनकी जीत निश्चित है और विकास कार्य करेंगे।

### गाजियाबाद शहर मेरा परिवारः अतुल गर्ग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद शहर सीट से भाजपा के प्रत्याशी अतुल गर्ग ने शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया। लाइनपार क्षेत्र में उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पांच साल के दौरान जितने विकास कार्य कराए गए हैं उतने पूर्व की सरकारों में नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि लाइनपार क्षेत्र में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए प्रताप विहार में 250 केवीए के विद्युत सबस्टेशन का कार्य पूर्ण कराया गया।

### रालोद-सपा प्रत्याशी को व्यापारियों का समर्थन

**गाजियाबाद।** मुरादनगर विधानसभा से रालोद-सपा गठबंधन के प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार मुन्नी को व्यापारियों ने समर्थन कर विधायक बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मंच का संचालन सपा व्यापार सभा के विधानसभा अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पंडित सुरेंद्र कुमार मुन्नी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, हिमांशु अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बाइक बोट घोटाले में कंपनी का असिस्टेंट डायरेक्टर गिरफ्तार

● सेना से रिटायर होने के बाद 300 लोगों को लगाया करोड़ों का चूना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



बाइक बोट घोटाले में मेरठ एसटीएफ ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। मेरठ एसटीएफने 50 हजार रुपए के इनामी लोकेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है।

लोकेंद्र सिंह को मथुरा स्थित गोवर्द्धन चौराहे से गिरफ्तार किया है। कुछ समय पहले ही लोकेंद्र सिंह के घर को ईओडब्ल्यू ने कुर्क किया था, जो बुलंदशहर में स्थित है। लोकेंद्र सिंह बाइक बोट कंपनी में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर कार्यरत था। लोकेंद्र सिंह पहले सेना में था, लेकिन रिटायर होने के बाद वो बाइक बोट में आ गया और लोगों के साथ ठगी करने लगा। लोकेंद्र सिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में 105 मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

लोकेंद्र सिंह बाइक बोट घोटाले में अभी तक सैकड़ों लोगों के साथ करोड़ों की ठगी कर चुका है। बाइक बोट मामले का खुलासा होने के बाद से ही लोकेंद्र सिंह फरार चल रहा था। जिसके बाद उस पर पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया था। एक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने गुरुवार को मथुरा से लोकेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है।

### यह थी बाइक बोट स्कीम

साल 2010 में संजय भाटी ने कंपनी की शुरुआत की थी और 2018 में यह बाइक बोट स्कीम लॉन्च की थी। स्कीम के तहत बाइक टैक्सी शुरू की गई। इसके तहत एक व्यक्ति से एक मुश्त 62.100 रुपए का निवेश कराया गया था। उसके एवज में एक साल तक प्रतिमाह 9.765 रुपये देने का वादा किया गया था। निवेश करने वालों का आरोप है कि उन्हें पैसे नहीं दिए गए। बाद में संचालक फरार हुआ तो लोगों ने मुकदमे दर्ज कराने शुरू किए थे। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी संजय भाटी और बीएन तिवारी समेत कुल 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जिसमें दो आरोपी मोंटी भसीन और दिनेश पांडेय को जमानत मिल चुकी है।

लोकेंद्र सिंह बुलंदशहर का रहने वाला है। जांच में पता चला है कि आरोपी लोकेंद्र सिंह ने सेना से रिटायर होने के बाद बुलंदशहर और हापुड़ की करीब 300 लोगों के साथ करोड़ों रुपए की ठगी की है।

# तीन करोड़ रुपये के विवाद में बेटे ने पिता को मौत के घाट उतारा, हुआ गिरफ्तार

● मां की शिकायत पर कातिल गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में 2 दिन पहले एक बेटे ने अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

यह मुकदमा आरोपी की मां ने ही दर्ज करवाया था। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी बेटे की तलाश की और जांच करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि 2 दिन पहले चिटहेरा से पल्ला रास्ते पर पल्ला गांव के रहने वाले 55 वर्षीय विपतराम अपनी स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे।

उसी दौरान एक व्यक्ति ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान मृतक की पत्नी ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि उनके बड़े बेटे लोकेश ने अपने पिता विपतराम की गोली मारकर हत्या की है। पुलिस ने मृतक विपतराम की पत्नी की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जांच के दौरान पुलिस ने वारदात के 2 दिनों बाद आरोपी बेटे लोकेश को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में यह बात सामने आई है कि विपतराम को 2013 में करीब 3 करोड़ से अधिक का मुआवजा मिला था और विपतराम के पास कुछ अन्य प्लॉट भी थे, जिसको लेकर उनका बेटा लोकेश अपने पिता से लड़ाई झगड़ा करता है। जांच में पता चला है कि पहले भी लोकेश अपने पिता विपतराम से विवाद कर चुका है। जिसको लेकर यह वारदात हुई है।

# ड्यूटी के दौरान महिला की मौत फैक्ट्री मालिक पर मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नोएडा** के सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में महिलाकर्मी की काम के दौरान संदिग्ध परस्थितियों में मौत हो गई।

महिला के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर फैक्ट्री के बाहर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत किया।

फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही से मौत का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में स्थित सुपरहाउस नामक कंपनी में कार्यरत मीरा देवी की काम के दौरान खून की उल्टी हुई।

गंभीर हालत में मीरा को उपचार के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि महिला के परिजन ने उसके शव को लेकर कंपनी पहुंचे और वहां पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें समझा-बुझाकर घर भेजा।

उनकी शिकायत पर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छह बिल्डरों पर लगा एक करोड़ का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● पैसा लेकर अभी तक नहीं दिया फ्लैट

फ्लैट खरीदारों को परेशान करने पर यूपी रेरा ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 6 बिल्डरों पर एक करोड़ से भी अधिक का जुर्माना लगाया है। यूपी रेरा का आदेश है कि इन 6 बिल्डर को एक महीने के अंदर अपना जुर्माना जमा करना होगा।

ऐसा नहीं करने पर इन बिल्डरों के खिलाफ आरसी जारी करके वसूली की जाएगी। यूपी रेरा की तरफ से आदेश दिया गया है कि आगामी 15 दिनों के भीतर आदेश का पालन करना होगा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हजारों खरीदार परेशान हैं। हजारों खरीदा अभी तक अपना आशियाना नहीं बसा पाए हैं। बिल्डर ने फ्लैट खरीदारों से पैसे तो ले लिए, लेकिन उनको अपना घर नहीं दिया है। ऐसे में फ्लैट खरीदा यूपी रेरा के चक्कर काट रहे हैं।

6 बिल्डरों पर यूपी रेरा ने एक करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि जमा न करने पर इन बिल्डरों के खिलाफ आरसी जारी की जाएगी, जिसके आधार पर वसूली होगी। यूपी रेरा ने 82वीं बैठक में 6 बिल्डरों के खिलाफ 1.08 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई। यूपी रेरा के सचिव राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि 15 दिन के अंदर बिल्डरों को आदेशों का पालन करना होगा और उसकी रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही जुर्माने की धनराशि एक माह के अंदर जमा करानी होगा।

1. अल्फा कॉर्प 8.75 लाख रुपए
2. अंसल अर्बन 3.09 लाख रुपए
3. सुपरटेक लिमिटेड 6.37 लाख
4. गार्डेनिया इंडिया 35.41 लाख
5. रियलकॉन 27.08 लाख रुपए
6. आरसिटी 19.33 लाख रुपए

अगर जुर्माना जमा नहीं कराया तो फिर बिल्डरों के खिलाफ रिकवरी सर्टिफिकेट यानी कि आरसी जारी किया जाएगा। संबंधित जिला प्रशासन उस पर वसूली करेगा।

# उप्रः पिता की हत्या के आरोप में बेटा गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**उत्तर** प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के दादरी थाने की पुलिस ने पिता की हत्या के आरोप में शुक्रवार को बेटे को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि संपत्ति के लिए हत्या की गई।

पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त देसी तमंचा तथा एक सेंट्रो कार बरामद की है। थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक संजीव बिश्नोई ने बताया कि बीपत राम भाटी (55), 26 जनवरी को ग्राम पल्ला से चिटैहरा नहर होते हुए जा रहे थे जब गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। इस घटना के संबंध में मृतक की पत्नी ने अपने बेटे लोकेश पर हत्या का आरोप लगाते हुए हत्या का मामला दर्ज करवाया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी लोकेश को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि संपत्ति बंटवारे को लेकर उसका अपने पिता से विवाद चल रहा था इसलिए उसने अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी।

### दिल्ली के बुराड़ी में अपहरण, हत्या के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में फिरौती के लिए 18 वर्षीय युवक का अपहरण करने और उसकी हत्या करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बुराड़ी निवासी आरोपी गोपाल (19) और सुशील (19) हिंदी फिल्म अपहरण से प्रेरित थे। पुलिस ने कहा कि आरोपी पीड़ित को अपने साथ जन्मदिन की पार्टी में ले गए और पीड़ित का अपहरण कर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने की साजिश रची। पुलिस को रविवार को रात करीब साढ़े 11 बजे सूचना मिली कि 11वीं कक्षा का छात्र रोहन बुराड़ी से लापता हो गया है।

# गर्मियों में नहीं होगी बिजली की किल्लत

● 22 करोड़ रुपए से हो कार्य जल्द होंगे पूरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गर्मियों में बिजली की समस्या जल्द ही समाप्त होने वाली है। बिजली की आपूर्ति की समस्या को सुधारने के लिए 22 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा कार्य जल्द समाप्त हो जाएगा।

कार्य अपने अंतिम दौर में चल रहा है। लगभग सभी कार्य को पूरा कर लिया गया है। बाकी के बचे हुए कार्य को 4 दिन के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। कार्य की खामियों को देखने के लिए फरवरी के पहले सप्ताह में बिजली लाइनों की समीक्षा की जाएगी। यदि दोबारा कोई कमी पाई गई तो उसको ठीक कराया जाएगा। इसी महीने जनवरी में कार्य पूरा हो जाएगा। पिछले साल सितंबर 2021 में विघुत निगम के अधिकारियों ने गर्मी के महीने में निर्बध बिजली आपूर्ति के लिए 10 ठेकेदारों को टेंडर जारी किए थे।

यह टेंडर 22 करोड रुपए के थे। ठेकेदारों द्वारा इस कार्यो को दिसंबर 2021 में पूरा किया जाना था, लेकिन कोरोना और अन्य कारणों के वजह से कार्य तय समय पर पूरा नहीं हो सका। जिसके बाद कार्य की समय सीमा बढ़ाकर 31 जनवरी 2022 कर दी गई। कार्य के पूरा हो जाने के बाद बिजली की आपूर्ति की समस्याएं समाप्त हो जाएगी।

इससे लोगों को भी गर्मियों में काफी राहत मिलेगी। गर्मियों के समय बिजली सप्लाई में काफी दिक्कतें आती हैं। ऐसे में यह कार्य लोगों के लिए काफी लाभदायक होगा। कार्य के पूरा होने के बाद बिजली लाइनों की समीक्षा की जाएगी। यदि कोई कमी पाई जाती है, तो उसको ठीक कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



मादक पदार्थ के साथ तस्कर पुलिस गिरफ्त में ।

### बिसरख पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को पकड़ा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश की थाना बिसरख पुलिस ने बृहस्पतिवार रात गश्त के दौरान तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चार किलोग्राम गांजा तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार रात गश्त पर निकली थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर तीन शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान अंकुर शर्मा, रवि उर्फ अमित और अमन के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि उनके पास से पुलिस ने चार किलोग्राम गांजा और घटना में प्रयुक्त होने वाली एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

### एबीवीपी ने चलाया ऋतुमत्ति अभियान

**नोएडा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नोएडा में ऋतुमत्ति अभियान की शुरुआत की। सह.छात्रा प्रमुख भावना राठौड़ और अन्य छात्राओं ने झुग्गी और बस्तियों में सेनेटरी नैपकिन बांटे। इस पहल को शहर के लोगों से काफी सराहना मिल रही है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों और बस्तियों में माहवारी के समय महिलाएं सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल नहीं करती है, वो अब भी समय के साथ अपडेट नहीं हो पाईं हैं। कुछ को सेनेटरी नैपकिन के बारे में पता है तो उनके पास इन्हें खरीदने के पैसे नहीं होते है।

### साइबर ठग ने ढाई लाख से अधिक का चूना लगाया

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के सेक्टर 47 में रहने वाले एक व्यक्ति से साइबर ठगी के जरिए 2,66,000 रुपए की उगाही का मामला सामने आया है। थाना सेक्टर 49 के प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 47 में रहने वाले श्याम प्रकाश मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक व्यक्ति ने खुद को सेना का अधिकारी बताकर मिश्रा का मकान किराए पर लेने के लिए उनसे बात की। सिंह ने कहा कि व्यक्ति ने एडवांस में किराया देने के लिए कहा तथा एक लिंक भेजा। शिकायत में कहा गया कि जैसे ही मिश्रा ने लिंक खोला उनके खाते से 2,66,000 रुपए निकल गए। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस इसकी जांच कर रही है। एक अन्य घटना में, थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव की निवासी वर्षा ने शिकायत दर्ज कराई कि एक व्यक्ति ने खुद को मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का एजेंट बताकर उनसे संपर्क किया और पॉलिसी मैच्योर होने की बात कही।

### भाजपा नेता जगदीश साधना मिले कोविड पॉजिटिव

**गाजियाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं संरक्षक मंडल के सदस्य जगदीश साधना अब कोविड-19 के संक्रमण से ग्रसित हो गए हैं, उनके फेफड़ों में निमोनिया की शिकायत बढ़ी हुई पाई गई है। उन्हें यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी गाजियाबाद के कोविड-19 सघन चिकित्सा कक्ष में भर्ती किया गया है जहां अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा उनका गहन निगरानी में इलाज चल रहा है। जगदीश साधना उत्तर प्रदेश के पंजाबी समाज के भी बड़े नेता हैं, ऐसे में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है ।

### अजीत त्यागी का गांव कैथवाड़ी में स्वागत

**गाजियाबाद।** मुरादनगर देहात मंडल के गांव शहजाद पुर, का कड़ा, बंदी पुर ,फिरोजपुर, कैथवाड़ी में विधायक अजीत पाल त्यागी ने डोर टू डोर चुनावी प्रचार किया। विधायक के साथ ब्लाक प्रमुख राजीव त्यागी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश चंद्र त्यागी, किसान नेता राहुल चौधरी आदि भाजपा कार्यकर्ता रहे। गांव के कैथवाडी में विधायक अजीत पाल त्यागी का फूल मालाओं व ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया ।ग्राम प्रधान विपिन कुमार ने विधायक जी व प्रमुख साहब को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# मर्सिडीज गाड़ी में मिला ढाई लाख कैश, अभी तक एक करोड़ से ज्यादा की नगदी बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा और ग्रेटर नोएडा में चेकिंग के दौरान अभी तक कई गाड़ियों में एक करोड़ से भी ज्यादा का कैश बरामद हुआ चुका है। बीती देर रात को भी ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र में जांच के दौरान एक मर्सिडीज गाड़ी में ढाई लाख रुपए बरामद हुआ है। जब पुलिस ने गाड़ी चालक से ढाई लाख रुपए के बारे में पूछताछ की तो गाड़ी चालक कुछ भी नहीं बता पाया, जिसके बाद पुलिस ने ढाई लाख रुपए के कैश को सीज कर दिया है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिशनेरेट के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि बीती देर रात को बिसरख थाना पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस टीम और एसटीसी टीम ने तिगरी बोर्डर पर नीले रंग की मर्सिडीज़ गाड़ी में ढाई लाख रुपए बरामद हुआ है। गाड़ी में सवार अमनदीप सिंह से ढाई लाख रुपए के बारे में पूछताछ की तो गाड़ी चालक कुछ भी नहीं बता पायाए जिसके बाद पुलिस ने ढाई लाख रुपए के कैश को सीज कर दिया है। पुलिस अब गाड़ी मालिक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। आपको बता दें कि इससे पहले भी नोएडा पुलिस को वाहनों की जांच के दौरान एक फॉर्च्यूनर गाड़ी में 99 लाख 30 हजार 500 रुपए का कैश बरामद हुआ था। इस गाड़ी को अखिलेश नामक एक व्यक्ति चला रहा था और उसके साथ अरुण नामक एक व्यक्ति था,

### दिल्ली में पानी टैंकर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के सरोजनी नगर में शुक्रवार को पानी के टैंकर की कथित टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि सरोजनी नगर थाने को सुबह करीब सवा छह बजे इस घटना के बारे में सूचना मिली। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार मृतक की पहचान पिलांजी गांव के निवासी जय प्रकाश भारती के रूप में हुई है जो वसंत विहार में एक निजी सुरक्षा एजेंसी में गार्ड की नौकरी करता था। अधिकारी के मुताबिक सरोजनी नगर बाजार के समीप पानी के एक टैंकर ने भारती को कथित रूप से टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर भाग गया।

# रेस्टोरेंट में घुसकर कुक के साथ मारपीट, खाना खाने को लेकर हुआ विवाद, वीडियो वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**सोशल** मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही है। जिसमें साफतौर पर देखा जा सकता है कि कुछ लोग एक रेस्टोरेंट में दुकान मालिक और कुक के साथ मारपीट कर रहे हैं। रेस्टोरेंट में खाना खाने आए लोगों ने दुकान मालिक और कुक पर हमला कर दिया।

इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।दनकौर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह वीडियो दनकौर थाना क्षेत्र में स्थित एक दुकान की है। वीडियो में रेस्टोरेंट में खाना खाने आए लोग दुकान मालिक और कुक से मारपीट कर रहे हैं।

इस दौरान का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में ले लिया है। जांच में पता चला है कि खाना खाने को लेकर यह विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# बांग्लादेशियों के फर्जी आधारकार्ड बनाने वाले आठ गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



कोतवाली पुलिस व साइबर सेल ने शुक्रवार को एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो फर्जी रूप से लोगों के आधार कार्ड व पैन कार्ड बना रहा था। खास बात यह है कि गिरोह आसाम से संचालित किया जा रहा था और अब तक 30,000 से ज्यादा फर्जी आधार कार्ड तैयार करा कर लोगों को बांट चुका है। इतना ही नहीं यह गिरोह नेपाली व बांग्लादेशी लोगों को टारगेट बनाकर काम करता था और मोटी रकम लेकर उन्हें फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड उपलब्ध कराता था । पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें 2 महिलाएं शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक नगर निपुण अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में गुलधर निवासी अंकित गुप्ता, पिलखुआ निवासी विशाल रघुवंशी, नंद ग्राम निवासी मोनू गुप्ता, बापूधाम निवासी सचिन, पिलखुआ निवासी निवासी विशाल, दिल्ली गेट निवासी लक्ष्य शर्मा, राजपुर निवासी पूजा रावत तथा सुजीता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को एक शिकायत मिली थी कि अंबेडकर रोड पर कालका गढ़ी चौक के पास फर्जी आधार कार्ड बनाने का गिरोह संचालित किया जा रहा है। पुलिस ने वहां तत्काल छापा मारा और दो महिलाओं समेत आठ लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। सभी को थाने लाकर पूछताछ की गई तो इन लोगों ने बताया कि यह लोग यहां पर फ्रंटेक सलूशन नाम से फर्म चला रहे हैं। यह लोग असम की सूजा कंपनी के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड में पैन कार्ड बना रहे थे। यह लोग असम व बांग्लादेश के लोगों को टारगेट करते थे। जिनके पास एड्रेस वगैरा नहीं होते थे। यह लोग फर्जी तरीके से एड्रेस पर मोहर लगाकर आधार कार्ड तैयार कर देते थे। अभी तक यह लोग 30,000 से ज्यादा आधार कार्ड तैयार कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस गिरोह के तार कहां कहां से जुड़े हैं इसकी तहकीकात की जा रही है। इनके कब्जे से 137 आधार कार्ड, 30 लेपटाप, प्रधानाचार्यों, पार्षदों व प्रधानों की नकली मोहरें बरामद हुई हैं।

### दिल्ली में कोविड-19 के 4044 नए मामले, 25 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 4044 नए मामले आए तथा 25 और लोगों की मौत हो गई। वहीं, संक्रमण दर घटकर 8.60 प्रतिशत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में नए मामलों के साथ संक्रमितों की कुल संख्या 17,64,41 जबकि मृतक संख्या 25,769 हो गई है। एक दिन पहले कुल 47,042 नमूनों की जांच की गई। दिल्ली में बृहस्पतिवार को संक्रमण के 4291 नए मामले आए थे और 34 लोगों की मौत हुई थी।

# कर्म और भाग्य
## की गतिशीलता

**हिंगोरी का कहना है कि जब हम अपनी तृष्णाओं और आसक्तियों के साथ संसार का निर्माण करते हैं, तो ये स्पष्ट रूप से हमारे जरिए हमारी नियति लिख रहे हैं**



कर्म और नियति- ये शब्द काफी परिचित हैं और हमारी रोजमर्रा की बातचीत का हिस्सा हैं। हालांकि, जब हम इनके सही अर्थ में गहराई से उतरते हैं, तो हमें पता चलता है कि जो सरल लगता है वो वैसा होता नहीं है यदि हम उसे द्वैत के लेंस से देखते हैं।

तो, कर्म और भाग्य क्या हैं? यह बहुत गलत नहीं होगा, अगर हम कहें कि स्मृति और गुप्त प्रवृत्ति (मन की कंडीशनिंग) 'भाग्य' है और स्मृति और गुप्त प्रवृत्तियों के इस संयोजन द्वारा बनाई गई परिस्थितियों के परिणामस्वरूप 'कथित क्रिया' कर्म है।

आइए देखें कि यह स्मृति क्या है, और क्रिया को 'कथित' के रूप में क्यों वर्णित किया गया है। जब कर्म कथित अवचेतन में जमा हो जाते हैं, तो प्रवृत्ति और स्मृति एक ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए एक साथ आती हैं जहां कार्रवाई को अंजाम देने की आवश्यकता होती है। संचित कर्म फल की प्रतीक्षा में नियति है और फल स्वयं कर्म है। जब हम इसे द्वैत के चश्मे से देखते हैं, तो हम यह सब मन के भीतर अनुभव करते हैं।

हमारे शास्त्र कहते हैं, जो कुछ भी बनाया गया है वह अनंत चेतना या सर्वोच्च चेतना से है। जैसे जब हम सपने देखते हैं तो हम रूप, अनुभव, परिणाम और भावनाएं बनाते हैं, लेकिन जब हम सपने से जागते हैं, तो हमें पता चलता है कि यह सब असत्य था। जो लोग प्रबुद्ध या जागृत अवस्था में हैं, वे स्वयं को इस सर्वोच्च चेतना से अलग नहीं देखते हैं, और कार्य, और जो कुछ भी मौजूद है, वे सपने का एक हिस्सा हैं और इसलिए, असत्य है कि हम वास्तविक के रूप में देखते हैं, केवल अपनी अनुभूति में।

जैसे-जैसे हम अपनी तृष्णाओं और आसक्तियों के साथ संसार का निर्माण करते हैं, वैसे-वैसे ये हमारे द्वारा हमारे भाग्य को लिख रहे हैं। हालांकि, वास्तव में लिखे जाने के बजाय, इसकी कल्पना की जा रही है। चूंकि अतीत, भूत वर्तमान और भविष्य भी, मन के उपाय हैं और इसे सादगी के नाम पर, रैखिक प्रगति के विपरीत एक स्तरित किस्म के ढेर के रूप में देखा जा सकता है, फल बाद की तारीख की प्रतीक्षा नहीं कर रहा है, लेकिन यह भी उसी पल में घटित हो रहा है। यह काफी हद तक घर पर फिल्म देखने जैसा है, व्यक्ति में फिल्म में आगे बढ़ने, रिवाइंड करने, छोड़ने और कल्पना करने की क्षमता होती है कि फिल्म में क्या होने वाला है। अब कल्पना करें कि फिल्म के निर्देशक ने इसकी अपने दिमाग में सोच रखा है - सभी भागों, वार्डरोब, सेट, दृश्य संकेत और प्रत्येक दृश्य को एक दूसरे से स्वतंत्र रूप से शूट किया जा रहा है ताकि बाद में उन्हें फिट होने पर एक साथ घुमाया जा सके। जैसा कि आप देखना शुरू करते हैं कि यह कैसे चलता है, वैसे ही कर्म और भाग्य के संदर्भ में अपने जीवन को भी करें।

जब हम अपने आप को अनंत चेतना से अलग के रूप में पहचानते हैं, तो हम मन और अहंकार के परिणामस्वरूप द्वैत पैदा करते हैं, हालांकि वास्तव में शाश्वत सत्य केवल एक है - सरलतम ढंग से कहा गया है कि हम सर्वोच्च चेतना के विचार या कल्पना की रचना हैं। इसलिए, जो कुछ भी मौजूद है, सभी प्राणी, उनके मन, उनके फल, परम चेतना में मौजूद हैं।

ऋषि भृगु और नास्त्रेदमस जैसे कुछ लोगों ने इस फिल्म को भाग्य कहा है क्योंकि वे अनंत चेतना देखते हैं, और सभी यादें, प्रवृत्तियां, चरित्र और क्रियाएं अंतत: इस चेतना का एक हिस्सा हैं। इसे सरल शब्दों में समझाने के लिए - यदि हम अपने द्वारा देखे गए सपने के प्रत्येक विवरण को जगा सकते हैं, उसका विवरण दे सकते हैं और उसका दस्तावेजीकरण कर सकते हैं, तो हम एक कथित भविष्यवाणी लिखने में सक्षम होंगे, क्योंकि प्रत्येक सपने में प्राणी, वातावरण, तत्व क्रियाएं और परिणाम होते हैं। एक सपने की तरह, एक प्रबुद्ध अवस्था में हम समय से आगे निकल जाते हैं क्योंकि हम एक ही समय में सब कुछ देखने में सक्षम होते हैं। किसी भी स्थिति में, जहां से हम इसे देख रहे हैं, समय युगों का माप है न कि वर्षों का।


> जब हम अपने आप को अनंत चेतना से अलग के रूप में पहचानते हैं, तो हम मन और अहंकार के परिणामस्वरूप द्वैत पैदा करते हैं, हालांकि वास्तव में शाश्वत सत्य केवल एक है - सरलतम ढंग से कहा गया है कि हम सर्वोच्च चेतना के विचार या कल्पना की रचना हैं। इसलिए, जो कुछ भी मौजूद है, सभी प्राणी, उनके मन, उनके फल, परम चेतना में मौजूद हैं।

तो, स्वतंत्र इच्छा के बारे में क्या कहेंगे? क्या यह भी एक भ्रम है? जब किसी ऐसी चीज की कल्पना की जा रही है जो अपने आप में असत्य है, तो स्वतंत्र इच्छा कैसे हो सकती है? क्रिया भी हमारे मन में मौजूद है और हमारी स्मृति और प्रवृत्तियों द्वारा निर्धारित की गई है - यह भी एक सपने की तरह बनाई जा रही है जहां हम मौजूदा के साथ व्यवहार करते हुए नई चीजों की कल्पना कर रहे हैं। हमारी व्यक्तिगत चेतना उन स्मृतियों को प्राप्त करने वाली होती है जो लंबित फलित होती हैं, और फिर हम इनका एक हिस्सा जीते हैं, और फिर फलने-फूलने के लिए कुछ और यादें निर्मित करते हैं। यही कारण है कि ऐसा कहा जाता है कि जब तक हम अपने सबकों को सीख नहीं लेते हैं, तब तक परिदृश्य दोहराते हैं। कार्रवाई इस तरह से होती है जिसे हम गलत समझते हैं, हम इससे अलग स्क्रिप्ट बनाते हैं, दूसरी बार फलने के लिए। हालांकि, जब हमारी अंतर्निहित यादें यह मानती हैं कि क्रिया फलीभूत हो गई है, तो स्मृति को त्याग दिया जाता है क्योंकि यह आगे कोई क्रिया नहीं करती है और हमें संसार से मुक्ति के मार्ग पर ले जाती है। यह सब भी असत्य है, बहुत कुछ अनुकरण की तरह या मैट्रिक्स या इंसेप्शन जैसी फिल्मों की तरह। हालांकि, फिल्मों के विपरीत आपको सच्चाई का अनुमान लगाने के लिए 'सॉफ्टवेयर कोड' या 'स्पिनिंग टॉप्स' की आवश्यकता नहीं होती है।

एक बार जब आप इसे महसूस कर लेते हैं, तो आप फिल्म को अभिनेता के बजाय निर्देशक के रूप में देखते हैं और भूमिका में इतनी गहराई से डूब जाते हैं कि वह 'वास्तविक'और 'रील' के बीच का अंतर नहीं देख पाता है।क्या नियति बदली जा सकती है? केवल एक सिद्ध गुरु ही भाग्य बदल सकता है। प्रबुद्ध होने के कारण, वह वास्तविकता के वास्तविक स्वरूप को जानता है क्योंकि वह वास्तविकता के साथ 'एकाकार' है। उसके लिए वास्तविक और असत्य के बीच अंतर करना आसान है। वह एक साधारण विचार से असत्य को बदल सकता है। एक सिद्ध गुरु वो मार्गदर्शक होता है जो आपको आत्म-मंथन की यात्रा में ले जा सकता है और मन की लालसा से उत्पन्न होने वाली आंतरिक उथल-पुथल को दूर करने में आपकी सहायता कर सकता है।

हालांकि उपरोक्त व्याख्याएं शायद आध्यात्मिक यात्रा में 'स्कूल स्तर' पर हैं, पर आपको अपनी 'आध्यात्मिक पीएचडी' में तेजी लाने के लिए एक सिद्ध गुरु की आवश्यकता होगी। यह अनुभवों के जरिए अनुभव और अहसास की यात्रा है। और जैसा कि आप इससे होकर गुजरते हैं, आपको पता चल जाएगा कि दुनिया में ऐसी कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है जिससे हम परिचित हैं ताकि आपको वहां पहुंचने में मदद मिल सके। इसलिए धैर्य रखें और अपने अनुभवों से अवगत रहें।

**- लेखक आध्यात्मिक पुस्तकों की हिंगोरी सूत्र श्रृंखला के लेखक हैं**




# सदी की बीमारी


प्रमोद पाठक

अगर हम किसी से पूछें कि वर्तमान सदी की बीमारी क्या है तो हमें इसका उत्तर कोविड-19 ही मिल सकता है। कितनी विडंबना और दुख की बात है कि पिछली सदी की बीमारी भी कुछ इसी तरह की थी, हालांकि इसे एक अलग नाम से पुकारा जाता था - स्पेनिश फ्लू। दो निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। पहला, यह साबित करने के लिए कि प्रकृति की शक्ति और साजिशों के मेल होने की बात आती है, हमने यह साबित करने के लिए शायद ही कुछ महत्वपूर्ण हासिल किया है। सच है, हमने मानव को कम असुरक्षित बनाने के लिए तथाकथित अनुसंधान व प्रौद्योगिकी पर अरबों खर्च किए हैं। लेकिन इस महामारी के खिलाफ लड़ाई में न तो शोध और न ही तकनीक हमारे बचाव में आई। हां, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी ने कुछ को अमीर और कई को गरीब बना दिया है। दूसरा निष्कर्ष जो हम निकाल सकते हैं, वो यह है कि जब मनुष्य बनाम प्रकृति की बात आती है तो हमारी स्थिति अब से सौ साल तक बेहतर नहीं होगी। लेकिन इस वास्तविकता के बावजूद, आइए सदी की बीमारी के बारे में प्रारंभिक प्रश्न पर वापस आते हैं। लेकिन क्या वाकई कोविड-19 सदी की बीमारी है? बिल्कुल नहीं। और कारणों की तलाश बहुत लंबी नहीं है। बेशक, हाल ही में कोरोना वायरस महामारी दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोगों की जान लेने के लिए जिम्मेदार थी। लेकिन कई अन्य बीमारियां भी हैं। फिर और भी कई कारण हैं कि लोग क्यों मरते हैं। दुर्घटनाएं, आत्महत्याएं और क्या क्या नहीं। इसके अलावा, कई मामलों में मौतों को एक ही कारण के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है क्योंकि इस तथ्य के कारण कि कई कारणों से इंकार नहीं किया जा सकता है।

इसके अलावा, सांख्यिकीय डेटा शायद ही विश्वसनीय है, उनकी रिकॉर्डिंग, सटीकता और निश्चित रूप से, गणनाकर्ताओं की क्षमता और वांछनीयता में समस्याओं को देखते हुए। इन्हीं कारणों से कई लोग कहते हैं कि कोविड-19 के कारण होने वाली मौतों की सही सूचना नहीं दी गई। न केवल भारत में, यहां तक कि अमेरिका जैसे अधिक उन्नत देशों में, मृत्यु आमतौर पर अवक्षेपण के कारण दर्ज की जाती है। संयोग से, इसका भी बहुत सटीक निदान नहीं किया गया है। इस प्रकार, कई मामलों में मृत्यु का सही कारण बताना मुश्किल होता है। इन दिनों, भ्रम को और अधिक उलझाने के लिए एक नए शब्द - सह-रुग्णता ने लोकप्रिय प्रवचन में अपना रास्ता खोज लिया है। इसलिए यह सुनिश्चित करना मुश्किल है कि कोरोना ने सह-रुग्ण स्थितियों को बढ़ा दिया या सह-रुग्ण स्थितियों ने कोरोना को खराब कर दिया। हालांकि, मौतों की रिपोर्ट करने में, रोगजनक के इर्दगिर्द अत्यधिक शोर को देखते हुए, कोरोना अधिक बार जगह पाता है, जो उपलब्धता पूर्वाग्रह की ओर ले जाता है। यह एक मनोवैज्ञानिक परिघटना है, एक मानसिक शॉर्टकट है जिसका लोग विषय संबंधित अत्यधिक जानकारी के कारण मूल्यांकन करते समय सहारा लेते हैं। इन दिनों हमने पाया कि सब कुछ कोरोना के इर्द-गिर्द घूमता है जिससे मौजूदा पूर्वाग्रह की संभावना बढ़ जाती है। और अन्य हित भी मौजूद थे। वास्तव में, उन अन्य हितों ने संकट को तेज करने में प्रमुख भूमिका निभाई। उन हितों का अनुमान लगाने के लिए कोई चिन्ह नहीं है। हम उस बात पर थोड़ी देर बाद आ सकते हैं, लेकिन देखें कि इन हितों के कारण क्या हुआ। सैकड़ों तथाकथित वैज्ञानिक शोध पत्र दुनिया भर में प्रतिदिन प्रकाशित और प्रसारित किए जा रहे हैं, और वो भी बिना किसी ठोस सबूत या निष्कर्ष के। ऐसा लग रहा था कि भ्रम कुछ इच्छुक तिमाहियों के लक्ष्य की मदद कर रहा है। हम अजीब दौर में हैं जिसे गलत ढंग से ज्ञान युग कहा जाता है। यह विशुद्ध रूप से व्यापारिक युग है। सब कुछ व्यापार है, व्यापार ही सब कुछ है। स्वास्थ्य व्यवसाय है। शिक्षा व्यवसाय है। धर्म व्यापार है। रिश्ते भी व्यापार है। यह वाणिज्य युग है। स्वभावत: इस युग में लोभ सबसे बड़ा रोग है।

**-लेखक प्रबंधन-प्रोफेसर, लेखक और एक प्रशंसित सार्वजनिक वक्ता हैं।**



# रंगों पर करें ध्यान

**आरती जवेरिक कहती हैं कि रंग ध्यान के लिए आवश्यक है कि आप एक आदर्श संतुलन बनाए रखने के लिए चक्रों और उनके रंगों पर ध्यान दें**

रंग हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न और अनिवार्य हिस्सा हैं। हमारे जीवन में उनकी भूमिका कभी नाटकीय और कभी सूक्ष्म होती है। उनका उपयोग व्यक्त करने, प्रभावित करने और बहुत कुछ करने के लिए किया जा सकता है। दुनिया भर में कई प्राचीन संस्कृतियां हैं जो रंगों की उपचार शक्तियों में विश्वास करती हैं। क्रोमो थेरेपी जिसे लाइट थेरेपी के रूप में भी जाना जाता है, एक लोकप्रिय समग्र उपचार और ध्यान उपचार है। मनोवैज्ञानिकों व चिकित्सा शोधकर्ताओं ने कई वर्षों से मानस पर रंगों के प्रभाव पर अनेक अध्ययन किए हैं। विज्ञापन उत्पादों व स्थानों के बारे में कुछ भावनाएं उत्पन्न करने के लिए रंग के सचेत उपयोग को शामिल किया जाता है। उसी कारण से, हम मानते हैं कि आपका दैनिक ध्यान के दौरान रंगों पर ध्यान केंद्रित करना आपके दैनिक ध्यान पर महत्वपूर्ण प्रभाव साबित होगा।

इससे पहले कि हम इस पर ध्यान दें, आइए रंगों और चक्रों के बीच के संबंध को समझते हैं। पहिया के लिए संस्कृत शब्द, 'चक्र'आपकी रीढ़ के साथ एक सीधी रेखा में स्थित होने के लिए जाना जाता है। शरीर के सात चक्र आपके सिर के ऊपर से आपकी रीढ़ के आधार तक, केंद्र से नीचे की ओर चलते हैं। प्रत्येक चक्र एक व्यक्तिगत ऊर्जा केंद्र है और इसका एक अनूठा रंग है जो इसका प्रतिनिधित्व करता है। रंग ध्यान के लिए आवश्यक है कि आप अपने शरीर और मन के बीच एक आदर्श संतुलन बनाए रखने के लिए अपने प्रत्येक चक्र और उनके संबंधित रंगों पर ध्यान केंद्रित करें। यह संतुलन इस प्रकार उपचार और मन की शांति को बढ़ावा देगा। चक्र पृथ्वी के तत्वों से संबंधित हो सकते हैं - वायु, अग्नि, जल, आकाश, आध्यात्मिक जागरण और ज्ञानोदय। सात चक्र और उनसे जुड़े रंग हैं :

**लाल :** यह रंग आपकी रीढ़ की जड़ में स्थित चक्र का प्रतिनिधित्व करता है। यह आपकी जीवन शक्ति के रूप में जाना जाता है और स्थिरता का प्रतिनिधित्व करता है। लाल रंग पर ध्यान केंद्रित करने से आपको निराशा और क्रोध की भावनाओं को साधने में मदद मिलेगी। लाल वो रंग है जो आपके शरीर और दिमाग को उत्तेजित करता है जिससे आपकी उत्तेजना बढ़ती है।

**नारंगी :** यह नौसैनिक क्षेत्र में स्थित चक्र का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे त्रिक चक्र के रूप में भी जाना जाता है। नारंगी रंग पर ध्यान केंद्रित करने से आपको कामुकता, रिश्तों, शारीरिक दबाव, भावनात्मक आत्म अभिव्यक्ति और रचनात्मकता के मसलों को कम करने में मदद मिलेगी। संतरा आपके तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करने और उत्तेजना को सक्रिय करने के लिए जाना जाता है।

**पीला:** आपकी छाती के ठीक नीचे, आपका सौर जाल चक्र स्थित है। पीला आपके सौर जाल चक्र पर केंद्रित है और आपके आशावाद, खुशी और विचार प्रक्रियाओं पर प्रभाव डालता है। पीला वो रंग है जो आपकी शारीरिक जीवन शक्ति, मानसिक जागरुकता और विश्लेषणात्मक रूप से सोचने और संसाधित करने की क्षमता को प्रभावित करता है।

**हरा:** हृदय चक्र आपकी छाती के केंद्र में स्थित होता है। हरा रंग आपके हृदय चक्र पर ध्यान केंद्रित करता है और शांति, प्रेम और पोषण की भावनाओं को पैदा करता है। यह शारीरिक उपचार शुरू करता है। यही कारण है कि ज्यादातर अस्पताल हरे रंग में रंगे हुए हैं।

**नीला :** आपके स्वरयंत्र के आधार पर स्थित है कंठ चक्र और नीला उस पर केंद्रित है। ध्यान करते समय, अपने कंठ चक्र पर ध्यान केंद्रित करने से आपको अपने आत्मविश्वास और आत्म अभिव्यक्ति में मदद मिलेगी। शारीरिक रूप से नीला आपके थायरॉयड ग्रंथि और लसीका तंत्र को नियंत्रित करता है।

**इंडिगो :** यह तीसरे नेत्र चक्र का प्रतिनिधित्व करता है, यानी आपके माथे के बीच में स्थित है। ध्यान करते समय रंग पर ध्यान केंद्रित करने से आपके अंतर्ज्ञान और मन की शांति में मदद मिलेगी।

**बैंगनी :** आपकी खोपड़ी के शीर्ष पर स्थित मुकुट चक्र को बैंगनी रंग द्वारा दर्शाया जाता है। रंग पर ध्यान करने से आपको सार्वभौमिक चेतना के साथ तालमेल बिठाने में मदद मिलेगी और आप स्वयं को अधिक जागरूक और स्वयं के साथ शांति बना पाएंगे।

**- लेखक एक दृश्य कलाकार हैं**

# क्या आप सुरक्षित हैं?

**अजीत कुमार बिश्नोई का कहना है कि भगवान की शरण लेना कठिन है, क्योंकि अहंकार को छोड़ना पड़ता है, जो हममें गहरे धंसा होता है**

मेरा ईमानदार जवाब है, नहीं, मैं कभी कभार स्वीकार नहीं करता हूं। जैसा कि मैं एक विचारशील व्यक्ति हूं, मैं हमेशा सुरक्षित महसूस करने के तरीकों की तलाश में रहता हूं। बहुत सारे तरीके नहीं हैं, सिर्फ एक है। मुझे भगवान, काल की शरण लेनी है। जैसा कि आपने अनुमान लगाया होगा, मैंने हर तरह से कोशिश की है, लेकिन, और कुछ भी मुझे सुरक्षित महसूस नहीं करा सका। ईश्वर की शरण लेना कठिन है, बहुत कठिन है, क्योंकि हमें अहंकार का त्याग करना पड़ता है - जो कि हमारा एक आंतरिक हिस्सा है। यह सृष्टिगत विधान है।



वही सृष्टिगत विधान, जो हमें बताता है कि हम दो दुनियाओं में रहते हैं। हां, सिर्फ एक दुनिया नहीं, बल्कि दो हैं। एक है भौतिक संसार, जिसके बारे में हम सभी जानते हैं, और दूसरा है आध्यात्मिक संसार। इस दुनिया में भगवान है और जिन्होंने अपनी पहचान को आत्मा के रूप में महसूस किया है, यानी 'अहं ब्रह्म अस्मि'। ये दोनों दुनियाएं 'कमफल' सिद्धांत द्वारा शासित हैं, जिसका संक्षेप में अर्थ है कि हम जो बोते हैं वही काटते हैं। हमारे सभी कार्य, चाहे हमारे मन, शब्द या हमारे शरीर के बाकी हिस्सों से किए गए हों, फल अच्छे और बुरे दोनों तरह के होते हैं, जो इस पर निर्भर करता है कि वे अच्छे कार्य थे या बुरे कार्य।

सौभाग्य से, आध्यात्मिक दुनिया में केवल अच्छे कार्य होते हैं, अर्थात आध्यात्मिक कार्य, एक बच्चे की मूक प्रार्थना से शुरू होते हैं, जो अपने माता-पिता की भलाई के लिए करता है। इस तरह के प्रत्येक कार्य को भविष्य में पुरस्कार के लिए विधिवत दर्ज किया जाता है। भगवद गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं, ''न तो यहां प्रयास की बर्बादी है और न ही विपरीत प्रभाव है। इस गतिविधि का एक छोटा सा हिस्सा भी बड़े भय से बचाता है।'' (2.40) यह जीवन भर चलता रहता है। सभी कार्य जुड़ते हैं और दर्ज होते रहते हैं। प्रश्न यह है : क्या हमने पर्याप्त आध्यात्मिक कार्य किए हैं, विशेषकर जब तक हम वृद्धावस्था तक पहुंचते हैं, जब हमें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है? क्योंकि जाने-अनजाने हम अतीत में भी बुरे भौतिक कार्यों को जमा करते रहे हैं, जिनमें पूर्व जन्म भी शामिल हैं, जो उनके नियत समय पर फलित होते हैं। वर्ना हम यहां क्यों हैं?

अगर हम आध्यात्मिक कार्य भी करते रहे हैं, तो भगवान उसमें शामिल हो जाते हैं, वे प्रसन्न होते हैं। वह संबंधित व्यक्ति/भक्त के सामने प्रकट होता है। वह उस भाग्यशाली आत्मा के जीवन की जिम्मेदारी लेना शुरू कर देता है। मार्गदर्शन और मदद का आना शुरू हो जाता है। ईश्वर सर्वज्ञ होने के कारण ऐसा करने की उत्तम स्थिति में है। यह कुछ लोगों को आश्चर्यजनक लग सकता है, कि भगवान हर चीज के बारे में भौतिक व आध्यात्मिक मार्गदर्शन करते हैं।

यहां तक कि वह लोगों के दिलों को हमारे पक्ष में बदलने में भी मदद करता है, अगर भगवान ऐसा ठान लेते हैं।

ईश्वर हमें इस भौतिक संसार के अपरिहार्य दुखों को सहन करने की शक्ति भी देते हैं। हमारी वर्तमान गतिविधियां, यानी 'क्रियामन' अत्यधिक उत्पादक और कुशल हो जाती हैं। हमारा अहंकार सिकुड़ने लगता है। व्यक्ति भौतिक और आध्यात्मिक दोनों रूप से अधिक से अधिक कर्तव्यपरायण होता जाता है।गव्यक्तिगत रूप से, मुझे बहुत खुशी होती है जब भगवान मुझे किसी दंड से मुक्त करते हैं, जो कि पहले किए गए बुरे कार्यों हेतु मेरे लिए सुनिश्चित थे, भगवान कर्मफल् सिद्धांत का उल्लंघन किए बिना ऐसा करने का प्रबंधन करते हैं। वह पहले किए गए बुरे कार्य को ध्यान में रखता है, जो सजा का कारण है। वह इस बात पर भी विचार करता है कि कौन से आध्यात्मिक कार्य संचित हुए हैं, जिनका उपयोग दुख को कम करने के लिए किया जा सकता है। भगवान को यह सुनिश्चित करना है कि उनके भक्त कभी नष्ट न हों, जैसा कि गीता के श्लोक 9.31 में उनके द्वारा वचन दिया गया है। इसका मतलब है कि परिणामी पीड़ा सहनीय होनी चाहिए।भगवान हम भक्तों के लिए क्या करते हैं, यह समझने के बाद, मैं बेहद चकित हूं। मैं न केवल अब पहले से कहीं अधिक सुरक्षित महसूस करता हूं, बल्कि मैं अपने मन और इंद्रियों को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने में सक्षम हूं।

**- बिश्नोई एक आध्यात्मिक लेखक हैं**

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 29 जनवरी, 2022



# रणजी ट्रॉफी की उपेक्षा करने पर रीढ़हीन हो जाएगा भारतीय क्रिकेट

एजेंसी। नई दिल्ली

**पूर्व** मुख्य कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को कहा कि रणजी ट्रॉफी की उपेक्षा करने पर भारतीय क्रिकेट रीढ़हीन हो जाएगा। शास्त्री ने यह बयान रणजी ट्रॉफी अगले महीने से दो चरण में कराने की बीसीसीआई की घोषणा से कुछ समय पहले ही दिया।

रणजी ट्रॉफी 13 जनवरी से खेली जानी थी, लेकिन कोरोना महामारी की तीसरी लहर के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। शास्त्री ने ट्वीट किया, रणजी ट्रॉफी भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। इसकी उपेक्षा करने पर आप रीढ़हीन हो जाएंगे। शास्त्री के ट्वीट के एक घंटे बाद ही बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान में टूर्नामेंट के दो चरण में



आयोजन की पुष्टि की। शाह ने एक बयान में कहा, बोर्ड ने रणजी ट्रॉफी का आयोजन दो चरण में करने का फैसला किया है। पहले चरण में लीग स्तर के मैच होंगे और नॉकआउट जून में खेले जाएंगे।

बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने बृहस्पतिवार को बोर्ड की बैठक के बाद कहा था कि बोर्ड दो चरण में रणजी ट्रॉफी का आयोजन कर सकता है। इसकी वजह यह है कि 27 मार्च से आईपीएल शुरू हो रहा है और ऐसे में एक बार में रणजी ट्रॉफी करा पाना संभव नहीं है। बैठक में बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह भी मौजूद थे। बोर्ड की योजना रणजी ट्रॉफी का पहला सत्र फरवरी से मार्च और दूसरा सत्र जून जुलाई में कराने की है। महामारी के कारण पिछले सत्र में बीसीसीआई पुरुषों के सिर्फ दो सीमित ओवरों के टूर्नामेंट (विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी) करा पाया था।

बीसीसीआई ने पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी नहीं होने पर सभी प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों को मैच फीस का 50 फीसदी भुगतान किया था।

## दो चरण में खेली जाएगी रणजी ट्रॉफी : बीसीसीआई



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि स्थगित की गई रणजी ट्रॉफी अगले महीने से दो चरण में खेली जाएगी। पिछले साल कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट का आयोजन नहीं किया गया था।

समझा जाता है कि 38 टीमों का यह टूर्नामेंट फरवरी के दूसरे सप्ताह में शुरू होगा और पहला चरण एक महीने तक चलेगा। पहले इसका आयोजन 13 जनवरी से होना था लेकिन कोरोना महामारी की तीसरी लहर के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। शाह ने एक बयान में कहा, बोर्ड ने रणजी ट्रॉफी का आयोजन दो चरण में करने का फैसला किया है। पहले चरण में लीग स्तर के मैच होंगे और नॉकआउट जून में खेले जाएंगे। उन्होंने कहा, मेरी टीम महामारी के कारण स्वास्थ्य को लेकर किसी तरह के जोखिम से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रही है। शाह ने कहा कि बीसीसीआई रणजी ट्रॉफी के महत्व को समझती है। उन्होंने कहा, रणजी ट्रॉफी हमारी सबसे प्रतिष्ठित घरेलू प्रतिस्पर्धा है जिससे हर साल भारतीय क्रिकेट को कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी मिलते हैं। यह जरूरी है कि इस प्रमुख टूर्नामेंट के हितों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी उपाय किए जाएं।

## मुल्तान ने कराची को हराकर पीएसएल की धमाकेदार शुरुआत की

**कराची।** गत चैम्पियन मुल्तान सुल्तांस ने पाकिस्तान सुपर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में कराची किंग्स को सात विकेट से हरा दिया।

लीग की शुरुआत पर हालांकि कोरोना का साया पड़ गया है चूंकि कई खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य पॉजिटिव होने से पृथकवास में हैं। मोहम्मद रिजवान के 47 गेंद में नाबाद 52 रन की मदद से मुल्तान ने दस गेंद बाकी रहते तीन विकेट पर 126 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के लेग स्पिनर इमरान ताहिर ने 16 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिसकी वजह से कराची पांच विकेट पर 124 रन ही बना सकी। पेशावर जाल्मी के वहाब रियाज और कामरान अकमल जबकि कराची के इमाद वसीम पृथकवास में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चोटिल मोर्गन टी20 श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर

**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 क्रिकेट श्रृंखला के आखिरी दो मैच नहीं खेल सकेंगे। मोर्गन तीसरा टी20 भी नहीं खेल सके थे जिसमें वेस्टइंडीज ने 20 रन से जीत दर्ज करके श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला के आखिरी दो मैच नहीं खेल सकेंगे। पहले दो मैचों में मोर्गनने 17 और 13 रन बनाए थे। चौथा मैच रविवार को और पांचवां सोमवार को खेला जाएगा।

### म्लादेनोविच, डोडिच ने आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता

**मेलबर्न।** फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच और क्रोएशिया के इवान डोडिच ने आस्ट्रेलिया के जैमी फोरलिस और जासन कुबलेर को 6-3, 6-4 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल खिताब जीत लिया। म्लादेनोविच ने 2014 में डेनियल नेस्टर के साथ यह खिताब जीता था। इसके अलावा 2018 और 2020 में यहां महिला युगल खिताब भी अपने नाम किया। डोडिच ने इससे पहले दो पुरुष युगल और तीन मिश्रित युगल खिताब जीते हैं।

### राष्ट्रीय घुड़सवारी चैम्पियनशिप शनिवार से मुंबई में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय घुड़सवारी चैम्पियनशिप (शो जम्पिंग) मुंबई में महालक्ष्मी रेस कोर्स में एमेच्योर राइडर्स क्लब में शनिवार से शुरू होगी। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। ईएफआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 14 वर्ष और इससे अधिक उम्र वाले एथलीट सात दिवसीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने योग्य होंगे। बेंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता और मेजबान मुंबई के एथलीट इस सालाना होने वाली प्रतियोगिता में पांच वर्गों में हिस्सा लेंगे।

### लाहिड़ी ने कट में प्रवेश किया

**सान डिएगो।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने दो अंडर 70 का स्कोर करके फार्मर्स इंश्योरेंस ओपन गोल्फ के कट में प्रवेश कर लिया। लाहिड़ी ने एक ही बर्डी लगाया लेकिन कोई बोगी नहीं किया। अब वह तीन अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 62वें स्थान पर हैं। दुनिया के नंबर एक गोल्फर जोन रेम और पूर्व नंबर एक जस्टिन थॉमस शीर्ष पर हैं। कोरिया के सि वू किम एशियाई खिलाड़ियों में शीर्ष पर हैं जो संयुक्त छठे स्थान पर हैं।

### रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में

**मस्कट।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी को लगता है कि रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और उन्होंने टीम के साथी खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ निकालने की काबिलियत के मामले में भारत के इस सीनियर बल्लेबाज को महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के बराबर ही रखा। पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीतने वाली टीम के कप्तान रोहित अब फिट हो चुके हैं और छह फरवरी से अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही आगामी तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में भारत की सीमित ओवरों की टीम की जिम्मेदारी उठाएंगे। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने विराट कोहली को वनडे कप्तानी से हटा दिया था जिसके बाद रोहित को कप्तान बनाया गया। सैमी ने यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट के मौके पर पीटीआई से कहा, कोहली मैदान पर अपने प्रदर्शन में शानदार रहा है। मुझे नहीं लगता कि इससे टीम प्रभावित होगी। उन्होंने कहा, रोहित मुंबई इंडियंस के साथ शानदार कप्तान रहा है, जो काफी प्रेरणादाई कप्तान है। मैंने आईपीएल में उसे मुंबई की कप्तानी करते हुए देखा है। वह जीत दर्ज करने वाले कप्तानों जैसे एमएस धोनी, (गौतम) गंभीर... के साथ शामिल है। अड़तीस साल के इस खिलाड़ी ने कहा, ए सभी खिलाड़ी अपनी टीम के साथियों से अच्छा प्रदर्शन करा सकते हैं। ए कप्तान नतीजे के साथ ट्राफियां भी जीतते हैं। मैं भारतीय क्रिकेट के बारे में चिंतित नहीं हूं। यह सुरक्षित हाथों में है।

आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहुंचे नडाल

# रिकॉर्ड 21वें ग्रैंडस्लैम से एक जीत दूर

एक और मैच जीतकर वह फेडरर और जोकोविच को पीछे छोड़ देंगे

एजेंसी। मेलबर्न

**रफेल** नडाल अब रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच को पछाड़कर पुरुष टेनिस में रिकॉर्ड 21वें एकल ग्रैंडस्लैम खिताब से महज एक जीत दूर हैं।

स्पेन के 35 वर्ष के इस धुरंधर ने इटली के मात्तेओ बेरेत्तिनी को 6-3, 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर छठी बार आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया। साल के इस पहले ग्रैंडस्लैम से पूर्व कोरोना संक्रमण और चोटों से जूझते आए नडाल को खुद पता नहीं था कि उनका सफर कितना लंबा होगा। उन्होंने तैयारी के लिए हुआ एक टूर्नामेंट जीता और यहां लगातार छह मैच जीत चुके हैं। एक और मैच जीतकर वह फेडरर और जोकोविच को पीछे छोड़ देंगे। इसके साथ ही सभी चार ग्रैंडस्लैम कम से कम दो बार जीतने वाले दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे।

भारी बारिश के कारण रॉड लावेर एरेना की छत बंद कर दी गई जिससे भीतर काफी उमस हो गई थी। ऐसे में गेंद भारी और सपाट हो गई थी। पहले दो सेट में सभी लंबी रेलियां छठी वरीयता प्राप्त स्पेनिश धुरंधर नडाल के पक्ष में गई। तीसरे सेट में बेरेत्तिनी ने वापसी की और आठवें गेम में तीन ब्रेक प्वाइंट बनाकर दूसरे को भुनाया और 5-3 की बढ़त बना ली। उन्होंने अगले गेम में सर्विस बरकरार रखते हुए लगातार चार अंकों के साथ मैच को चौथे सेट में खींचा।

चौथे सेट के आठवें गेम में नडाल ने उनकी सर्विस फिर तोड़ी और मैच अपने नाम कर लिया। फेडरर चोट के कारण नहीं खेल रहे हैं जबकि नौ बार के चैम्पियन जोकोविच को आस्ट्रेलिया के कड़े टीकाकरण नियमों का पालन नहीं करने के कारण टूर्नामेंट से एक दिन पहले निर्वासित कर दिया गया।



### मेरा फोकस सिर्फ आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब पर

**अब** उनका सामना अमेरिकी ओपन चैम्पियन दानिल मेदवेदेव और स्टेफानोस सिटसिपास के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। नडाल ने कहा, मेरा फोकस सिर्फ आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब पर है। मैं यहां थोड़ा बदकिस्मत रहा और चोटों के कारण कई बार नहीं जीत सका। एक बार यहां जीता है और कभी सोचा नहीं था कि 2022 में फिर जीत के करीब पहुंच सकूंगा। अब तक सिर्फ एक बार 2009 में आस्ट्रेलियाई ओपन जीत सके नडाल ने पहले दोनों सेटों में दबदबा बनाए रखा और इतालवी प्रतिद्वंद्वी को कोर्ट के चारों ओर घुमाया। दूसरे सेट में उन्होंने 4-0 की बढ़त बना ली और सातवीं वरीयता प्राप्त बेरेत्तिनी 11 प्रयासों में सिर्फ एक बार अपनी दूसरी सर्विस पर अंक बना सके।

## अदिति छह अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर

**बोका रियो (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक गेनब्रिज एलपीजीए टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए छह अंडर 66 के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। शीर्ष पर काबिज लीडिया को से वह तीन शॉट ही पीछे है।

इस कोर्स पर पिछली बार कट में प्रवेश से चूकी अदिति ने पहले ही दिन शानदार फॉर्म दिखाया। उन्होंने सिर्फ एक बार 18वें होल पर बोगी किया। भारत की निष्ठा मदान पांच ओवर 77 के स्कोर के साथ काफी नीचे हैं। आमंत्रण पर खेल रही निष्ठा एलपीजीए में पदार्पण कर रही है। उन्होंने दो बर्डी लगाए लेकिन पांच बोगी और दो डबल बोगी किए।

## इराक को हराकर ईरान विश्व कप में जगह बनाई

**तेहरान।** मेहदी तारेमी के गोल की मदद से ईरान ने इराक को एशिया क्षेत्र ग्रुप ए के मैच में 1-0 से हराकर लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबाल में जगह बना ली।

एफसी पोर्तो के स्ट्राइकर तारेमी ने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। उन्होंने मिडफील्डर अली रजा जहांबख्श के पास पर गोल किया। ईरान ने छठी बार विश्व कप में जगह पक्की की है। कोरोना संक्रमण के बढते मामलों के बावजूद सरकार ने एक लाख की क्षमता वाले स्टेडियम में 10000 दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी थी जिनमें दो हजार से अधिक महिलाएं थीं। फीफा लंबे समय से ईरान से यह आश्वासन मांगता आया है कि महिलाओं को 2022 विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफायर देखने की अनुमति मिलेगी।

## आईसीसी महिला विश्व कप के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी। दुबई

**आईसीसी** महिला वनडे विश्व कप की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आंद्रिया नेल्सन ने शुक्रवार को कहा कि मेजबान देश न्यूजीलैंड में हाल में कोविड-19 के वैरिएंट ओमिक्रॉन के फैलने के बावजूद टूर्नामेंट के कार्यक्रम या स्थलों की संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा।

महिला विश्व कप का आयोजन चार मार्च से न्यूजीलैंड में कराया जाना है जिसमें टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में मेजबान का सामना वेस्टइंडीज से होगा। न्यूजीलैंड में हालांकि हाल में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी आई है जिससे कई पाबंदियां भी लगाई गई हैं। नेल्सन ने कहा, हम यहां पिछले कुछ समय से 2022 में विश्व कप की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं जिसे पहले 2021 में कराया जाना था। हम निर्धारित समय के अनुसार ही चल रहे हैं और तौरंगा में शुरुआती मैच से 35 दिन और क्राइस्टचर्च में हेगले ओवल में फाइनल से 66 दिन दूर हैं। उन्होंने शुक्रवार की सुबह



चुनिंदा पत्रकारों के ग्रुप से कहा, पहली बात तो टूर्नामेंट का कार्यक्रम वही है और जिसमें न्यूजीलैंड में कई स्थल पर मैच खेले जाने हैं।

उन्होंने कहा, हम जैव सुरक्षित माहौल के बारे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ काम कर रहे हैं। लेकिन टूर्नामेंट योजनानुसार पूरे देश में ही आयोजित किया जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को कोविड-19 संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए कुछ पुरुष और महिला टूर्नामेंट में कुछ बदलाव की घोषणा की थी ताकि टीमों को ज्यादा यात्रा नहीं करनी पड़ें। पर महिला विश्व कप के लिए कोई बदलाव नहीं किया जाएगा जिसके मैच छह स्थल तौरंगा, डुनेडिन, हैमिल्टन, वेलिंगटन, ऑकलैंड और क्राइस्टचर्च में ही खेले जाएंगे।

विश्व कप क्वालीफायर

## इक्वाडोर ने ब्राजील से ड्रॉ खेल, अर्जेंटीना ने चिली को हराया

**साओ पाउलो।** इक्वाडोर ने पांच बार के चैम्पियन ब्राजील को 1-1 से ड्रॉ पर रोककर कतर में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाने की ओर अगला कदम रख दिया।

इक्वाडोर अगर अगले सप्ताह पेरू को हरा देता है तो विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लेगा। वहीं एक अन्य मैच में चिली को अर्जेंटीना ने 2-1 से हराया। अब चिली को बोलिविया और ब्राजील के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना होगा चूंकि आखिरी मैच सैंटियागो में चिर प्रतिद्वंद्वी उरूग्वे से है। उरूग्वे ने पराग्वे को 1-0 से हराया और यह विजई गोल लुई सुआरेज ने दागा। नए कोच डिएगो अलोंसो के साथ टीम की यह पहली जीत है। ब्राजील (36 अंक) और अर्जेंटीना (32 अंक) पहले ही विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

# अफगानिस्तान ने श्रीलंका को हराया सेमीफाइनल में सामना इंग्लैंड से

एजेंसी। कूलिज (एंटीगा)

**अफगानिस्तान** ने श्रीलंका को चार रन से हराकर अंडर 19 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा।

टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई अफगानिस्तान टीम 134 रन पर आउट हो गई। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने हालांकि शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत की इबारत लिखी और श्रीलंका को 46 ओवर में 130 रन पर आउट कर दिया।

श्रीलंका के कप्तान दुनिथ वेल्लालागे ने 61 गेंद में 34 रन बनाए और लग रहा था कि वे टीम को जीत तक ले जाएंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अब सेमीफाइनल में एक फरवरी को



अफगानिस्तान का सामना इंग्लैंड से होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाजों नांगेयालिया खरोटे और बिलाल सैयदी ने अच्छी शुरूआत की लेकिन ट्राविन मैथ्यू ने सैयदी को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ओवर में खरोटे भी अपना विकेट गंवा बैठे। अब्दुल हादी ने 37 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने की कोशिश की।

श्रीलंका के विंजुआ रंपुल ने सिर्फ दस रन देकर पांच विकेट लिए। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज सादिशा राजपक्षे आउट हो गए। उसके बाद शेवोन डेनियल को भी दो के स्कोर पर बिलाल सामी ने बोल्ड कर दिया। शीर्ष और मध्यक्रम की नाकामी के बाद कप्तान वेल्लालागे और रविन डिसिल्वा ने आठवें विकेट के लिए अच्छी साझेदारी की और स्कोर 43 रन से 112 रन तक ले गए। ऐसे में खरोटे ने वेल्लालागे का अहम विकेट लिया जबकि नावेद ने डिसिल्वा को आउट किया। श्रीलंका के चार बल्लेबाज रन आउट हुए जिसका उसे खामियाजा भुगतना पड़ा।

अंडर-19 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में एशियाई प्रतिद्वंद्वी

# भारत और बांग्लादेश आमने-सामने

एजेंसी। ओसबोर्न (एंटीगा)

**कोविड-19** संक्रमण से प्रभावित भारतीय टीम अपने महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की वापसी से मजबूत होगी और रिकॉर्ड चार बार की चैम्पियन टीम का इरादा शनिवार को अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के तीसरे क्वार्टरफाइनल में गत चैम्पियन बांग्लादेश के खिलाफ जीत से अगले दौर में पहुंचने का होगा।

भारतीय टीम के आधा दर्जन खिलाड़ी कोरोना वायरस की चपेट में आ गए थे जिसमें से ज्यादातर संक्रमण से उबर चुके हैं और इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए तैयार हैं। कप्तान यश धुल सहित छह खिलाड़ी भारत के आयरलैंड के खिलाफ दूसरे मुकाबले से पहले पृथकवास में चले



गए थे जिससे चार बार की चैम्पियन टीम को बड़ा झटका लगा था। इनमें से पांच आरटी पीसीआर जांच में पॉजिटिव पाए गए थे और युगांडा के खिलाफ अंतिम लीग मैच नहीं खेल पाए थे।

हालांकि टीम में गहराई की बदौलत भारत इन मैचों में आसानी से जीतकर ग्रुप की शीर्ष टीम के तौर पर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गया। निशांत सिंधू ने धुल की अनुपस्थिति में टीम की शानदार अगुवाई की क्योंकि आयरलैंड के खिलाफ मैच में वह 11 फिट खिलाड़ियों को मैदान में उतारने के लिए भी जूझ रही थी। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के एक अधिकारी ने कहा, ज्यादातर खिलाड़ी उबर गए हैं और कल के मैच में खेलने के लिए फिट होंगे। कप्तान धुल, उप कप्तान शेख रशीद, सिद्धार्थ यादव, अराध्य यादव और मानव पारिख आयरलैंड के मैच से पहले आरटी पीसीआर जांच में पॉजिटिव आए थे।

**टीमें इस प्रकार हैं :**

**भारत :** यश धुल (कप्तान), हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेख रशीद, निशांत सिंधू, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, मानव पारिख, कौशल ताम्बे, राजवर्धन हंगारगेकर, विक्की ओस्तवाल, गर्व सांगवान, दिनेश बाना, अराध्य यादव, राज बावा, वासु वत्स और रवि कुमार।

**बांग्लादेश :** रकीबुल हसन (कप्तान), अब्दुल्लाह अल मामुन, अरीफुल इस्लाम, मोहम्मद फहीम, महफिजुल इस्लाम, रिपोन मोंडोल, नईमुर रहमान, तंजिम हसन साकिब, प्रांतिक नवरोज नाबिल, ऐच मोलाह, अहिकुर जमन, इफ्ताखेर हुसैन इफ्ती, एसएम मेहरोब, मुसफिक हसन, तहजीबुल इस्लाम।

**मैच भारतीय समयानुसार छह बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

